गुरुवार, 19 दिसम्बर 2024

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 16 |
| आर्द्रता | 48% |
| सूर्योदय: 6:12 | सूर्यास्त: 16:57 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा
कोलकाता, पौष कृष्णपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय कैरियर से विदा लेकर क्रिकेट जगत को चौंका दिया -पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : जिन्दगी में दिल जीतिये, दुनिया जीतकर सिकन्दर भी खाली हाथ गया।

# आंबेडकर से संबंधित टिप्पणी को लेकर विपक्ष ने गृह मंत्री का इस्तीफा मांगा



**नयी दिल्ली :** विपक्ष ने बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर से संबंधित गृह मंत्री अमित शाह की एक टिप्पणी को लेकर बुधवार को सरकार एवं भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला और कहा कि संविधान निर्माता का अपमान करने के लिए शाह को इस्तीफा देना चाहिए। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, राजद, वाम दलों और शिवसेना (उबाठा) सहित लगभग सभी विपक्षी दलों ने इस मुद्दे को संसद के दोनों सदनों में जोरदार ढंग से उठाया जिसके कारण कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शाह का जोरदार बचाव किया तो शाह ने भी विपक्ष खासकर कांग्रेस पर जवाबी हमला बोला। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने राज्यसभा में शाह के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव लाने के लिए एक नोटिस भी दिया। विपक्षी दलों ने इस विषय को लेकर दिल्ली और कई अन्य राज्यों में विरोध प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय के निकट प्रदर्शन किया तथा 'अमित शाह माफी मांगो, अमित शाह शर्म करो' के नारे लगाए। कांग्रेस ने कहा कि यदि शाह इस्तीफा नहीं देते हैं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनका बचाव करने के बजाय आज रात 12 बजे तक उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर देना चाहिए। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री को बाबासाहेब के प्रति थोड़ी भी श्रद्धा है तो उन्हें यह कदम उठाना चाहिए। उनका यह भी कहना था कि शाह को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि देश संविधान निर्माता का अपमान सहन नहीं करेगा तथा गृह मंत्री को माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने यह दावा भी किया कि भाजपा संविधान और बाबासाहेब द्वारा किए गए काम को खत्म करना चाहती है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने टिप्पणी को अपमानजनक करार दिया और कहा कि यह उन लाखों लोगों का अपमान है जो मार्गदर्शन और प्रेरणा के लिए आंबेडकर की ओर देखते हैं। शिवसेना (उबाठा) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने दावा किया कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के बारे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी भाजपा के 'अहंकार' को दर्शाती है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। राजद नेता तेजस्वी यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भाजपाई कान खोल कर सुन लें, बाबासाहेब आंबेडकर हमारे 'फैशन' भी हैं, पैशन भी हैं'।''

## कांग्रेस ने मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया, सपने में भी बाबा साहेब का अपमान नहीं कर सकता: शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने राज्यसभा में बाबा साहेब आंबेडकर पर दिए गए उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर समाज में भ्रांति फैलाने की कोशिश की क्योंकि चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष के सदस्यों ने संविधान निर्माता के बार-बार किए गए अपमानों पर विपक्षी पार्टी की पोल खोलकर रख दी थी। शाह ने यहां भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि वह सपने में भी संविधान निर्माता का अपमान नहीं कर सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पहले भी भ्रम फैलाने और लोगों को गुमराह करने के लिए उनकी और यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणियों को गलत तरीके से पेश किया है।

## कांग्रेस के झूठ उसके द्वारा किए गए आंबेडकर के अपमान को छिपा नहीं सकते : प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के अपमान के आरोप का सामना कर रहे अमित शाह का जोरदार बचाव करते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने संविधान निर्माता का अपमान करने के कांग्रेस के काले इतिहास की पोल खोल दी, जिससे मुख्य विपक्षी पार्टी स्तब्ध है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके 'दूषित इकोसिस्टम' को लगता है कि उसके 'दुर्भावनापूर्ण झूठ' संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर के प्रति उसके कई वर्षों के 'कुकर्मों' को छिपा सकते हैं तो वह 'गंभीर भूल' कर रही है। मोदी ने यह भी कहा कि भारत के लोगों ने बार-बार देखा है कि किस प्रकार एक 'परिवार' के नेतृत्व में एक पार्टी, डॉ आंबेडकर की विरासत को मिटाने और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति समुदायों को अपमानित करने के लिए हरसंभव 'गंदी चाल' चलने में लिप्त रही है।

## आंबेडकर का अपमान देश नहीं सहेगा, माफी मांगें गृह मंत्री: राहुल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के संदर्भ में की गई टिप्पणी को लेकर बुधवार को कहा कि देश संविधान निर्माता का अपमान सहन नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि गृह मत्री को माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी ने संसद परिसर में विपक्ष के विरोध प्रदर्शन की तस्वीर साझा करते हुए अपने व्हाइट्सएप चैनल पर पोस्ट किया, ''बाबासाहेब संविधान निर्माता हैं, देश को दिशा देने वाले महापुरुष हैं। उनका अपमान, उनके निर्मित संविधान का अपमान देश नहीं सहेगा। गृह मंत्री माफी मांगें।'' कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''आंबेडकर जी का नाम लेने से अधिकार मिलते हैं। आंबेडकर जी का नाम लेना मानवीय गरिमा का प्रतीक है। आंबेडकर जी का नाम करोड़ों दलितों-वंचितों के आत्मसम्मान का प्रतीक है।''

# अमित शाह की टिप्पणी भाजपा की जातिवादी और दलित विरोधी मानसिकता का प्रदर्शन : ममता

### तृणमूल सुप्रीमो ने आंबेडकर पर गृह मंत्री की टिप्पणी पर माफी की मांग की



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को दावा किया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में बी. आर. आंबेडकर के बारे में की गई टिप्पणी केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा की जातिवादी और दलित विरोधी मानसिकता का प्रदर्शन है। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने टिप्पणी को अपमानजनक बताते हुए दावा किया कि यह उन लाखों लोगों का अपमान है जो मार्गदर्शन और प्रेरणा के लिए आंबेडकर की ओर देखते हैं। इस दिन, ममता ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि मुखौटा उतर गया है। जब संसद संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर विचार कर रही है, गृह मंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर बाबासाहेब आंबेडकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी कर इसकी (संविधान की) छवि धूमिल करने का काम किया है, वह भी लोकतंत्र के मंदिर में। यह भाजपा की जातिवादी और दलित विरोधी मानसिकता का प्रदर्शन है। अगर 240 सीटों पर सिमटने के बाद वे इस तरह का व्यवहार करते हैं, तो कल्पना करें कि अगर उनका 400 सीटों का सपना पूरा हो जाता, तो वे कितना नुकसान पहुंचाते। वे डॉ. आंबेडकर के योगदान को पूरी तरह मिटाने के लिए इतिहास को फिर से लिख देते। भाजपा पर हमला करते हुए ममता ने दावा किया कि एक ऐसी पार्टी से और क्या उम्मीद की जा सकती है, जिसने नफरत और कट्टरता को आत्मसात कर लिया है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि संविधान निर्माता आंबेडकर सम्मान के हकदार हैं। ममता ने कहा कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर संविधान के निर्माता हैं, यह अपमानजनक टिप्पणी न केवल उन पर बल्कि संविधान की प्रारूप समिति के सभी सदस्यों पर सीधा हमला है, जो सभी जातियों, पंथों, नस्लों और धर्मों के सदस्यों के साथ भारत की विविधता में एकता का प्रतीक हैं। ममता ने यह भी दावा किया कि शाह की टिप्पणी जुबान फिसलने की वजह से नहीं आई बल्कि जानबूझकर की गई थी। तृणमूल कांग्रेस ने संसद में शाह से बिना शर्त माफी मांगने की मांग की।

### रूस ने कैंसर की वैक्सीन बनाई

## पुतिन सरकार ने कहा- 2025 से रूस के नागरिकों को मुफ्त लगाएंगे

### यह सदी की सबसे बड़ी खोज

**नई दिल्ली:** विज्ञान की जबरदस्त प्रगति के बावजूद कई बड़ी बीमारियों का अब तक इलाज संभव नहीं है। कैंसर को अब तक ऐसी ही लाइलाज बीमारी समझा जाता है। हालांकि रूस ने कैंसर की वैक्सीन बनाने में सफलता हासिल कर ली है। रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह ऐलान किया और अब रूस की न्यूज एजेंसी टीएसएस ने कहा है कि रूस के लोगों को यह वैक्सीन 2025 से मुफ्त लगाई जाएगी। हर साल कैंसर दुनिया में लाखों लोगों को मौत के आगोश में ले लेता है। ऐसे में रूस की इस कैंसर वैक्सीन को सदी की सबसे बड़ी खोज माना जा रहा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस साल के शुरुआत में ही कहा था कि हम वैक्सीन और इसकी दवा बनाने के बहुत करीब आ गए हैं।

रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय के रेडियोलॉजी मेडिकल रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर आंद्रेई कप्रीन ने कहा कि कैंसर के खिलाफ रूस ने अपनी एमआरएनए वैक्सीन को विकसित कर लिया है। क्लिनिकल ट्रायल के बाद यह पता चला है कि कैंसर की वैक्सीन ट्यूमर को विकसित होने से रोकने में मदद करती है।

## प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को कुवैत की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को कुवैत की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे और किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह 43 वर्षों में इस खाड़ी देश की पहली यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय ने इस यात्रा की घोषणा करते हुए कहा कि यह यात्रा भारत और कुवैत के बीच 'बहुआयामी' संबंधों को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगी। मोदी, कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह के निमंत्रण पर यह यात्रा कर रहे हैं। यात्रा के दौरान मोदी कुवैत के नेताओं के साथ चर्चा करेंगे और वहां रहने वाले भारतीय समुदाय के साथ भी बातचीत करेंगे।

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## एनएसए डोभाल विशेष प्रतिनिधि वार्ता के लिए चीन में, उपराष्ट्रपति से मिले

**बीजिंग :** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने बुधवार को चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से मुलाकात की। हान ने कहा कि चीन और भारत को द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर विकास की पटरी पर लाने के लिए धीरे-धीरे संस्थागत वार्ता के साथ-साथ अर्थव्यवस्था, व्यापार और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में आदान-प्रदान और सहयोग बहाल करना चाहिए। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे डोभाल पांच साल के अंतराल के बाद 23वें दौर की विशेष प्रतिनिधि वार्ता में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को यहां पहुंचे। पिछली बैठक 2019 में दिल्ली में हुई थी।

# मुंबई तट के पास नौका हादसे में 13 लोगों की मौत, 99 को बचाया गया



**मुंबई :** महाराष्ट्र में मुंबई तट के नजदीक बुधवार को नौसेना के जहाज के एक नौका से टकराने के कारण 13 लोगों की मौत हो गई जबकि 99 अन्य लोगों को बचा लिया गया। नौसेना ने यह जानकारी दी। नौसेना की ओर से जारी किए गए एक बयान में कहा गया कि नौसेना का एक जहाज इंजन परीक्षण के लिए जा रहा था, लेकिन तभी शाम चार बजे इसने नियंत्रण खो दिया और करंजा के पास यह नीलकमल नामक नौका से टकरा गई। यह नौका यात्रियों को गेटवे ऑफ इंडिया से लोकप्रिय पर्यटन स्थल 'एलीफेंटा' द्वीप पर लेकर जा रही थी। नौसेना ने कहा, ''नौसेना ने तटरक्षक बल और समुद्री पुलिस के समन्वय से खोज एवं बचाव प्रयास तुरंत शुरू किए। बचाव अभियान में नौसेना के चार हेलीकॉप्टर, नौसेना के 11 जहाज, तटरक्षक बल की एक नाव और समुद्री पुलिस की तीन नावों की मदद ली जा रही है।'' इसमें कहा गया, ''नौसेना और अन्य जहाजों की मदद से जीवित बचे लोगों को आसपास की जेटी पर पहुंचाया गया और फिर उन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया। अब तक 99 लोगों को बचाया जा चुका है।'' नौसेना ने बताया कि इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई है, जिसमें नौसेना का एक कर्मचारी और नौसेना के जहाज में सवार ओईएम (मूल उपकरण निर्माता) के दो लोग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर खोज एवं बचाव अभियान के साथ-साथ सभी कर्मचारियों का लेखा-जोखा भी तैयार किया जा रहा है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में संवाददाताओं को बताया कि इस घटना में 101 लोगों को बचा लिया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मुंबई बंदरगाह में नौसेना के जहाज के एक नौका से टकरा जाने के कारण लोगों की जान जाने से बहुत दु:खी हूं। इस घटना में घायल हुए लोगों का तत्काल इलाज किया जा रहा है।'' सिंह ने कहा, ''शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं हैं। लापता व्यक्तियों का पता लगाने के लिए भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल द्वारा व्यापक खोज एवं बचाव अभियान जारी है तथा कई संसाधनों का इस्तेमाल किया जा रहा है।''

## 'एक देश-एक चुनाव' के लिए जेपीसी गठित, अनुराग ठाकुर, प्रियंका गांधी समेत 31 सदस्य शामिल

**नई दिल्ली :** एक देश-एक चुनाव के लिए संयुक्त संसदीय कमेटी (जेपीसी) का गठन हो गया है। 31 सदस्यों की जेपीसी में अनुराग ठाकुर और प्रियंका गांधी जैसे सांसदों का नाम शामिल है। इस कमेटी की अध्यक्षता बीजेपी सांसद पी। पी। चौधरी करेंगे। वन नेशन वन इलेक्शन बिल को लोकसभा में स्वीकार कर लिया गया है। अब इसे संयुक्त संसदीय समिति (गझउ) के पास भेज दिया गया है। जेपीसी की सिफारिशें मिलने के बाद अब नरेंद्र मोदी सरकार की अगली चुनौती इसे संसद से पास कराने की होगी। चूंकि वन नेशन वन इलेक्शन से जुड़ा बिल संविधान संशोधन विधेयक है इसलिए लोकसभा और राज्यसभा में इस बिल को पास कराने के लिए विशेष बहमत की आवश्यकता होगी। अनुच्छेद 368 (2) के तहत संविधान संशोधनों के लिए विशेष बहुमत की आवश्यकता होती है। इसका अर्थ है कि प्रत्येक सदन में यानी कि लोकसभा और राज्यसभा में उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत द्वारा इस विधेयक को मंजूरी देनी होगी।

## सोने के आयात में तेज उछाल वाले आंकड़ों की जांच कर रहा वाणिज्य मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** नवंबर में सोने का आयात 14।86 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचने के बाद वाणिज्य मंत्रालय इस आंकड़े में किसी तरह की गड़बड़ी की पड़ताल कर रहा है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसी सप्ताह आए आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, सोने के आयात में उछाल आने से देश का व्यापार घाटा नवंबर में रिकॉर्ड 37।84 अरब डॉलर तक पहुंच गया। वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारी ने कहा, ''सोने के आयात में असामान्य उछाल को देखते हुए वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआईएस) ने इन आंकड़ों की विस्तृत जांच की है और अब केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) से मिले आंकड़ों के साथ इनका मिलान किया जाएगा।''

## किसानों के सुझाव और मांग के लिए न्यायालय के दरवाजे हमेशा खुले हैं : उच्चतम न्यायालय



**नयी दिल्ली :** पंजाब सरकार ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और अन्य किसानों के साथ लगातार बैठकें की गईं, लेकिन उन्होंने शीर्ष अदालत द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति के साथ बातचीत करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत एवं न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ को पंजाब के महाधिवक्ता (एजी) गुरमिंदर सिंह ने सूचित किया कि समिति ने उन्हें 17 दिसंबर को आमंत्रित किया था, लेकिन प्रदर्शनकारी किसानों ने उनसे बात नहीं की। सिंह ने कहा कि राज्य सरकार प्रतिदिन किसानों को मनाने का प्रयास कर रही है और उन्होंने सुझाव दिया कि उन्हें अपनी मांगों को सीधे अदालत में रखने की अनुमति दी जा सकती है। उच्चतम न्यायालय ने कहा, ''हम स्पष्ट करते हैं कि किसानों द्वारा सीधे या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के माध्यम से दिए गए किसी भी सुझाव या मांग के लिए अदालत के दरवाजे हमेशा खुले हैं।'' उच्चतम न्यायालय ने डल्लेवाल की स्वास्थ्य स्थिति का भी संज्ञान लिया और पंजाब सरकार को बिना देरी किए चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने को कहा। पंजाब के महाधिवक्ता ने कहा कि राज्य के अधिकारियों और केंद्र के एक प्रतिनिधि ने डल्लेवाल से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली लेकिन उन्होंने चिकित्सा जांच कराने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने डल्लेवाल के स्वास्थ्य की देखभाल में किसी भी तरह की ढिलाई न बरतने का सुझाव दिया। पीठ ने कहा कि डल्लेवाल एक गैर-राजनीतिक नेता हैं और वह किसानों के हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं।


# रोबोटिक टोटल नी रिप्लेसमेंट

**डॉ संतोष कुमार कोलकाता** के जानेमाने ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन हैं। इनके पास पिछले 17 वर्षों में 10 हजार से ज्यादा सर्जरी का अनुभव है। यह संतोषकुमार हिप एवं नी फाउंडेशन के प्रमुख हैं। इसके साथ ही वे मोमेंटम ऑर्थोकेयर और कोलकाता के बेले व्यू क्लिनिक में ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के निदेशक हैं।

डॉ संतोष कुमार कोलकाता के जानेमाने ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन हैं। इनके पास पिछले 17 वर्षों में 10 हजार से ज्यादा सर्जरी का अनुभव है। यह संतोषकुमार हिप एवं नी फाउंडेशन के प्रमुख हैं। इसके साथ ही वे मोमेंटम ऑर्थोकेयर और कोलकाता के बेले व्यू क्लिनिक में ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के निदेशक हैं।

इनका पूर्वी भारत में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आर्थोपेडिक उपचारों को लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने साल 2013 में, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट के लिए ऑर्थोपायलट नेविगेशन प्रणाली की शुरुआत की थी। और आज पूरे पूर्वी भारत के लिए कोलकाता ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए केंद्र बन गया है। उन्होंने अब इस क्षेत्र में घुटनों की रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए दुनिया का पहला पूरी तरह से सक्रिय और स्वचालित रोबोट पेश किया है।




**हमें रोबोट की आवश्यकता क्यों है?**

हम जानते हैं कि ज्वाइंट रिप्लेसमेंट महत्वपूर्ण सर्जरी है। इम्प्लांट के लिए सटीकता आवश्यक है। इंसानों की आंखें सटीक रूप से एक या दो एमएम से कम के बिंदुओं को अलग नहीं कर सकती है, लेकिन यह रोबोट उप-मिलिमीटर सटीकता पर काम करता है। यह सर्जरी के लिए योजना और अनुकूलन बनाने के लिए मदद करता है। इसके द्वारा सर्जरी से पहले ही प्रत्यारोपण के आकार और स्थिति पता की जा सकती है।

## रोबोटिक टोटल नी रिप्लेसमेंट के लाभ:

1. यह इम्प्लांट का सही सरेखण और प्लेसमेंट देता है।
2. यह उप मिलिमीटर सटीकता के साथ सबसे अच्छा फिट देता है।
3. इसके कारण दर्द भी कम होता है।
4. बेहतर सरेखण इम्प्लांट के प्रदर्शन और उत्तरजीविता को बढ़ाता है।

रोबोट सर्जन का सहायक होता है, सर्जन नहीं। इस बात को लेकर लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। सर्जिकल विशेषज्ञता और सर्जन का अनुभव बहुत ही महत्वपूर्ण है।

**रोबोट के दो प्रकार हैं:** सक्रिय और निष्क्रिय। क्यूविस एक सक्रिय और स्वचालित रोबोट है।




**MOMENTUM ORTHOCARE**

Dr Santosh Kumar is available for Consultation at Belle Vue Clinic, Loudon Street, Kolkata 17 (daily) and the office of Hip and Knee Foundation at Plot number 332, Lake Town block A, Kolkata-700 089. For more details Contact: 62922 50842, 98319 11584, 98312 66632.
E mail: santdr@gmail.com
www.mykneemylife.org www.momentumorthocare.com

# खाप ने दिखायी घातक प्रथा रोकने की राह

यह दुर्भाग्यपूर्ण ही कि विवाह आदि खुशी के मौके पर जानलेवा फायरिंग से मातम का माहौल बनने की तमाम घटनाओं के बावजूद इस बुराई पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। विगत में ऐसी अनेक घटनाओं में कई लोगों की जान चली गई और परिवारों के लिये जीवनभर का दुख छोड़ गए। इस बाबत कई बार अदालतों ने सख्त टिप्पणियां की और सामाजिक स्तर पर भी आवाजें उठी। लेकिन परिणाम वही ढाक के तीन पात ही रहे। पिछले महीने पंजाब और हरियाणा में ऐसी ही तीन दर्दनाक घटनाएं इस आत्मघाती लापरवाही से सामने आईं। जो इस घातक प्रथा के गंभीर परिणामों को ही उजागर करती हैं। ऐसी ही एक घटना में हरियाणा के चरखी दादरी इलाके में एक बारात के दौरान तेरह साल की एक किशोरी की दर्दनाक मौत हर्ष फायरिंग में हो गई। साथ ही उसकी मां भी गंभीर रूप से घायल हो गई। ऐसे ही एक अन्य वाकये में फिरोजपुर में, एक दुल्हन तब गंभीर रूप से घायल हो गई, जब उसके भाई ने विदाई समारोह के दौरान लापरवाही से पिस्तौल चला दी। वहीं दूसरी ओर अमृतसर में ऐसी ही एक घटना सामने आई जब एक रिसॉर्ट में आयोजित विवाह समारोह में एक महिला हर्ष फायरिंग से घायल हो गई। निश्चित रूप से संवेदनहीनता से उपजी त्रासदियों को रोकने के लिये तत्काल कार्रवाई की जरूरत महसूस की जा रही है। यकीनी तौर पर इस कुप्रथा को रोकने के लिये जो गंभीर पहल समाज की ओर से होनी चाहिए, वह होती नजर नहीं आ रही है। इन हालात में एक आशा की किरण तब जगी जब सर्वजातीय अठगामा खाप ने जश्न के दौरान होने वाली हर्ष फायरिंग पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय सामाजिक स्तर पर लिया। निश्चित रूप से खाप पंचायत का यह निर्णय स्वागत योग्य कदम ही कहा जाएगा। उसने चरखी दादरी की दुर्घटना में किशोरी की मौत के बाद यह प्रतिबंध लगाया है।

निस्संदेह, खाप पंचायत की ओर से इस बुराई को दूर करने की यह कोशिश उसके सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रतिबद्धता को ही उजागर करती है। खाप ने फैसला लिया है कि ऐसी दुर्घटना को अंजाम देने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवायी जाएगी। उस व्यक्ति या परिवार पर जुर्माना लगाया जाएगा। ऐसी घटना को अंजाम देने वाले व्यक्ति का सामाजिक बहिष्कार भी होगा। वक्त की नजाकत को समझते हुए लिया गया खाप का यह फैसला इस खतरनाक परिपाटी के खिलाफ शून्य सहिष्णुता को ही दर्शाता है। इस जानलेवा फायरिंग के खतरों को महसूस करते हुए जागरूकता अभियान चलाने का फैसला भी खाप की ओर से लिया गया, ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने हेतु ठोस पहल की जा सके। निस्संदेह, समाज में इस घातक दिखावे की सोच बदलने हेतु खाप की रचनात्मक पहल से शादियों व अन्य खुशी के अवसरों पर बंदूकों के दुरुपयोग की प्रवृत्ति को खत्म किया जा सकेगा। उम्मीद करें कि पंजाब व हरियाणा में विभिन्न सामाजिक संगठनों को इस घातक प्रथा को समाप्त करने के खाप के सामूहिक संकल्प से प्रेरणा मिलेगी। बेहतर हो कि खाप की पहल का अनुपालन हो। हालांकि, सामाजिक स्तर पर यह जमीनी प्रयास महत्वपूर्ण पहल है, लेकिन प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को भी इस मामले में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। हालांकि, सुप्रीम व हाईकोर्ट बार-बार जश्न मनाने में गोलीबारी की अवैधता व खतरों की ओर ध्यान दिलाते रहते हैं। साथ ही इसे जीवन के प्रति लापरवाही से उपजा खतरा बताते रहे हैं। बल्कि यहां तक कि कोर्ट ने ऐसे कृत्यों में गैर इरादतन हत्या की कोशिश के रूप में कार्रवाई किये जाने की भी बात कही है। वहीं दूसरी ओर बंदूक से जुड़े नियमों को भी सख्ती से लागू करने की जरूरत है। साथ ही कानूनों के उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ त्वरित कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त बंदूक लाइसेंसिंग मानदंडों के अतिक्रमण के मामलों को रोकने के लिये सुरक्षा प्रोटोकॉल की शिक्षा दी जानी अनिवार्य की जानी चाहिए। लोगों को जागरूक होकर यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी उत्सव में हर्ष फायरिंग जैसी त्रासदियों की छाया से मुक्त होकर खुशियों के पल बरकरार रहें।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 19 दिसम्बर, गुरुवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, पौष कृष्णपक्ष चतुर्थी, 10:06 तक, नक्षत्र : आश्लेषा, 25:58 तक, योग : वैधृति, 18:29 तक, सूर्योदय: 6:12, सूर्यास्त: 16:57 चन्द्रोदय : 20:52, चन्द्रास्त: 09:33, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 12:53 से 14:13

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए करियर में सफलता के योग बन रहे हैं और आपको कारोबार में भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपकी तरक्की होगी और कोई बड़ी डील आप कर सकते हैं।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों का दिन सफलता से भरा होगा और आपके लिए कहीं बाहर यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। आपको कानूनी विवाद में सफलता प्राप्त होने से मन प्रसन्न होगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों का दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव कार्य में सफलता प्राप्त होगी और आपकी बात को मानेंगे। आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों के दिन काफी सृजनात्मक है और आप जो भी काम करेंगे उसमें आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों के लिए दिन काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म आध्यात्म के मामले में आपको पढ़ाई लिखाई करने से लाभ होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा। आपको हर कार्य में सावधानी रखने की सलाह है। आपकी तरक्की होगी और मन काफी प्रसन्न होगा।

**तुला :** तुला राशि के लोगों के लिए दिन काफी लाभकारक है। आपके कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद सुलझ सकते हैं। काफी समय से लटका कोई प्रॉजेक्ट पूरा हो सकता है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों को आर्थिक मामलों में लाभ होगा। आपके लिए आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अतः कार्यशील रहें।

**धनु :** धनु राशि के लोगों के लिए दिन सावधानी और सतर्कता का है। आपको बिजनस के मामले में लाभ होगा। आपको लाभ होगा। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं।

**मकर :** मकर राशि के लोगों का दिन सामान्य है। साझे में किया जाने वाला व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू काम को निपटाने का सुनहरा मौका है।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए किसी निर्णय को सोच समझ कर लेने के लिए रहेगा। व्यवसाय में आप किसी नई डील को फाइनल करने के लिए सोच विचार कर सकते हैं।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए किसी लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आप किसी की मदद के लिए भी आगे आएंगे, जिनके लिए कुछ रुपयों का इंतजाम भी कर सकते हैं।

# समान नागरिक संहिता के लिए बीजेपी का नया प्लान, संसद से नहीं विधानसभा से होगा लागू



अजय कुमार

बीजेपी ने हमेशा से देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने की वकालत की है, और यह मुद्दा जनसंघ के समय से ही पार्टी के एजेंडे का हिस्सा रहा है। जब से भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई है, तब से इस मुद्दे पर पार्टी ने लगातार जोर दिया है। बीजेपी ने राम मंदिर, अनुच्छेद 370 को हटाने और समान नागरिक संहिता जैसे मुद्दों को अपने राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बनाया था। राम मंदिर का सपना तो साकार हो चुका है, अनुच्छेद 370 को खत्म किया जा चुका है, अब सिर्फ समान नागरिक संहिता को लागू करने का काम बाकी है, जिसे बीजेपी और मोदी सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती के रूप में देखा जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट के जरिए अयोध्या में राम मंदिर बनाने का रास्ता साफ हुआ, और मोदी सरकार ने संसद के जरिए अनुच्छेद 370 को खत्म किया। साथ ही, संसद के जरिए एक देश, एक चुनाव की दिशा में भी कदम बढ़ाए गए हैं। अब, समान नागरिक संहिता को लागू करने की प्रक्रिया को लेकर बीजेपी ने एक नई रणनीति बनाई है। बीजेपी इस मुद्दे को संसद के बजाय राज्य विधानसभा के माध्यम से आगे बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है। इस बारे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में अपने बयान के माध्यम से संकेत दिए थे।

अमित शाह ने राज्यसभा में संविधान पर चर्चा करते हुए समान नागरिक संहिता के महत्व को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 44 के तहत हमारा संविधान समान नागरिक संहिता की बात करता है, लेकिन यह अभी तक देश में लागू नहीं हो पाया है। इसके लिए उन्होंने कांग्रेस को दोषी ठहराते हुए कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने मुस्लिम पर्सनल लॉ लागू किया था, और कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति शुरू कर दी थी। अमित शाह ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कई बार समान नागरिक संहिता लागू करने की बात की है, लेकिन कांग्रेस ने हर बार इसे टाल दिया। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि उत्तराखंड में बीजेपी सरकार ने यूसीसी को लागू किया है और इसी मॉडल के तहत बीजेपी शासित अन्य राज्यों में भी यूसीसी को लागू किया जाएगा। समान नागरिक संहिता का मतलब है कि देश में सभी नागरिकों के लिए एक ही कानून हो। इसका उद्देश्य विवाह, तलाक, संपत्ति के बंटवारे और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर हर नागरिक के लिए समान कानून लागू करना है। वर्तमान में, मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत मुस्लिम समुदाय के लोग अपने पारिवारिक मामलों का हल करते हैं, लेकिन समान नागरिक संहिता के लागू होने से सभी समुदायों के लिए एक समान कानून होगा। बीजेपी ने इस मुद्दे को जनसंघ के समय से उठाया था, और पार्टी का मानना है कि यह देश की धर्मनिरपेक्षता और समानता को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस मुद्दे पर कई बार अपनी राय दी है। उन्होंने संविधान पर चर्चा के दौरान सेकुलर सिविल कोड के संवैधानिक महत्व की बात की और संकेत दिए कि सरकार समान नागरिक संहिता लाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने 15 अगस्त को लाल किले के प्रचीर से भी यह कहा था कि जिन कानूनों से देश को धर्म के आधार पर बांटा जाता है, उन्हें समाप्त किया जाना चाहिए। उनके अनुसार, देश को एक सेकुलर सिविल कोड की आवश्यकता है, और गलत कानूनों का आधुनिक समाज में कोई स्थान नहीं है।

इस संदर्भ में अमित शाह ने उत्तराखंड की तर्ज पर अन्य बीजेपी शासित राज्यों में समान नागरिक संहिता लागू करने की बात की। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीजेपी शासित राज्यों में यूसीसी को लागू करने के लिए विधानसभा के रास्ते पर आगे बढ़ा जाएगा। इस रणनीति के तहत, बीजेपी पहले उत्तराखंड में यूसीसी को लागू कर चुकी है, और अब दूसरे बीजेपी शासित राज्यों में इसे लागू करने की योजना बनाई जा रही है। उत्तराखंड में बीजेपी ने विधानसभा चुनावों के दौरान यूसीसी को लागू करने का वादा किया था, और सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने इस पर अमल किया। उत्तराखंड में पांच सदस्यीय कमेटी बनाई गई थी, जिसने यूसीसी के लिए सिफारिशें दीं, और उसके आधार पर राज्य में समान नागरिक संहिता लागू की गई।

उत्तराखंड के बाद अब असम की बीजेपी सरकार भी समान नागरिक संहिता को लागू करने की तैयारी कर रही है। असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा ने हाल ही में इस बात का ऐलान किया था। राजस्थान और गुजरात जैसी राज्य सरकारें भी यूसीसी को लागू करने के पक्ष में हैं, और उनकी योजनाओं के तहत इस दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। इन राज्यों में बीजेपी अपने शासित क्षेत्रों में यूसीसी को लागू करने में सफल हो सकती है, और इस तरह से पार्टी देश के बड़े हिस्से में समान नागरिक संहिता को लागू करने का मॉडल पेश कर सकती है।

बीजेपी के लिए यह रणनीति महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके जरिए वह न केवल अपने शासित राज्यों में यूसीसी लागू कर सकती है, बल्कि वह अन्य विपक्षी दलों पर भी सियासी दबाव बना सकती है। यूपी, हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, असम, गोवा, गुजरात, ओडिशा, त्रिपुरा, मणिपुर, महाराष्ट्र और अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों में बीजेपी की सरकारें हैं। इनमें से गोवा में पहले से ही यूसीसी लागू है, और उत्तराखंड में भी इसे लागू किया जा चुका है। यदि बीजेपी इन राज्यों में समान नागरिक संहिता लागू करने में सफल हो जाती है, तो यह पूरे देश के लिए एक मिसाल बन सकता है।

हालांकि, इस प्रक्रिया में कुछ चुनौतियां भी हैं। एनडीए के कई सहयोगी दल, जैसे जेडीयू और टीडीपी, इस मुद्दे पर बीजेपी के साथ नहीं हैं। इसके अलावा, बीजेपी को संसद में यूसीसी के बिल को पास करने के लिए दो तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी, जो वर्तमान में मुश्किल प्रतीत हो रही है। मुस्लिम वोटों की सियासी मजबूरी के कारण जेडीयू और टीडीपी इस मुद्दे पर बीजेपी का समर्थन नहीं कर सकते। इसलिए, बीजेपी ने संसद के बजाय विधानसभा का रूट अपनाने का निर्णय लिया है, ताकि राज्यों में इसे लागू करने का रास्ता तैयार किया जा सके।

इस रणनीति के जरिए बीजेपी शासित राज्यों में यूसीसी को लागू करने का प्रयास करेगी, और इसके बाद अन्य राज्यों में भी इसे लागू करने के लिए दबाव डाला जाएगा। यह बीजेपी के लिए एक बड़ी राजनीतिक उपलब्धि हो सकती है, क्योंकि इससे पार्टी अपनी धर्मनिरपेक्षता और समानता के एजेंडे को साकार कर सकेगी। इसके साथ ही, बीजेपी अपने सहयोगी दलों को भी इस मुद्दे पर विश्वास में लेकर सियासी फायदे की दिशा में बढ़ सकती है।

बीजेपी की सरकारों को यह मौका मिलेगा कि वे अपने शासित राज्यों में समान नागरिक संहिता लागू करके उदाहरण प्रस्तुत कर सकें। अगर ये राज्यों में सफलतापूर्वक लागू हो जाती है, तो यह राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रभावी बदलाव का संकेत होगा, और फिर बीजेपी अन्य राज्यों को भी इसे लागू करने के लिए प्रेरित कर सकती है। इस प्रकार, समान नागरिक संहिता का मुद्दा बीजेपी के लिए न केवल एक महत्वपूर्ण राजनीतिक एजेंडा है, बल्कि यह देश की धर्मनिरपेक्षता और समानता की दिशा में एक अहम कदम भी हो सकता है।

अगर बीजेपी शासित राज्यों में यह प्रक्रिया सफल हो जाती है, तो यूसीसी को लागू करने के लिए विपक्षी दलों पर दबाव बढ़ सकता है, खासकर उन दलों पर जो मुस्लिम वोट बैंक को लेकर चिंतित रहते हैं। बीजेपी अपने शासित राज्यों को एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत कर सकती है, जिससे यह साबित हो सके कि समान नागरिक संहिता सभी समुदायों के हित में है और समाज में समानता लाने में मददगार है। इससे पार्टी अपने सहयोगी दलों और विपक्षी दलों को भी इस मुद्दे पर मजबूर कर सकती है, और फिर इसे राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने का रास्ता खोल सकती है। इस प्रकार, बीजेपी अपने शासित राज्यों के जरिए देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने की दिशा में प्रभावी कदम उठा सकती है, जो अंततः देश को एक समान और धर्मनिरपेक्ष समाज की ओर ले जाने में मदद करेगा।

-उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार

# राजस्थान में पीकेसीईआरसीपी परियोजना का सपना होता साकार



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच पार्वती, कालीसिंध, चंबल ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट यानीकि पीकेसीईआरसीपी के एमओयू को एक साल से भी कम समय में एमओए यानीकि मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट में तब्दील होना राजनीतिक ईच्छाशक्ति और गारंटी को हकीकत में बदलने के जुनून के रुप में देखा जाना चाहिए। देष में नदी जोड़ों परियोजनाओं का सपना देखा गया था जो अब धरातल पर उतरता जा रहा है। राजस्थान जैसे पानी की किल्लत से जूझते प्रदेश के लिए पीकेसीईआरसीपी को पूर्वी राजस्थान के लिए तो गंगाअवतरण से कम नहीं आका जा सकता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भजन लाल शर्मा सरकार के एक साल पूरे होने के अवसर पर इस परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत कालीसिंध नदी पर 1069 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित नवनेरा बैराज का लोकार्पण किया। परियोजना के प्रथम चरण में पेयजल के लिए कूल नदी पर रामगढ़ बैराज, पार्वती नदी पर महलपुर बैराज और नवनेरा बांध में संग्रहित जल के उपयोग हेतु नवनेरा-गलवा-बीसलपुर-ईसरदा (एनजीबीआई) लिंक परियोजना के तीन पैकेज के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इन पैकेज में 9416.70 करोड़ रुपए की लागत से नवनेरा बैराज से गलवा बांध होते हुए बीसलपुर व ईसरदा बांध तक जरूरत के अनुसार जल प्रत्यावर्तन के लिए नहर तंत्र, पम्पिंग स्टेशन एवं पाइपलाइन का निर्माण कार्य किया जाएगा।

संशोधित पार्वती-कालीसिंध चंबल (एकीकृत ईआरसीपी) परियोजना पूरी होने पर राजस्थान के 21 जिलों में रहने वाले लगभग सवा तीन करोड़ लोगों को सुलभ पेयजल की उपलब्धता के साथ साथ लगभग ढाई लाख हैक्टयर नये क्षेत्र में सिंचाई तथा लगभग डेढ लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हेतु अतिरिक्त पानी की व्यवस्था हो सकेगी। लाभान्वित जिलों में झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, टोंक, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, दौसा, करौली, धौलपुर, भरतपुर, डीग, अलवर, खैरतल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़, जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, दूदू, अजमेर, ब्यावर और केकड़ी शामिल है।

राजनीतिक आलोचना-प्रत्यालोचना को अलग कर दिया जाए तो यह साफ है कि पीकेसीईआरसीपी परियोजना के क्रियान्वयन की शुरुआत राजस्थान जैसे प्रदेश के लिए तो बहुत बड़ी उपलब्धि है। भले ही पीकेसी ईआरसीपी से पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के नागरिकों और किसानों को सीधा सीधा लाभ मिलेगा। इससे प्रदेश में पेयजल, सिंचाई के लिए पानी, औद्योगिक विकास, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और इसी तरह के अनेक फायदे सीधे सीधे होने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गॉरन्टी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा कार्यभार संभालने के एक माह से भी कम समय में राजस्थान के लिए जीवनदायी इस परियोजना पर सहमति बनवाना और एमओयू कर क्रियान्वयन के स्तर पर लाना अपने आप में बड़ी बात थी और आज उससे भी बड़ी बात एमओयू को एमओए में बदलना है। करीब 21 साल पुराना सपना पार्वती-कालीसिंध-चंबल इस्टर्न राजस्थान केनाल परियोजना को लेकर केन्द्र सरकार, राजस्थान व मध्यप्रदेश के बीच संपन्न करार के साथ ही साकार होने लगा है। राजस्थान नहर के बाद यह अपने आप में सबसे बड़ा प्रोजेक्ट होगा जिससे 13 जिलों के रहवासियों की सभी तरह की पानी की जरुरत पूरी हो सकेगी। इसके साथ यह भी महत्वपूर्ण होगा कि हर साल बरसात सीजन में बाढ़ के कारण जन-धन और फसलों की बर्बादी का कारण बनने वाला यह पानी पानी की समस्या से जूझ रहे प्रदेशवासियों वासियों के काम आ सकेगा। बेकार बह जाने वाला पानी संग्रहित होगा, धरती, यहां के निवासियों और मवेशियों की प्यास बुझाने के काम आ सकेगा। इस परियोजना में राजस्थान को 4103 एमसीएम पानी मिलेगा वहीं मध्यप्रदेश को 3000 एमसीएम पानी मिलेगा। सात साल बाद इस परियोजना के पूरे होने के बाद जहा प्रदेश की 3.25 करोड़ आबादी की पानी की जरुरत पूरी होगी वहीं करीब ढ़ाइ लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा। सही मायने में कहा जाए तो प्रकृति की अनमोल धरोहर पानी के आने से भविष्य में ना तो बाढ़ से जूझना पड़ेगा और ना ही सूखे के लिए उपरवाले को दोष देना पड़ेगा।

दरअसल नदियों के बरबाद होते पानी का सही उपयोग तय करने के लिए 1999 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना आरंभ की थी। यह योजना सिरे से चढ़ती उससे पहले ही 2004 में नई सरकार आते ही इस परियोजना को ठंडें बस्ते में ड़ाल दिया गया। इसके बाद 2012 में सर्वोच्च न्यायालय ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को जारी रखने के केन्द्र सरकार को निर्देश दिए। राष्ट्रीय जल विकास प्राधिकरण द्वारा 44605 करोड़ की लागत से केन-बेतवा लिंक परियोजना पर काम किया जा रहा है। गंगानदी पर करीब एक हजार बांध हैं तो गोदावरी पर 350 के आसपास बांध है। इन बांधों पर पानी को सहेजते हुए नदियों के पानी को अनुपयोगी व बर्बादी का कारण बनने से बचाने के स्थान पर क्षेत्रों में पानी की समस्या का समाधान किया जाता है। मोटे रुप से देखा जाए तो नदियों को जोड़ने से पानी की बर्बादी यानी कि बाढ़ के कारण तबाही व समुद्र में समाहित होने से बचाकर पानी की समस्या के समाधान के लिए तो किया ही जा सकता हैं वहीं सूखे की समस्या का हल, खेती के लिए पानी की उपलब्धता और लोगों के पेयजल की समस्या का समाधान संभव है। राजस्थान नहर इसका जीता जागता उदाहरण है जिससे मरु प्रदेश और सर्वाधिक उपजाऊ और उत्पादक हिस्सा बनने के साथ ही समग्र विकास का माध्यम बन गई है।

जहां तक पार्वती, कालीसिंध, चंबल ईस्टर्न राजस्थान केनाल परियोजना का प्रश्न है। यह राजस्थान और मध्यप्रदेश सरकार व केन्द्र से सहमति नहीं बनने के कारण लंबे समय से आगे नहीं बढ़ पा रही थी। नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल और केन्द्र व मध्यप्रदेश सरकार के सहयोग से यह परियोजना धरातल पर उतरने की स्थिति में आ गई है। यदि तय समय सात साल में यह परियोजना धरातल पर आ जाती है, जिस पर आज की सरकार की प्रतिबद्धता को देखते हुए संदेह का कोई कारण नहीं दिखता, राजस्थान और मध्यप्रदेश दोनों की ही तस्वीर बदल जाएगी। राजस्थान के21 जिले और मध्यप्रदेश के 13 जिले इस परियोजना से लाभान्वित होंगे। बैराज, कृत्रिम जलाशयों और बांध निर्माण से 159 बांधों को भरा जा सकेगा। बीसलपुर की क्षमता भी बढेगी तो रामगढ़ बांध के भी भरने के सपना भी पूरा हो सकेगा। सबसे बड़ी बात कि चंबल और उसकी सहायक नदियों के जुड़ने से बाढ़ के कारण विनाश का कारण बनने वाले पानी का सदुपयोग हो सकेगा। पेयजल से लेकर खेती किसानी और उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर विकसित होंगे। यह सब सरकार की ईच्छा शक्ति और उसे समय पर अमली जामा पहनाने से ही संभव हो सकेगा। शुरुआत स्वागतीय है और माना जाना चाहिए कि आने वाले समय में और अधिक तेजी से पीकेसीईआरसीपी के कार्य को गति मिलेगी।

-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

## विदेश की खबरें

### कांगो में नौका पलटने से कम से कम 25 लोगों की मौत, कई लापता

**किंशासा (कांगो) :** अफ्रीकी देश कांगो में मंगलवार को यात्रियों को ले जा रही एक नौका के नदी में पलटने से नौका सवार कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई वहीं कई लोग लापता हैं। अधिकारियों और स्थानीय निवासियों ने यह जानकारी दी। बताया जा रहा है कि कांगो की राजधानी किंशासा के उत्तर-पूर्व में इनोंगो शहर से रवाना हुई इस नौका में 100 से ज्यादा यात्री सवार थे। यह हादसा फिमी नदी में हुआ। लापता लोगों की तलाश के लिए मंगलवार को अभियान प्रारंभ किया गया। मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। इनोंगो के 'रिवर कमिश्नर' डेविड कालेम्बा ने कहा, 'नौका में क्षमता से अधिक यात्री सवार थे। अब तक कम से कम 25 शव बरामद किए जा चुके हैं।'

### पाकिस्तान में पोलियो कर्मियों की सुरक्षा में तैनात तीन पुलिस अधिकारियों की बम धमाके में मौत

**पेशावर :** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में मंगलवार को पोलियो कर्मियों की सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारियों को ले जा रहे एक वाहन के सड़क किनारे पड़े बम की चपेट में आने से तीन पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। स्थानीय पुलिस अधिकारी नासिर खान ने बताया कि यह घटना खैबर पख्तुनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में हुई। वाहन सवार पुलिस अधिकारी अपने थाने की ओर लौट रहे थे। अभी तक किसी ने भी इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। इससे एक दिन पहले ही खैबर पख्तुनख्वा के कराक शहर में पोलियो कार्यकर्ताओं की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों पर अज्ञात बंदूकधारियों ने गोलीबारी की थी जिसमें एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई थी और स्वास्थ्य सेवा से जुड़ा एक कर्मचारी घायल हो गया था।

### ट्रंप ने भारतीय उत्पादों पर अधिक शुल्क लगाने की चेतावनी दी

**वाशिंगटन :** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत अमेरिका के कुछ उत्पादों पर काफी ज्यादा शुल्क लगाता है और उन्होंने एक बार फिर इसके बदले में भारतीय उत्पादों पर इसी तरह ज्यादा शुल्क लगाने की बात कही है। ट्रंप ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा, 'आम तौर पर देखा जाता है कि अगर वे हम पर शुल्क लगाते हैं तो हम भी उन पर उतना ही शुल्क लगाते हैं। लगभग सभी मामलों में वे हम पर शुल्क लगा रहे हैं, जबकि हम उन पर शुल्क नहीं लगा रहे हैं।' उन्होंने चीन के साथ संभावित व्यापार समझौते पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। ट्रंप ने कहा कि भारत और ब्राजील उन देशों में शामिल हैं जो कुछ अमेरिकी उत्पादों पर काफी ज्यादा शुल्क लगाते हैं।

## वर्ग पहेली नं. 2950

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| ■ | ■ | | ■ | 7 | 8 | | ■ | 9 | |
| 10 | | | 11 | ■ | 12 | | 13 | | ■ |
| | ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | | ■ | 16 |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | ■ | 20 | | |
| ■ | | ■ | ■ | 21 | | 22 | | ■ | |
| 23 | | 24 | | | ■ | | ■ | 25 | |
| | ■ | | | 26 | 27 | | ■ | | ■ |
| 28 | | | | ■ | | ■ | 29 | | |

**बायें से दायें:-** 1) तहसनहस; हत्याकृत; नष्ट, 4) निर्दोष, 7) किसी वस्तु का ऊपरी भाग, 9) न्यायाधीश *(अंग्रेजी)*, 10) मरणासन्न, 12) निर्देश करना; समझाना; बताना, 14) नुकसान, 15) बचाव, 17) भूल, 20) एक लचीला पदार्थ, 21) चारों ओर, 23) बैठा हुआ, 25) निर्जन, 26) बागडोर, 28) गीला; शोरबेदार, 29) असामयिक; दुर्भिक्ष.

**ऊपर से नीचे:-** 2) अयोग्य; पराजित; अनुत्तीर्ण, 3) एक संख्या, 4) अपेक्षाकृत ठीक, 5) शरीर के किसी अंग का फूलना, 6) धूल, 8) उस समय, 10) अपवादित; विभाजित; भिन्न; पृथक, 11) निजात; छुटकारा; शांति, 13) महावर, 16) फँसना, 18) फुहारा, 19) समीप, 21) मुख, 22) नुपूर, 23) चौड़ाई; प्रसार; फैलाव, 24) नदी, 25) जच्चा, 27) एक ग्रह.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | ■ | आ | प | ■ | बा | र | ह | मा | सी |
| का | ■ | स | त | ल | ज | ■ | ■ | हि | ■ |
| ब | ह | रा | ■ | ह | रा | म | खो | र | ■ |
| ला | त | ■ | गौ | री | ■ | हि | ना | ■ | मो |
| ■ | ब | हु | त | ■ | आ | ला | ■ | त | ह |
| खा | ल | ■ | म | दि | रा | ■ | ति | ल | क |
| म | ■ | सू | ■ | ■ | म | त | ल | ब | ■ |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | म | ■ | गा | ज |
| ह | या | त | ■ | ति | रं | गा | ■ | र | टा |

## सुडोकू-पहेली-2910

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | 3 | | | | |
| | | | 4 | | | 7 | | |
| | 2 | | | | | | | |
| | | | | | 2 | 1 | 8 | |
| 4 | | | 7 | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | | | | 6 | 2 | 5 |
| | | | 9 | 1 | | | | |
| | | | | | | | | 8 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2909 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 8 | 9 | 4 | 3 | 2 | 6 | 1 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 6 | 5 | 7 | 8 |
| 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 5 | 4 |
| 3 | 9 | 5 | 8 | 6 | 4 | 7 | 1 | 2 |
| 2 | 8 | 4 | 1 | 5 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 7 | 4 | 1 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 5 |
| 9 | 2 | 6 | 4 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 5 | 3 | 7 | 9 | 1 | 4 | 2 | 6 |

# बंगाल में निवेश करें, हर मदद मिलेगी : ममता

## मुख्यमंत्री ने इन्फोसिस के नए अत्याधुनिक विकास केंद्र का किया उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में इन्फोसिस के नए अत्याधुनिक विकास केंद्र का बुधवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उद्घाटन किया। न्यू टाउन में आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी इन्फोसिस के 426 करोड़ रुपये की लागत से विकसित एक नए विकास केंद्र को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे राज्य के लिए ऐतिहासिक दिन करार देते हुए कहा कि यह पश्चिम बंगाल के लिए नए साल का तोहफा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विकास केंद्र अन्य आईटी कंपनियों को भी पश्चिम बंगाल में आने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने निवेशकों से कहा कि बंगाल



में निवेश करें, हर तरह की मदद मिलेगी। ममता ने कहा कि बंगाल अब उद्योग के लिए एक आदर्श व उत्तम स्थान है। तमाम संस्थाओं ने बंगाल में उद्योग विकसित किये हैं। भविष्य में भी करेंगे। इनमें कई आईटी कंपनियां भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल देश का एक अग्रणी आईटी हब है। यहां लगभग दो हजार 200 आईटी कंपनियां काम कर रही हैं, जिनमें टीसीएस, विप्रो, आईबीएम और एक्सेंचर जैसी बड़ी कंपनियां शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने न्यू टाउन में 200 एकड़ भूमि पर बन रहे एक नए सिलिकॉन वैली प्रोजेक्ट की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट 27 हजार करोड़ रुपये के निवेश के साथ तैयार हो रहा है, जिसमें 75 हजार नौकरियां सृजित करने की क्षमता है। 28 कंपनियों ने पहले ही यहां काम शुरू कर दिया है और 11 डेटा सेंटर भी स्थापित हो रहे हैं। इन्फोसिस का यह नया कैंपस 50 एकड़ भूमि पर बनाया गया है और यहां चार हजार आईटी पेशेवरों के लिए रोजगार सृजित करने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने हमेशा पश्चिम बंगाल में इन्फोसिस को लाने का सपना देखा था और आज कंपनी ने हमारे इस सपने को साकार कर दिया है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि राज्य में एक केबल लैंडिंग स्टेशन बनाया जा रहा है, जो आईटी कंपनियों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा।

# राज्य के सचिव स्तर पर बड़ा फेरबदल, नवान्न ने जारी किया नोटिफिकेशन

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के कई विभागों में बुधवार को सचिव स्तर पर फेरबदल किया गया है। नवान्न की ओर से इस बारे में एक नोटिफिकेशन जारी किया गया। मिली जानकारी के अनुसार, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, पर्यटन, हिडको, गैरपरंपरागत और पुन: उपयोग योग्य ऊर्जा स्रोत, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और विभागीय आयुक्त पदों में बदलाव किया गया है। नवान्न के सूत्रों के मुताबिक यह बदलाव एक सामान्य रोटेशन प्रक्रिया का हिस्सा है, हालांकि इसके पीछे की स्पष्ट वजह का उल्लेख नहीं किया गया। अब स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव का कार्यभार 2016 बैच के आईएएस अधिकारी विवेक कुमार को सौंपा गया है। पश्चिम बंगाल टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड की जिम्मेदारी अब अभिषेक कुमार तिवारी के पास है, और हिडको के प्रमुख शशांक शेट्टी बनाए गए हैं। गैरपरंपरागत और पुन: उपयोग योग्य ऊर्जा स्रोत विभाग का सचिव पद अब येलुचुरी रत्नाकर राव के पास है, जबकि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और प्रेसिडेंसी विभाग के अतिरिक्त जिम्मेदारी जगदीश प्रसाद मीना को सौंपी गई है। इसके अलावा, कर प्रशासन के सचिव के रूप में आईपीएस अधिकारी डॉ. राजेश कुमार को नियुक्त किया गया है, और पर्यावरण विभाग का कार्यभार अतिरिक्त मुख्य सचिव रोशनी सेन को सौंपा गया है।

### उड़ते हुए विमान में धूम्रपान करने के आरोप में यात्री गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुंबई से कोलकाता जा रही इंडिगो विमान से धूम्रपान करने के आरोप में बुधवार को एक यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इंडिगो की फ्लाइट 6ई 5122 मुंबई से कोलकाता जा रही थी। इसी दौरान, शेख गुलाम मुस्तफा नाम का एक यात्री शौचालय में जाकर धूम्रपान करने लगा। आरोप है कि रंगे हाथों पकड़े जाने पर मुस्तफा एयरलाइन स्टाफ से बहस करने लगा। अन्य यात्रियों ने यह सब देखा और मामले की जानकारी केबिन क्रू को दी गई। किसी भी तरह यात्री को उसके सीट पर बिठाया गया। इसके बाद, विमान के कोलकाता एयरपोर्ट पर उतरने के बाद सीआईएसएफ ने यात्री को हिरासत में ले लिया और नेताजी सुभाष चंद्र अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा थाने की पुलिस को सौंप दिया गया।

# शांतनु सेन ने आईएमए के राज्य सचिव के रूप में की वापसी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व सांसद और तृणमूल कांग्रेस के नेता शांतनु सेन ने हाल ही में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, पश्चिम बंगाल शाखा के राज्य सचिव के रूप में वापसी की है। उन्होंने पहले यह निर्णय लिया था कि वे आगामी चुनाव में हिस्सा नहीं लेंगे, लेकिन अंतिम क्षण में उन्होंने अपने फैसले को बदल दिया और चुनाव में हिस्सा लिया। आईएमए के राज्य सचिव पद के चुनाव में शांतनु सेन को 430 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी डॉ सुकांत चक्रवर्ती को केवल 116 वोट




मिले। इस चुनाव में तृणमूल समर्थित चिकित्सक पैनल ने बहुमत प्राप्त किया। चुनाव परिणामों के अनुसार, डॉ सुभाष चक्रवर्ती और डॉ चंदन घोषाल को अध्यक्ष और सचिव के रूप में फिर से चुना गया। इसके अलावा, उपाध्यक्ष के पद पर हावड़ा प्रशासनिक परिषद के प्रमुख डॉ. सुजॉय चक्रवर्ती, केएमसी की तृणमूल पार्षद डॉ. मीनाक्षी गंगोपाध्याय, संयुक्त सचिव पद पर डॉ. बिबर्तन साहा, सहायक सचिव पद पर डॉ. अनिरबन दलुई, डॉ. राजीव विश्वास और कोषाध्यक्ष पद पर डॉ. अभीक घोष विजयी रहे। 17 हजार से अधिक चिकित्सकों के इस संगठन के चुनाव में कुल 633 वोट डाले गए थे, और शांतनु सेन ने सबसे अधिक वोट हासिल किए।

# हरिकृष्ण द्विवेदी के नेतृत्व में छठे वित्त आयोग की नई समिति का गठन

## पंचायतों के उन्नयन के लिए राज्य का बड़ा कदम

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने पंचायतों के विकास और वित्तीय प्रबंधन को सुधारने के लिए छठे वित्त आयोग की एक नई समिति गठित की है। इस पांच सदस्यीय समिति के अध्यक्ष राज्य के पूर्व मुख्य सचिव हरिकृष्ण द्विवेदी को नियुक्त किया गया है।

समिति के अन्य सदस्यों में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी बरनाली बसु, पूर्व डब्ल्यूबीसीएस आशीष चक्रवर्ती, बैंक अधिकारी रूमा मुखोपाध्याय और पूर्व आईएएस अधिकारी अजय भट्टाचार्य शामिल है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इस समिति का मुख्य उद्देश्य पंचायतों की वित्तीय स्थिति को सुधारना, बेहतर आधारभूत ढांचे का निर्माण करना और सरकारी धन का समुचित उपयोग सुनिश्चित करना है। इसके अलावा, समिति पंचायत क्षेत्रों में लंबित करों के संग्रहण को गति देने और बकाया करों के भुगतान के उपायों पर भी विचार करेगी।

नवान्न सूत्रों के अनुसार, राज्य में कई पंचायत क्षेत्रों में वर्षों से कर संग्रहण कार्य लंबित है। इस समिति के माध्यम से इस मुद्दे को हल करने के प्रयास किए जाएंगे। इसके अलावा, विभिन्न सेवाओं के माध्यम से सरकारी आय बढ़ाने के लिए योजना बनाई जाएगी।

# बैंक धोखाधड़ी मामले में स्टील कंपनी के मालिक संजय सुरेखा गिरफ्तार

**✒ जांच के दौरान ईडी को कई महत्वपूर्ण जानकारी और दस्तावेज मिले**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बैंक धोखाधड़ी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने स्टील कंपनी के मालिक संजय सुरेखा गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने मंगलवार की सुबह से राज्य के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी की थी। कोलकाता के गरियाहाट, दमदम छावनी, हावड़ा, हुगली में एक साथ तलाशी ऑपरेशन चल रहा था। इस दौरान, कई जानकारी, दस्तावेज़ बरामद किए गए। बैंक धोखाधड़ी मामले की 2022 से जांच



चल रही है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, संजय सुरेखा पर 16 बैंकों से छह हजार करोड़ रुपए का लोन लिया और उसे चुकाने में असफल रहे। ईडी छापेमारी में दौरान संजय सुरेखा के ठिकानों से बड़ी मात्रा में सोना और लक्जरी कारें जब्त की गईं।

इसके बाद, मंगलवार देर रात उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस फर्जीवाड़े में कोई प्रभावशाली व्यक्ति तो शामिल नहीं है। ईडी का प्रारंभिक अनुमान है कि शेल कंपनियों और संस्थाओं के माध्यम से बड़ी मात्रा में धन की हेराफेरी की गई। साथ ही, पैसे की तस्करी विदेश में होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा रहा है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 293_2024-25, 294_2024-25, दिनांक 16.12.2024,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/2, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/ एसईबी/ एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा। क्रम सं. 1, ई-निविदा सं. 293_2024-25, कार्य का विवरण :** बर्द्धमान में जीर्ण-शीर्ण परित्यक्त क्वार्टरों का प्रतिस्थापन [परित्यक्त टाइप-I क्वार्टरों के स्थान पर टाइप-II क्वार्टर (20 यूनिट)] का निर्माण और एसएसई/डब्ल्यू/डानकुनी की शाखा में आरपीएफ पोस्ट डानकुनी के लिए 50 शय्या वाले आरपीएफ बैरक सह कार्यालय भवन का निर्माण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,95,49,824.37, **बयाना राशि:** रु. 2,97,800/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं. 294_2024-25, कार्य का विवरण :** वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा के क्षेत्राधिकार में फुट ओवर ब्रिज का मरम्मत/सुदृढ़ीकरण कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 81,92,461.28, **बयाना राशि:** रु. 1,63,900/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 माह (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 07.01.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-492/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

### पीड़ित प्रमोटर ने पार्षद के खिलाफ मुख्यमंत्री से की शिकायत, डीजी को भी ईमेल

**कोलकाता, समाज्ञा :** पार्षद के कारनामे की शिकायत लेकर प्रमोटर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के दरवाजे पर हैं। शिकायत ईमेल के माध्यम से दर्ज की गई। शिकायतें राज्य पुलिस डीजी राजीव कुमार और बिधाननगर नगर निगम मेयर कृष्णा चक्रवर्ती को भी ईमेल की गई हैं। लेकिन आरोपी पार्षद अभी भी निर्दोष है। उसे नहीं पाकर बागुईआटी थाने की पुलिस ने उसके घर पर नोटिस लटका दिया। आरोप है कि मांगे गए पैसे नहीं देने पर पार्षद ने लोगों को भेजकर प्रमोटर की पिटाई कर दी। शिकायत के बाद से पार्षद भी गायब हैं। पुलिस ने उसकी तलाश में सोमवार को पार्षद के घर समेत कई जगहों पर छापेमारी की। सूत्रों के मुताबिक पार्षद के उत्तरी देशबंधु नगर स्थित घर पर ही पुलिस कई बार आई । की वहां पार्षद नहीं मिले। लेकिन उसकी पत्नी घर पर है। पुलिस ने पार्षद के मोबाइल फोन पर कई बार संपर्क करने की कोशिश की। हालांकि, उनसे फोन पर संपर्क करना संभव नहीं हो सका। आखिरकार बागुईआटी थाने की पुलिस की ओर से उनके घर की दीवार पर नोटिस चिपका दिया गया। उन्हें बागुईआटी थाने में मिलने को कहा गया है। बाद में उस रात किशोर हाल्दा ने ईमेल के माध्यम से मुख्यमंत्री, राज्य पुलिस महानिदेशक और बिधाननगर नगरपालिका के मेयर से शिकायत की।

# आरजीकर मामले में गवाही समाप्त, 50 गवाहों के बयान किए गए दर्ज

## कल अदालत आरोपित संजय का सुनेगी बयान

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की जूनियर महिला डॉक्टर से अस्पताल परिसर में हुए जघन्य दुष्कर्म और हत्या के मामले में चल रहे मुकदमे के दौरान कुल 50 गवाहों के बयान दर्ज किए गए हैं। मुकदमे की प्रक्रिया अदालत के बंद दरवाजों के भीतर बंद कमरे में चल रही है।

सीबीआई द्वारा दायर पहले और एकमात्र आरोपपत्र में अपराध में एकमात्र मुख्य आरोपित सिविक वॉलिंटियर संजय राय का बयान शुक्रवार को दर्ज किया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि उस राय के वकील द्वारा सुझाए गए नए गवाहों को बयान दर्ज करने की सूची में शामिल किया जा सकता है। हाल में विशेष अदालत ने मामले में सुबूतों से छेड़छाड़ करने के दो आरोपितों को जमानत दे दी, क्योंकि सीबीआई उनकी गिरफ्तारी की तारीख से 90 दिनों के भीतर दोनों के नाम सहित पूरक आरोपपत्र दाखिल करने में विफल रही। ये दोनों आरजीकर के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और टाला पुलिस स्टेशन के पूर्व एसएचओ अभिजीत मंडल हैं। दोनों पर जांच को गुमराह करने और सुबूतों से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया गया था, जबकि मामले की शुरुआती जांच कोलकाता पुलिस द्वारा की जा रही थी। आरजी कर में वित्तीय अनियमितताओं के मामले में सीबीआई द्वारा उसके खिलाफ चल रही समानांतर जांच के कारण घोष अभी भी न्यायिक हिरासत में है जबकि मंडल जमानत पर बाहर है।

# शिक्षक भर्ती घोटाले में सीबीआई ने सुजयकृष्ण को हिरासत में लिया

**✒ अदालत ने सुजय को रोजाना एक घंटे के लिए वकील से मिलने की अनुमति दी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीबीआई ने बुधवार को शिक्षक भर्ती घोटाले में आरोपित सुजयकृष्ण भद्र को अपनी हिरासत में ले लिया। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई के अधिकारी मंगलवार की देर रात दक्षिण कोलकाता में प्रेसिडेंसी जेल पहुंचे और वहां से उसे कोलकाता के जोका में केंद्र सरकार द्वारा संचालित ईएसआई अस्पताल में मेडिकल जांच के लिए ले गए। मेडिकल जांच के बाद सुजयकृष्ण को जांच एजेंसी के निजाम पैलेस कार्यालय लाया गया। बता दें कि इससे पहले मंगलवार को सीबीआई अधिकारियों ने भद्र को कोलकाता की एक विशेष अदालत में वर्चुअली पेश करने के बाद गिरफ्तार दिखाया था। सीबीआई हिरासत की उसकी वर्तमान अवधि 21 दिसंबर है और उसे उसी दिन विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। अदालत ने सुजय को सीबीआई हिरासत के दौरान रोजाना एक घंटे के लिए अपने वकील से मिलने की अनुमति दी है। हालांकि, केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों द्वारा पूछताछ के दौरान उसके वकील को उपस्थित रहने की अनुमति नहीं होगी। छह दिसंबर को कलकत्ता उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने ईडी द्वारा दर्ज मामले में सुजय को सशर्त जमानत दे दी थी।

**पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन**

(रजिस्ट्रेशन नः S/IL/22423 Under W.B.Societies Registration Act 1961)
39ए, जोरापुकर स्कायर लेन, कोलकता- 700 006

**वार्षिक साधारण सभा की सुचना**

सम्मेलन की साधारण सभा दिनांक 10 जनवरी 2025 शुक्रवार को अपरान्ह 3 बजे सम्मेलन कार्यालय में निम्नांकित विषयो पर विचार हेतु होगी :-

1. गत बैठक की कार्यवाई स्वीकृत करना।
2. वर्ष 2023-24 का हिसाब किताब व आडिट रिपोर्ट स्वीकृत करना।
3. वर्ष 2024-25 हेतु आडिटर नियुक्त करना।
4. शाखाओं द्वारा कम से कम 30 % सदस्यता बढ़ाने पर जोर।
5. सम्मेलन में सामाजिक कार्यकत्ताओं को जोड़ने पर विचार विमर्श।
6. नए शाखाओं को खोलने पर विचार विमर्श।
7. सुचारू कार्य हेतु कार्यकारिणि समिति को पुर्नगठन करना।
8. विविध, अध्यक्ष की अनुमति से।

**नन्दकिशोर अग्रवाल**
**अध्यक्ष**
**दिनांक 18 दिसम्बर 24**

# पॉक्सो मामले को लेकर अब विकास मिश्रा ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

**✒ अगले सप्ताह सुनवाई संभव**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पॉक्सो मामले को लेकर निचली अदालत के बाद विकास मिश्रा हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटा रहे हैं। हाईकोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल करने के लिए मामला दर्ज किया है। इस बीच पुलिस के खिलाफ शिकायत की गई है, 20 दिन से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस पीड़िता का गुप्त बयान निचली अदालत में लेने की व्यवस्था नहीं कर रही है। विकास का दावा है कि उनके खिलाफ दर्ज किया गया पॉक्सो मामला निराधार है। उन पर अपने दादा की बेटी के साथ यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगा है। अगले सप्ताह सुनवाई होने की संभावना है। कोयला और गाय तस्करी मामले में सीबीआई ने विकास मिश्रा को गिरफ्तार किया। बाद में विनय मिश्रा के भाई विकास मिश्रा को कालीघाट थाने की पुलिस ने एक नाबालिग लड़की से यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार कर लिया था।उनके खिलाफ पॉक्सो समेत कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है लेकिन विकास ने दावा किया कि ये सभी मामले बेबुनियाद हैं।



लोक विख्यात् संत परम पूज्य
**श्री सुधांशुजी महाराज**
की मधुर वाणी में
**परिवर्तन के लिए सत-संग**
दिनांक : 20, 21 एवं 22 दिसम्बर 2024
प्रातः 9 से 11 बजे एवं सायं 5 से 7 बजे तक
**शनिवार, 21 दिसम्बर, 2024**
दीक्षार्थीयो से साक्षात्कार : सुबह 11.30 बजे से ,
संगीतमय सुन्दरकांड पाठ : दोपहर : 12.30 बजे से
**रविवार, 22 दिसम्बर, 2024**
रक्तदान : प्रातः 10.00 बजे से
गुरु दीक्षा समारोह : सुबह 11.30 बजे से
दीक्षा प्रवचन स्थल पर होगी। दीक्षा लेने के इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :
फोन : 8777843949/9830245860
**स्थान : साइन्स सिटी ऑडिटोरियम, कोलकाता**
emami FOUNDATION
आप सभी सादर आमंत्रित हैं।
आयोजक : विश्व जागृति मिशन ट्रस्ट, कोलकाता, फोनः 2343 7990

**पश्चिम मध्य रेल**

**विद्युत ( सामान्य शाखा )-खुली निविदा**

मंडल रेल प्रबंधक ( विद्युत सामान्य ) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यो हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है। **क्र.संख्या-01-निविदा सूचना क्रमांक:** जबल/एल/टी नं.44/2024 दिनांक 14.12.2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-डीआरएम कार्यालय के रिमोट कंट्रोल सेंटर में केंद्रीकृत एयर कंडीशनिंग प्लांट का तीन वर्ष की अवधि के लिए वार्षिक व्यापक रखरखाव और संचालन। **निविदा का अनुमानित मूल्य ( कीमत लाखों में )**-रू.33,88,193.76, **निविदा फार्म की कीमत ( रूपये में )**-00/-, **कार्यालय का पता जहां टेंडर फार्म खरीदा जा सकता है**- वरि. मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर **बयाना राशि रुपए**-रू.67,800/-**समापन अवधि ( माह/वर्ष )**-36 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय ( 15.00 बजे तक )**-06.01.2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय ( 15.30 बजे तक )**-06.01.2025 **क्र.संख्या-02-निविदा सूचना क्रमांक:**: जबल/एल/टी नं.48/ 2024 दिनांक 11.12.2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-02 विविध कार्यो का विद्युतीकरण (i) जबलपुर डिवीजन - सबस्टेशन के सुधार सहित विद्युत आपूर्ति व्यवस्था का उन्नयन (ii) जबलपुर डिवीजनः वायरिंग कार्य सहित सबस्टेशन भवन का पुनर्वास नवीनीकरण। **निविदा का अनुमानित मूल्य ( कीमत लाखों में )**-रू. 2,26,09,667.47, **निविदा फार्म की कीमत ( रूपये में )**-00/, **कार्यालय का पता जहां टेंडर फार्म खरीदा जा सकता है**- वरि. मंडल विद्युत अभियंता/ सामान्य/ जबलपुर **बयाना राशि रुपए**-रू.2,63,100/-**समापन अवधि ( माह/वर्ष )**-6 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय ( 15.00 बजे तक )**-06.01.2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय ( 15.30 बजे तक )**-06.01.2025 **क्र.संख्या-03-निविदा सूचना क्रमांक:**: जबल/एल/टी नं.49/ 2024 दिनांक 11.12.2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-जबलपुर में नीलांबरी अधिकारी विश्राम गृह के परिसर में कक्ष क्रमांक 203, 204, 113 और 115 के सुधार/नवीनीकरण सहित शौचालय और अन्य विविध कार्य के लिए। **निविदा का अनुमानित मूल्य ( कीमत लाखों में )**-रू. 18,25,517.65, **निविदा फार्म की कीमत ( रूपये में )**-00/, **कार्यालय का पता जहां टेंडर फार्म खरीदा जा सकता है**- वरि. मंडल विद्युत अभियंता/ सामान्य/ जबलपुर **बयाना राशि रुपए**-रू.36,500/-**समापन अवधि ( माह/वर्ष )**-6 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय ( 15.00 बजे तक )**-06.01.2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय ( 15.30 बजे तक )**-06.01.2025 **क्र.संख्या-04-निविदा सूचना क्रमांक:**: जबल/एल/टी नं.50/ 2024 दिनांक 12.12.2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-कटनी- बीना- रेलवे बोर्ड के नए दिशा- निर्देशों के अनुसार स्टेशन पर दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं (फुट ओवर ब्रिज के अलावा) का प्रावधान / सुधार। **निविदा का अनुमानित मूल्य ( कीमत लाखों में )**-रू. 1,77,49,296.50, **निविदा फार्म की कीमत ( रूपये में )**-00/, **कार्यालय का पता जहां टेंडर फार्म खरीदा जा सकता है**- वरि. मंडल विद्युत अभियंता/ सामान्य/ जबलपुर **बयाना राशि रुपए**-रू.2,38,800/-**समापन अवधि ( माह/वर्ष )**-6 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय ( 15.00 बजे तक )**-13.01.2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय ( 15.30 बजे तक )**-13.01.2025। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेब साइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है। पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेब साइट से डाउन लोड की जा सकती है।

**वरि. मंडल विद्युत अभियंता ( सामान्य ) जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

# यूरोप में नौकरी के लिए बांग्लादेशियों का फर्जी भारतीय पासपोर्ट का सहारा, कोलकाता में बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर

**कोलकाता, समाज्ञा :** यूरोप में नौकरी पाने की चाहत में बांग्लादेशी नागरिक फर्जी भारतीय पासपोर्ट का सहारा ले रहे हैं। इस बड़े फर्जीवाड़े का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने खुलासा किया कि कोलकाता में एक संगठित गिरोह मोटी रकम लेकर फर्जी पासपोर्ट तैयार करता था। इस चौंकाने वाली जानकारी में यह भी सामने आया है कि इस गोरखधंधे में पुलिस के निचले स्तर के कुछ कर्मियों की मिलीभगत भी थी पुलिस के अनुसार बांग्लादेशी पासपोर्ट या वहां के नागरिक होने की पहचान के साथ यूरोप में नौकरी पाना मुश्किल है। ऐसे में भारतीय पासपोर्ट बांग्लादेशियों के लिए एक आसान विकल्प बन गया। गिरोह के मुख्य सरगना समरेश विश्वास और उनके बेटे रिपन विश्वास ने यह नेटवर्क उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना और नदिया तक फैला रखा था।

**❑ फर्जीवाड़े का तरीका और पुलिस की मिलीभगत का आरोप**

जांच में पता चला है कि पासपोर्ट आवेदन के दौरान सही तरीके से वेरिफिकेशन किए बिना ही आवेदकों की जानकारी पोर्टल पर अपलोड कर दी जाती थी। इसमें जिला खुफिया ब्यूरो (डीआईबी) के कुछ कर्मियों की संलिप्तता सामने आई है। बताया जा रहा है कि कोलकाता में ही समरेश और उनके गिरोह ने तीन हजार से अधिक फर्जी पासपोर्ट बनाए। उत्तर 24 परगना के पासपोर्ट सेवा केंद्र के अस्थायी कर्मचारी तारकनाथ सेन पर भी 200 से अधिक फर्जी पासपोर्ट बनाने का आरोप है। फिलहाल जांच एजेंसियों ने 73 फर्जी पासपोर्ट की पहचान कर ली है। इस गिरोह के एजेंट और सब-एजेंट्स बांग्लादेशी घुसपैठियों के संपर्क में रहते थे। मोटी रकम लेकर उनके लिए फर्जी भारतीय पासपोर्ट तैयार किए जाते थे, जिनका इस्तेमाल यूरोप जाने और वहां नौकरी पाने के लिए किया जाता था।

**❑ प्रशासन की भूमिका पर सवाल**

इस फर्जीवाड़े के इतने लंबे समय तक चलने पर सवाल उठ रहे हैं कि क्या प्रशासन और पुलिस के सहयोग के बिना यह संभव था। जांच एजेंसियां इस पूरे नेटवर्क की तह तक जाने की कोशिश कर रही हैं।

### फर्जी पासपोर्ट रैकेट मामले में कोलकाता से एक और गिरफ्तार

अवैध बांग्लादेशी निवासियों के लिए फर्जी भारतीय पासपोर्ट बनाने के मामले में बुधवार को पुलिस ने दीपंकर दास नामक एक व्यक्ति को कोलकाता के बेहाला से गिरफ्तार किया है। इस मामले में गिरफ्तार लोगों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। इनमें डाक विभाग के दो संविदा कर्मचारी भी शामिल हैं। बता दें कि पुलिस ने इस मामले में मंगलवार को डाक विभाग के एक और संविदा कर्मचारी तारकनाथ सेन को गिरफ्तार किया था। 15 दिसंबर को फर्जी पासपोर्ट रैकेट के सिलसिले में समरेश बिस्वास और दीपक मंडल नामक दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था। उसके पहले समरेश बिस्वास के बेटे रिपन बिस्वास को गिरफ्तार किया गया था। मंडल भी डाक विभाग का संविदा कर्मचारी था। समरेश बिस्वास ही इस रैकेट का मास्टरमाइंड है। पुलिस के सूत्रों ने कहा कि डाक विभाग के दो संविदा कर्मचारियों की लगातार गिरफ्तारी से यह आशंका और मजबूत हो गई है कि इस तरह के रैकेट ने उक्त विभाग के कुछ अंदरूनी लोगों के बीच एक नेटवर्क विकसित कर लिया है। यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि क्या उक्त विभाग के कुछ स्थायी कर्मचारी भी इस तरह के रैकेट में शामिल थे।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
**समाज्ञा**
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ PROPERTY ▪ RECRUITMENT
▪ EDUCATION ▪ NAME CHANGE ▪ PUBLIC NOTICE
▪ OBITUARY ▪ REMEMBRANCE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# सड़क दुर्घटनाओं का 'डेथ ऑडिट' हुआ अनिवार्य, स्वास्थ्य भवन ने जारी की अधिसूचना

## अस्पतालों को हर सोमवार को जिला मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी जमा देना होगा 'डेथ रिपोर्ट'

**कोलकाता, समाज्ञा :** नियम बने तो थे लेकिन कभी कार्यान्वयन नहीं हो पाया। लगभग कोई भी अस्पताल वास्तव में ऐसा नहीं किया। इसलिए, स्वास्थ्य भवन ने एक औपचारिक नोटिस जारी किया जिसमें कहा गया कि प्रत्येक सड़क दुर्घटना में होने वाली मौत का ऑडिट किया जाना होगा। यानी सड़क दुर्घटना या उसके मुख्य कारण के मामले में अस्पताल में भर्ती होने, उपचार और मृत्यु या ठीक होने की स्थिति में उपचार का सही प्रकार और कितने समय तक, इसका पूरा विवरण विशिष्ट पोर्टल में दर्ज किया जाना चाहिए। अस्पतालों को हर दुर्घटना पर 'मृत्यु रिपोर्ट' हर सप्ताह के सोमवार को जिला मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपनी होगी। स्वास्थ्य भवन सूत्रों के अनुसार पिछले सप्ताह स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव और अस्पताल व मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों की मौजूदगी में यह निर्णय लिया गया। अब सवाल यह है कि आम तौर पर सड़क दुर्घटना में मौत के बाद पोस्टमार्टम किया




जाता है लेकिन डेथ ऑडिट क्यों? स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक डेथ ऑडिट से कई अहम सवालों के जवाब मिलेंगे। उसके आधार पर सड़क दुर्घटनाओं की संख्या पर नियंत्रण संभव है। पहला, दुर्घटनास्थल से अस्पताल कितनी दूर है? एक निश्चित समयावधि में उस स्थान पर कितनी दुर्घटनाएं होती हैं? किस प्रकार की वाहन दुर्घटनाएँ अधिक आम हैं? घायल व्यक्ति के शरीर के किस अंग पर अधिक चोट लगती है? मान लीजिए कि एक घायल व्यक्ति को सिर और गर्दन पर कई चोटों के साथ भर्ती कराया गया है, तो उस प्रकार के विशेषज्ञ ने क्या इलाज किया? या फिर कोई स्पेशलिस्ट डॉक्टर है? डेथ ऑडिट से पता चल सकता है? इसके अलावा, सड़क दुर्घटना स्थल के नजदीक अस्पताल में ट्रॉमा केयर सेंटर को बदलना जरूरी है या नहीं, जरूरत पड़ने पर स्वास्थ्य विभाग यह कदम भी उठा सकता है। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि जिले से प्राप्त डेथ ऑडिट रिपोर्ट लोक निर्माण एवं शहरी विकास विभाग को भेजी जाएगी। ताकि अस्पताल के बुनियादी ढांचे को बदलने में सुविधा हो।

## शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में कई आरोपियों को मिली जमानत

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्राथमिक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में न्यायाधीश ने कई आरोपियों को जमानत दे दी। क्रिसमस की छुट्टी से पहले चार्ज गठन हो सकता है। आरोपियों को आज बुधवार को बैंकशाल कोर्ट में पेश किया गया। आरोपियों ने वकीलों के माध्यम से जमानत के लिए आवेदन किया। जज ने अर्जी मंजूर कर ली और 1000 रुपए के निजी मुचलके पर जमानत दे दी। साथ ही, जज क्रिसमस की छुट्टियों से पहले आरोप तय करने और सुनवाई शुरू करने के इच्छुक हैं। पार्थ चट्टोपाध्याय, अयान शील, शांतनु बनर्जी और संतु गंगोपाध्याय बुधवार को वर्चुअली सामने आए हैं। साथ ही, कोर्ट ने ईडी की भूमिका और काम को लेकर गुस्सा जताया। ईडीके कोर्ट का सवाल, आरोपियों को समय पर कॉपी क्यों नहीं दी गई? जज ने कॉलेज के विद्यार्थियों की मानसिकता से तुलना की। कॉलेज की परीक्षा सुबह 10:30 बजे शुरू होती है। और दस बजे हॉस्टल से कपड़े और कलम लेकर भागना। मामले की अगली सुनवाई 20 दिसंबर को होगी।

## गर्मी की छुट्टियां केवल नौ दिन, प्राथमिक स्कूलों की छुट्टियों की सूची में बड़ा बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के सरकारी प्राथमिक स्कूलों के छुट्टियों के कैलेंडर में बदलाव किया गया है। गर्मी की छुट्टियां कम कर पूजा की छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं।पिछले वर्ष की तुलना में ग्रीष्मकालीन अवकाश दस दिन कम कर दिया गया है। 2025 में, प्राइमरी स्कूलों में सिर्फ 9 दिन की गर्मी की छुट्टियां दी जाएंगी। 2024 अवकाश कैलेंडर में राज्य भर के प्राथमिक विद्यालयों को 19 दिनों की गर्मी की छुट्टी प्रदान की गई। राज्य प्राथमिक शिक्षा बोर्ड ने अवकाश कैलेंडर 2025 तैयार कर लिया है। इस छुट्टियों की सूची में एक बदलाव हुआ है क्या लंबी गर्मी की छुट्टियों के कारण राज्य भर के प्राथमिक विद्यालयों में व्यवधान के कारण गर्मी की छुट्टियों में कटौती की गई है? हालांकि, प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष गौतम पाल ने दावा किया कि विभिन्न शिक्षक संगठनों की मांग पूजा की छुट्टी बढ़ाने की थी। इसलिए हमने पूजा की छुट्टियां बढ़ाकर गर्मी की छुट्टियां कम कर दी हैं।

## छेड़छाड़ की घटना पर रणक्षेत्र बना मयनागुड़ी, तोड़फोड़ के बाद पुलिस की गाड़ी फूंकी

**जलपाईगुड़ी :** जिले के मयनागुड़ी के भोटपट्टी इलाके में एक छेड़छाड़ की घटना से आक्रोशित जनता के पथावरोध को हटाने गई पुलिस को जनता के क्रोध का सामना करना पड़ा। पुलिस के साथ भीड़ की झड़प शुरू हो गई। देखते ही देखते पूरा इलाका रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। वहीं, प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ की और उन्हें आग के हवाले कर दिया। पुलिस व स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मंगलवार की रात दो छात्राएं ट्यूशन पढ़कर घर लौट रही थीं। आरोप है कि रास्ते में उनके साथ छेड़छाड़ की गई। इसके घटना के विरोध में स्थानीय



निवासियों ने बुधवार की दोपहर इलाके में सड़क जाम कर दी। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग के साथ ही लड़कियों की सुरक्षा की मांग को लेकर इलाके में भीड़ विरोध प्रदर्शन करती रही। खबर मिलते ही पुलिस जाम हटाने पहुंची। इसके बाद, मामला और गरमा गया। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर हमला कर दिया। पुलिस की गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की गई। स्थिति को संभालने के लिए इलाके में फोर्स बढ़ा दी गई है। वहीं, खबर लिखे जाने तक पुलिस ने अफवाह फैलाने और पुलिस वाहन में तोड़फोड़ के मामले में 20 लोगों को गिरफ्तार किया था।

## महिला की गोलीमार कर हत्या, भाग रहे बदमाश को भीड़ ने पीटकर मार डाला

**अलीपुरद्वार :** अलीपुरद्वार शहर के वार्ड 13 में मंगलवार की रात एक बदमाश ने एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी। भागने के दौरान बदमाश ने एक और गोली चलाई जिसमें एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने आरोपित को पकड़ लिया और लोगों की भीड़ ने बदमाश की सामूहिक पिटाई कर डाली। अस्पताल ले जाने पर इलाज के दौरान आरोपित की हो गई। स्थानीय निवासियों के अनुसार, अलीपुरद्वार के समाजपाड़ा इलाके में एक बदमाश बाइक से आया और कौशिल्या महतो नाम की महिला के सिर में गोली मार दी। इस घटना के बाद आरोपित बदमाश ने बाइक से भागने की कोशिश की। स्थानीय निवासियों ने युवक का पीछा किया। भागते समय बदमाश ने ईंट भट्ठे पर दोबारा फायरिंग कर दी जिसमें एक अन्य युवक घायल हो गया। स्थानीय निवासियों ने आरोपित बदमाश को पकड़ लिया और उसकी सामूहिक पिटाई कर डाली। इस बीच गोली से घायल महिला और घायल युवक सहित आरोपित को अलीपुरद्वार अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। गोली से घायल एक अन्य युवक अलीपुरद्वार जिला अस्पताल में भर्ती है। बाद में, आरोपित युवक की भी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने पर एसडीपीओ श्रीनिवास एमपी मौके पर आये। वह इस बारे में कुछ भी नहीं कहना चाहते थे। किस वजह से गोली मारी गई, इसको लेकर अटकलें शुरू हो गई हैं। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

## कूचबिहार में मिला 'पाकिस्तान' लिखा मोर्टार शेल, जांच में जुटी बीएसएफ

**कूचबिहार :** जिले के दिनहाटा इलाके में बुधवार को एक निर्माण कार्य के दौरान 'पाकिस्तान' लिखा हुआ मोर्टार शेल मिलने से सनसनी फैल गई। स्थानीय मजदूरों ने इस विस्फोटक को देखकर तुरंत बीएसएफ को सूचित किया, जिसके बाद बीएसएफ और उनकी बम निरोधक टीम ने मौके पर पहुंचकर शेल को निष्क्रिय किया। घटना दिनहाटा के चौधरीहाट ग्राम पंचायत के झिकरी इलाके की है। बताया गया है कि इस दिन, निर्माण कार्य में जुटे मजदूर जब खुदाई कर रहे थे, तभी एक मजदूर का औजार किसी लोहे जैसी वस्तु से टकरा गया। पहले तो मजदूर समझ नहीं पाए लेकिन जैसे ही उन्हें अंदाजा हुआ, उन्होंने शोर मचाना शुरू



कर दिया। आस-पास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और देखा कि जमीन के नीचे से एक बड़ा बम जैसा दिखने वाला शेल बाहर झांक रहा है। स्थानीय लोगों ने तुरंत बीएसएफ को इस बारे में जानकारी दी। बीएसएफ जवान और उनकी बम निरोधक टीम ने मौके पर पहुंचकर शेल को निष्क्रिय कर दिया। यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह मोर्टार शेल वहां कैसे पहुंचा। अंदाजा लगाया जा रहा है कि 1971 की जंग के समय का यह बम हो सकता है। फिलहाल, मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल रूबी पार्क का वार्षिक कला प्रदर्शनी का सफल आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली पब्लिक स्कूल रूबी पार्क ने प्रतिष्ठित आईसीसीआर अबनिंद्रनाथ गैलरी में अपना वार्षिक कला प्रदर्शनी का सफल रूप से आयोजन किया। यह प्रदर्शनी 13 दिसंबर से 15 दिसंबर तक चली। इस प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा कैनवास पर ऐक्रेलिक, वाटर कलर, पेस्टल, मिक्सड मीडिया और लिनोकट प्रिंट जैसे विविध कला रूपों की 215 पेंटिंग प्रदर्शित की गई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रिंसिपल ज्योति चौधरी और प्रबंधन के सदस्यों द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात मूर्तिकार बिमल कुंडू और विशिष्ट अतिथि के रूप में कला क्यूरेटर और पुरालेखपाल सौनक




चक्रवर्ती उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। अतिथियों ने स्कूल के युवा कलाकारों को प्रेरित किया और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के महत्व की पुष्टि की। इस मौके पर पांच छात्रों को उनके असाधारण कलात्मक कौशल का जश्न मनाते हुए प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

## बी.आर सिंह अस्पताल में सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारियों के लिए टीकाकरण शिविर का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग द्वारा मंगलवार को सेवानिवृत्त रेलवे राजपत्रित अधिकारियों के लिए टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन बी.आर सिंह अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. सुभाशीष दास और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और डॉ. कल्पना मंडल के नेतृत्व में किया गया। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा डॉ. मंदिरा बनर्जी की देखरेख में बी.आर. सिंह अस्पताल सभागार में आयोजित इस शिविर के दौरान 75 लाभार्थियों को इन्फ्लूएंजा का टीका लगाया गया, जबकि 23 रेलवे लाभार्थियों को निमोनिया का टीका लगाया गया। ये टीके विशेषकर बुजुर्ग लोगों में श्वसन संक्रमण को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस तरह की पहल सेवानिवृत्त रेलवे कर्मियों के स्वास्थ्य को सेहतमंद बनाए रखने में सहायक है।

## सियालदह डिवीजन में लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के लिए मुर्शिदाबाद में नया गुड्स शेड

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन ने हंग्री फॉर कार्गो मंत्र क अपनाते हुए अपने माल लदान क्षमता को बढ़ाने के लिए एक मिशन मोड में है। इसके तहत, मुर्शिदाबाद में बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के लिए एक नया माल शेड चालू किया गया है। नवनिर्मित गुड्स शेड सीमेंट, उर्वरक, खाद्यान्न आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए रणनीतिक रूप से स्थित है। इस नए टर्मिनल पर लोडिंग और अनलोडिंग परिचालन शुरू होने के साथ, मौजूदा कोसिमबाजार गुड्स शेड पर अत्यधिक बोझ कम हो जाएगा। जिससे परिचालन दक्षता में सुधार होगा और पारगमन समय कम



होगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक पवन कुमार और वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक पंकज यादव ने इस क्षेत्र के आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए बड़ी संख्या में ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए बुधवार को रेलवे उपयोगकर्ताओं के साथ बातचीत की है। इसके साथ ही, सियालदह डिवीजन ने स्थानीय व्यापारियों के लिए एक विशेष प्रोत्साहन की घोषणा की है। सियालदह डिवीजन डीआरएम दीपक निगम के नेतृत्व में हंग्री-फॉर-कार्गो पहल कर रहा है, जिसने माल लदान और ग्राहक सेवा में उत्कृष्टता की दिशा में प्रभावशाली परिणाम दिए हैं।

## चित्तरंजन के देशबंधु विद्यालय (बालक) का 72वां वर्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न



**चित्तरंजन, समाज्ञा :** चित्तरंजन के देशबंधु विद्यालय (बालक) का 72वां वर्षिकोत्सव बड़े हर्षोल्लाष के साथ मनाया गया। मंगलवार को आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ऊत्तम कुमार माइति, उपमहाप्रबंधक सह कार्यकारी अधिकारी( विद्यालय), चिरेका के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर स्कूल के छात्रों द्वारा रंगारंग एवं मनमोहक कार्यक्रम पेश किए गए। नशा मुक्ति के लिए प्रस्तुत नाटक, पेड़ों की रक्षा हेतु प्रस्तुत कार्यक्रम, चंद्रयान की सफलता पर आधारित प्रस्तुति न केवल शिक्षावर्धक थी बल्कि अत्यंत मनोरंजक भी था। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कि गई। जिसमें विद्यालय की उपलब्धियां एवं छात्रों के परिक्षाफल एवं प्रतियोगिता परिक्षाओं में उनकी सफलता का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। उप महाप्रबंधक एवं अन्य उपस्थित अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से छात्रों, शिक्षकों एवं विद्यालय के अन्य सभी कर्मचारियों को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उप महाप्रबंधक ने अपने आर्शिवचनों से सभी को लाभांवित किया।


**चतुर्थ पुण्य तिथि**



जन्म 28.10.1940 — बैकुण्ठवास 18.12.2020

**स्व. छोटेलालजी अग्रवाल**

आपको आपकी **चतुर्थ पुण्य तिथि** पर
अश्रुपूरित नेत्रों से हमारा भाव भरा नमन्!

**शोकाकुल :**
श्रवण अग्रवाल (पुत्र)
सज्जन अग्रवाल-निशा, विजय-रीता अग्रवाल (पुत्र-पुत्रवधू)
सरोज-किशन गोयनका, शशि-पवन अग्रवाल
प्रभा-लक्खी चांदगोठिया (पुत्री-दामाद)
चिराग, विधान (पौत्र), श्रृष्ठि, विधि (पौत्री)

**प्रतिष्ठानः**
**SHREE SATABDI TYRE**
32A/7 B.T. Road
kolkata-700002

**GITA KUNJ**
137, Cotton Street,
3rd Floor, Kokata- 700007


## एम.सी.के.वी. ओलिंपियाड 2024 में विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा शहर के स्वनामधन्य शिक्षण संस्थान एम.सी. केजरीवाल विद्यापीठ ने अपने छात्रों और अभिभावकों के लिए वार्षिक क्रीड़ोत्सव 'एम.सी.के.वी ओलिंपियाड 2024' का आयोजन किया। यह कार्यक्रम 14 दिसंबर को घुसुड़ी स्थित एच.आई.टी. स्पोर्ट्स मैदान में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में आकाश गांगुली, एडवोकेट, कलकत्ता उच्च न्यायालय तथा ऋषभ वर्मा, ऑपरेशनल हेड, टाटा कंसल्टेंसी, कोलकाता आमंत्रित थे। यह दोनों ही सम्मानित अतिथि एम.सी.के.वी के भूतपूर्व छात्र तथा एल्यूमिन सदस्य हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन किशन कुमार केजरीवाल, डायरेक्टर नीलकंठ गुप्ता, सी.ई.ओ पार्थसारथी चक्रवर्ती, ट्रस्टी अभय केजरीवाल, प्रधानाचार्या शर्मीली बंदोपाध्याय की उपस्थिति में अतिथियों के स्वागत और अभिनंदन के साथ हुआ। तत्पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या ने अपने वक्तव्य में विद्यालय के निरंतर विकास और उन्नति के लिए अनुशासन पर बल देते हुए अभिभावकों को उनकी सक्रिय भूमिका के लिए के लिए आह्वान किया। मशाल जलाना खेल दिवस की पारंपरिक शुरूआत का प्रतीक हैश्र मशाल की रोशनी ने छात्रों में उत्साह और सही खेल भावना के बीज बोने तथा हर एक खिलाड़ी के हृदय में जुनून और सही प्रतिस्पर्धा की भावना को संप्रेषित किया। चारों सदनों, एन.सी.सी तथा स्काउट के सदस्यों ने सारे जहां से अच्छा बैंड की धुन के साथ ताल से ताल मिलाते हुए परेड का एक अदभुत नजारा पेश किया। विद्यालय-गान के पश्चात इस खेलकूद-प्रतियोगिता के आरंभ की औपचारिक घोषणा हुई। प्रतिस्पर्धाओं के प्रथम चरण में नर्सरी, केजी और कक्षा एक के बच्चों ने फैंसी वाक के जरिए एक



अदभुत समा बांधा और साथ ही विभिन्न खेल में भगीदारिता के द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा तीसरी और चौथी के बच्चों ने ड्रिल से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। पहले चक्र के पुरस्कार वितरण के पश्चात पुनः आरंभ हुआ सातवीं कक्षा तक के छात्रों का प्रदर्शन। विविधताओं से भरे विभिन्न खेलकूद के द्वारा उन्होंने यह साबित कर दिया कि बड़ों से वे किसी भी दृष्टि में कम नहीं हैं। प्रथम श्रेणी से लेकर चौथी श्रेणी तक के विद्यार्थियों ने भी विभिन्न दौड़ प्रतिस्पर्धाओं के जरिए अपने बेहतरीन हुनर का परिचय दिया। इस संदर्भ में कक्षा पांचवीं और सातवीं द्वारा प्रस्तुत फ्रॉस्ट टू फ्लोरा ड्रिल विशेष उल्लेखनीय था। जिसने एक ओर दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया, तो दूसरी ओर उन्हें अपने बचपन की सुखद स्मृतियों में खो जाने का अवसर भी दिया। इसी के साथ पुरस्कार वितरण का दूसरा चरण संपन्न हुआ।

प्रतियोगिता के तृतीय चरण में कक्षा पांचवीं से आठवीं के छात्रों ने विविध दौड़ प्रतियोगिताओं जैसे बाधा और रिले रेस में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। योग के विभिन्न मुद्राओं को सरलता के साथ प्रदर्शित कर छात्रों ने हमारी प्राचीन योग कला को जीवंत बना दिया। इसके बाद तीसरे चरण का पुरस्कार वितरण किया गया। प्रतियोगिता के चौथे चरण में कक्षा नवीं और ग्यारहवीं छात्रों ने अपनी युवा शक्ति का प्रदर्शन रिले रेस और टग ऑफ वॉर के माध्यम से प्रस्तुत किया। कराटे के अद्भुत कारनामों के साथ कक्षा चौथी से सातवीं के छात्रों ने अद्भुत नजारा पेश किया। हमारे भूतपूर्व छात्रों का समूह एल्युमिनी रेस में हिस्सा लेकर अपनी पुरानी स्मृतियों को तरो-ताजा किया। इसके साथ ही अंतिम चरण का पुरस्कार वितरण संपन्न हुआ।

इस पूरे कार्यक्रम की सबसे अहम बात यह थी कि लगभग सभी आयु वर्ग के छात्रों को अपनी भागीदारिता निभाने का अवसर प्रदान किया गया ताकि खेलकूद के प्रति उनमें रुचि जागृत हो, उन्हें प्रोत्साहन मिले, जिससे कालांतर में वे शारीरिक विकास में खेलकूद की भूमिका को समझ सकें। कार्यक्रम के समापन में दोनों मुख्य अतिथियों ने पूरे आयोजन की खुलकर तारीफ की, विद्यार्थियों के जज्बे और शिक्षकों के योगदान की सराहना की तथा उन्हें आमंत्रित करने के लिए विद्यालय के प्रति आभार प्रकट किया। इसके बाद, विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिश्वजीत मजुमदार के धन्यवाद-ज्ञापन के ज़रिए समारोह से जुड़े हर शख्शियत के प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में रिट्रीट मार्चपास्ट और राष्ट्र गान के साथ ही एम.सी.के.वी ओलिंपियाड 2024 का भव्य समापन हुआ।

## 200 वंदे भारत स्लीपर रेक्स के निर्माण का ठेका प्रौद्योगिकी साझेदारों को दिया गया : अश्विनी वैष्णव

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेल सुगम्य भारत मिशन के हिस्से के रूप में, दिव्यांगजन और सीमित गतिशीलता वाले यात्रियों के लिए अधिकांश मेल/एक्सप्रेस और वंदे भारत ट्रेनों पर व्यापक सुविधाएं प्रदान कर रही है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि विश्वस्तरीय यात्रा



अनुभव प्रदान करने के लिए, भारतीय रेल ने अप्रैल 2018 से केवल एलएचबी कोच का उत्पादन शुरू किया है। वर्तमान में, देश में लंबी और मध्यम दूरी की यात्रा के लिए 10 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें उत्पादन के चरण में हैं। पहला प्रोटोटाइप तैयार हो चुका है और यह फील्ड ट्रायल से गुजरेगा। इसके अलावा, 200 वंदे भारत स्लीपर रेक्स के निर्माण का ठेका प्रौद्योगिकी साझेदारों को दिया गया है। ट्रायल की सफलता के आधार पर इन ट्रेनों को रोलआउट किया जाएगा। 02 दिसंबर 2024 तक, भारतीय रेल की ब्रॉड गेज इलेक्ट्रिफाइड नेटवर्क पर 136 वंदे भारत ट्रेन सेवाएं छोटी और मध्यम दूरी की यात्रा के लिए चालू हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में कहा कि विश्वस्तरीय यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए 136 वंदे भारत ट्रेन सेवाएं, जिसमें चेयर कार शामिल हैं, ब्रॉड गेज इलेक्ट्रिफाइड नेटवर्क पर चालू हैं। अक्टूबर 2024 तक, वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की औसत अधिभोग दर 100% से अधिक है। केंद्रीय मंत्री ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में बताया कि भारतीय रेल के उत्पादन इकाइयां अप्रैल 2018 से केवल एलएचबी कोच का उत्पादन कर रही हैं। एलएचबी कोच का उत्पादन वर्षों के दौरान लगातार बढ़ा है। 2014-24 के दौरान निर्मित एलएचबी कोच की संख्या (36,933) 2004-14 के दौरान निर्मित कोच (2,337) से 16 गुना अधिक है।

## पूर्व रेलवे ने एटीवीएम के प्रदर्शन में साल-दर-साल उल्लेखनीय सुधार किया दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे एटीवीएम के माध्यम से यात्रियों के लिए टिकटिंग अनुभव में क्रांति ला रहा है। पूरे नेटवर्क में कुल 572 एटीवीएम स्थापित किए गए हैं। एटीवीएम के डिवीजन-वार वितरण में सियालदह डिवीजन में 290, हावड़ा डिवीजन में 173, आसनसोल डिवीजन में 76 और मालदह डिवीजन में 33 शामिल हैं। 1 अप्रैल, 2024 से 30 नवंबर, 2024 तक, एटीवीएम ने प्रभावशाली 72.2 मिलियन टिकट जारी किए, जो कुल अनारक्षित टिकटों का 24% था। इसी अवधि के दौरान, एटीवीएम ने 114.9 मिलियन यात्रियों को सेवा दी, जो कुल यात्रियों का 15% है, और कमाई में 1,933 करोड़ का योगदान दिया, जो कुल अनारक्षित कमाई का 20% है। इस अवधि के दौरान एटीवीएम का प्रदर्शन अनुकरणीय रहा है। सियालदह डिवीजन ने 44.3 मिलियन टिकट जारी किए (कुल टिकटों का 25%), 70.6 मिलियन यात्रियों (15%) को सेवा प्रदान की और कमाई में 800 करोड़ का योगदान दिया (21%)। हावड़ा डिवीजन 20.9 मिलियन टिकट (23%), 34.2 मिलियन यात्री (14%) और 728 करोड़ कमाई (22%) के साथ दूसरे स्थान पर रहा। आसनसोल डिवीजन ने असाधारण एटीवीएम अपनाने का प्रदर्शन किया, 6.1 मिलियन टिकट (37%) जारी किए, 8.8 मिलियन यात्रियों (29%) को सेवा दी, और कमाई में 344 करोड़ का योगदान दिया (28%)। मालदह डिवीजन ने 0.9 मिलियन टिकट (7%) जारी किए, 1.3 मिलियन यात्रियों (6%) को सेवा दी और 60 करोड़ रुपये (5%) कमाए। पूर्व रेलवे में एटीवीएम के प्रदर्शन में साल-दर-साल उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

## वॉव स्किन साइंस से जुड़े टियर 2 और छोटे शहरों के 10 लाख नए ग्राहक

**कोलकाता, समाज्ञा :** वॉव स्किन साइंस, जो पर्सनल केयर और वेलनेस जगत की जानी मानी कंपनी है। वह अब भारत के टियर-2 और अन्य छोटे शहरों में अपने पैर फैला रही है। अपनी रणनीतिक साझेदारी के चलते पिछले एक साल में वॉव स्किन साइंस से टियर-2 और उससे छोटे शहरों के लगभग 10 लाख नए ग्राहक जुड़े हैं। जो इस बात का सबूत है कि उभरते बाजारों में इसके प्राकृतिक प्रोडक्ट्स की मांग लगातार बढ़ रही है। आने वाले 12 महीनों में कंपनी का मीशो पर सालाना राजस्व में 5 गुना बढ़ोतरी का लक्ष्य है। इस साझेदारी के कारण वॉव स्किन साइंस ने टियर-2 और छोटे शहरों से मिलने वाले ऑर्डर्स में 10 गुना बढ़ोतरी करी है। यह बढ़ोतरी परफ्यूम, फेसवॉश, सीरम, क्रीम, सनस्क्रीन, शैंपू, हेयर ऑयल, एलोवेरा जेल और हेल्थ ड्रिंक्स जैसे प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग के कारण हुई है।

# प्रेमिकाएं संसार की होती हैं भगवान की नहीं : स्वामी रामभद्राचार्य

**हावड़ा, समाज्ञा :** हिन्दू धर्म में समरसता का भाव है। इसमें कोई भेदभाव नहीं है। यहां भगवान राम शबरी को मां मानते हैं तो भगवान श्रीकृष्ण विदुर की पत्नी को काकी मानते हैं। कुछ वक्ता कहने लगे हैं कि श्रीमद्भागवत में राधा शब्द नहीं है। सनातन धर्म को बदनाम करने के लिए कुछ लोग ऐसी बात कह रहे हैं। कुछ लोग यह भी कहते हैं कि राधा कृष्ण की प्रेमिका थी पत्नी नहीं थी। प्रेमिकाएं संसार की होती है भगवान की नहीं। राधारानी भगवान श्रीकृष्ण की वैदिक धर्मपत्नी है। धर्म पत्नी उसे कहते है जो पति के संग यज्ञ में सहभागिता करती है। भारत में पत्नी खिलौना और मनोरंजन की वस्तु नहीं अपितु धर्मपत्नी होती है। भारत में जब बोलचाल की भाषा संस्कृत थी तो पत्नी पति को आर्यपुत्र कहती है। सीता जी भगवान राम को आर्यपुत्र कहती थी। पत्नी को पति का नाम नहीं लेना चाहिए। दुर्भाग्य है आजकल की पत्नियां पति का नाम धड़ल्ले से ले रही हैं। आश्चर्य है, कुछ लोग भारत भूमि छोड़कर विदेशों में शादियां कर रहे हैं। श्रीमद्भागवत में दो राधा का नाम आता है। एक है कर्ण की माता दूसरा श्रीकृष्ण की पत्नी। कृष्णावतार में कृष्ण की पत्नी राधा है तो रामावतार में राम की पत्नी सीता है। राधा के सहस्र नामों में पहला नाम श्री है। श्रीमद्भागवत में पहला शब्द श्री मतलब राधारानी से ही शुरू होता है। श्रीमद्भागवत के प्रत्येक श्लोकों में राधारानी को व्याख्यायित कर सकता हूं। ये बातें श्रीमहापुराण आयोजन समिति के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा पर प्रवचन करते हुए पद्मविभूषण तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने फोरशोर रोड स्थित श्रीलक्ष्मी विलास विलास गार्डन में कहीं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के महारासलीला की नायिका राधा है तो राष्ट्रलीला की नायिका कुब्जा है। भगवान श्रीकृष्ण जीवन भर आतंकवाद के विरुद्ध लड़ते रहे। आज भारत आतंकवादवाद से लड़ रहा। भारत आतंकवाद पर विजय प्राप्त करेगा। भारत अजेय रहेगा। आज दुर्भाग्य है हिन्दू लड़कियों को लव जिहाद में फंसाया जा रहा है। इससे बचना होगा। हमारी लड़कियों को अब लक्ष्मीबाई बनना पड़ेगा। इस अवसर पर सोमनाथ अड़ुकिया, दिनेश अड़ुकिया, विवेक अड़ुकिया, ज्ञान अड़ुकिया, नंद किशोर रंकावत, किशन केजरीवाल ने व्यासपीठ व पादुका- पूजन किया। कार्यक्रम सफल बनाने में श्याम सुंदर चांडक, रामचंद्र जोशी, ललित सिंघी, राम अवतार बिहानी, अनिल रूंगटा, कैलाश बलदेवा, मनोज चंडालिया, पवन तांबी, पवन दायमा, अशोक शर्मा सहित अन्य सदस्य सक्रिय रहे। इस अवसर पर मुरारीलाल दीवान, निर्मल सराफ, पार्षद मीना पुरोहित, पार्षद विजय ओझा, पार्षद महेश शर्मा, उमेश राय, गीता राय, श्याम सुंदर अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोगों ने व्यासपीठ से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने ज्योतिषाचार्य राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सम्पादित व्रत एवं त्यौहार पचांग का विमोचन किया। इस मौके पर गायक लव अग्रवाल व देवेन्द्र बेगानी ने भजनों को सुनाया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पत्रकार प्रकाश चंडालिया बताया कि शुक्रवार की कथा के समय में परिवर्तन किया गया है। शुक्रवार की कथा सुबह 11बजे से अपरान्ह 2 बजे तक होगी।



# चुंचुड़ा सदर अस्पताल से लापता हुआ रोगी वापस मिला

**हुगली, समाज्ञा :** चुंचुड़ा सदर अस्पताल में मरीज के रहस्यमय ढंग से गायब होने से अस्पताल में हड़कंप मच गया। अस्पताल की सुरक्षा पर प्रश्न चिह्न खड़े हो गए। अस्पताल पर लापरवाही -कोताही बरतने का आरोप भी लगा। दरअसल सप्तग्राम विधानसभा अंतर्गत महानद क्षेत्र के निवासी मानस कर को 10 तारीख को सुबह सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 11 तारीख को दोपहर में उनकी सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी हो गई। 17 तारीख को मानस से जब उसके परिजन मिलने आये तो पता चला की वह अस्पताल में नहीं है। अस्पताल से गायब है। इसके बाद ही उसकी खोजबीन शुरू हुई। फिर मामले की जानकारी पुलिस प्रशासन को दी गई। 18 तारीख को मानस को पोलबा थाना क्षेत्र के अलीनगर चौराहे पर नागरिक स्वयंसेवकों की मदद से बरामद किया गया। कानूनी औपचारिक पूरी करने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मानस कर ने कहा कि वह छिपकर अस्पताल से बाहर आ गया। क्योंकि उसे अस्पताल में अच्छा महसूस नहीं हो रहा था। परिवार ने प्रशासन और नागरिक स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। हुगली जिले के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी मृगांकमौली कर ने कहा कि पूरी घटना से प्रशासन को अवगत कराया गया। अस्पताल में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था है लेकिन रोगी चकमा देकर अस्पताल से बाहर निकल गया। अस्पताल में सुरक्षा बढ़ाई जाएगी।

# तृणमूल में 15 जनवरी के बाद सांगठनिक फेरबदल की संभावना

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी पार्टी में सांगठनिक फेरबदल आगामी माह से शुरू कर सकती हैं। खबर है कि तृणमूल ने संगठन में फेरबदल की तैयारी लगभग पूरी कर ली है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव से पहले भी संगठन स्तर पर सर्वे और उसके आधार पर नेताओं के कार्यों का मूल्यांकन भी दो-तीन भागों में किया था, लेकिन घोषणा के बाद निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी तृणमूल सुप्रीमो ने फेरबदल को 'हरी झंडी' नहीं दी थी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, फिलहाल संगठन में सफाई और छंटाई के लिए आवश्यक प्रक्रिया करीब-करीब पूरी हो चुकी है। राज्य सरकार की आवास योजना 'बांग्लार बाड़ी' को लेकर कई महीनों से प्रशासनिक स्तर पर कवायद चल रही थी। परिणामस्वरूप, तृणमूल सुप्रीमो इस मामले पर आवश्यक समय नहीं दे रही थीं। फिलहाल, तय किया गया है कि 15 जनवरी के बाद संगठन में फेरबदल का काम शुरू कर दिया जाएगा। संगठनात्मक फेरबदल के साथ-साथ पंचायत और नगरपालिका स्तर पर प्रस्तावित नए चेहरे की पहचना की प्रक्रिया भी जारी रहेगी। कार्यों का मूल्यांकन की तरह, पहले घोषित 'एक व्यक्ति, एक पद' नीति का कार्यान्वयन विचाराधीन है। पार्टी के अंदर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। किसकी जगह कौन आ सकता है, इसको लेकर तृणमूल के जिला और ब्लाक स्तर के नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच कई तरह की 'गतिविधियां' भी शुरू हो गई हैं। क्योंकि, इस चरण में पार्टी नेतृत्व जिला और ब्लाक स्तर पर भी पदाधिकारियों को बदलने पर विचार कर रहा है। पूरे जनवरी में, पार्टी ने कार्यक्रमों की एक श्रृंखला शुरू होनी है। पार्टी नेतृत्व के एक सूत्र ने संकेत दिया कि फेरबदल चरणों में किया जाएगा, लेकिन एक बार में नहीं। उसके बाद, अभिषेक के नए संगठनात्मक ढांचे के तहत राज्य भर में एक प्रमुख जनसंपर्क कार्यक्रम शुरू करने की उम्मीद है।

# सभी जगह एक समान कानून लागू होना चाहिए : राहुल सिन्हा

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा नेता राहुल सिन्हा ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर कहा कि इसे लागू किया जाना चाहिए, क्योंकि लोकतंत्र में देश के सभी नागरिकों को समान अधिकार और समान आचरण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूजा पद्धति अलग-अलग हो सकती है, लेकिन कानून अलग क्यों होना चाहिए। धर्म के आधार पर कानून काम नहीं कर सकता। लेकिन, कांग्रेस ने देश में तुष्टीकरण की राजनीति के बीज बोए और आज वह पेड़ बनकर पूरे देश के लिए खतरा बन गया है। इसलिए हमारा माननाहै कि सभी जगह एक समान कानून लागू होना चाहिए। धर्म और मान्यताएं अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन कानून कभी अलग नहीं हो सकता। मुस्लिम समुदाय पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के बयान



पर भाजपा नेता राहुल सिन्हा ने कहा कि नितिन गडकरी ने जो कहा है, वह बिल्कुल सही है। क्योंकि, जहां पर मुस्लिम माइनॉरिटी में हैं, वहां पर उन्हें रहने में कोई दिक्कत नहीं होती, लेकिन जहां पर मुस्लिम मेजॉरिटी होती है वहां पर अन्य धर्मों के लोग अपने धर्म का पालन नहीं कर सकते हैं। वहां पर मानवता को कुचल दिया जाता है। इसलिए ये बात सही है कि 50 प्रतिशत से ज्यादा मुस्लिम जनसंख्या होने पर देश व दूसरे धर्मों के लिए खतरा उत्पन्न हो जाएगा।

# अडाणी मुद्दे पर राजभवन के पास हंगामा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सहित कई गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पुलिस ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार सहित कई अन्य कांग्रेसी नेताओं को कानून तोड़ने के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। दरअसल, इस दिन, कांग्रेस ने अडाणी मुद्दे पर राजभवन घेराव कार्यक्रम आयोजित किया था। इस दिन, दोपहर में कांग्रेस के इस कार्यक्रम को लेकर राजभवन के आसपास खूब हंगामा हुआ। इस दौरान, कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प हो गई। इसके बाद, पुलिस ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष समेत कई कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। अडाणी के विरोध और मणिपुर में हिंसा न रुकने को लेकर पश्चिम बंगाल यूथ कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ राजभवन के घेराव का आह्वान किया था। इस दिन,



कोलकाता और जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता राजभवन के सामने एकत्र हुए थे। वहीं, किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए पहले से ही बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। कथित तौर पर, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस बैरिकेड तोड़ दिया और राजभवन में जबरदस्ती घुसने की कोशिश की, तभी उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से हो रहा था। पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से कार्यक्रम पर हमला किया।

## कोर्ट के आदेश की अनदेखी कर हटाया गया ट्राम ट्रैक, जवाब तलब

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेशों की अनदेखी करते हुए कई मार्गों पर ट्राम पटरियों को हटा दिया गया और पिच से ढक दिया गया। आदेश की अवहेलना करने पर कोर्ट ने नाराजगी ज़ाहिर की है। वादीकारियो का आरोप था कि सलाहकार समिति भी बैठक में नहीं बैठी जिसे सुनकर चीफ जस्टिस टीएस शिवागनम नाराज हो गए। दरअसल, शहर की सड़कों पर ट्राम चलाई जाए या नहीं, इस पर विचार करने के लिए हाई कोर्ट ने पिछले साल सात अगस्त को एक सलाहकार समिति का गठन किया था। हालांकि, इस साल चार जनवरी के बाद कमेटी ने कोई बैठक नहीं की। यह सुनकर चीफ जस्टिस हैरान रह गए। राज्य को इस बात का संतोषजनक लिखित जवाब देना होगा कि कोर्ट, हाई कोर्ट या सलाहकार समिति की अनुमति के बिना ट्रैक कैसे हटा दिया गया या जगह दफन कर दी गई। साथ ही राज्य को बंद मार्गों को दोबारा खोलने में हुई प्रगति की भी जानकारी देनी चाहिए। कोर्ट के लिखित बयान के मुताबिक, अगर कोर्ट राज्य की रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं हुआ तो डिवीजन बेंच सख्त निर्देश देने को मजबूर होगी। इसके बाद कोर्ट ने इस बात पर हैरानी जताई कि सलाहकार समिति की एक साल तक बैठक नहीं हुई. यह बैठक अब तक क्यों नहीं हुई, इसका लिखित जवाब मांगा गया है। अदालत ने आगे निर्देश दिया कि सभी पक्ष अगले साल 14 जनवरी को अगली सुनवाई में इस संबंध में सभी रिपोर्ट दें। उससे पहले कमेटी को बैठक करनी होगी। कोर्ट के मुताबिक, कमेटी को एक बैठक कर कोर्ट को बताना चाहिए कि उन्होंने ट्राम के लिए अब तक क्या सुझाव या योजना बनाई है।

# 'आरोपी जांच एजेंसी में बदलाव की मांग कैसे कर सकता है?' कोर्ट ने किया सवाल

**नंदीग्राम में तृणमूल कार्यकर्ता की हत्या मामले में आरोपी भाजपा कार्यकर्ता ने सीबीआई जांच की मांग**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नंदीग्राम में तृणमूल कार्यकर्ता की हत्या की सीबीआई जांच की मांग की गई। राज्य पुलिस की जांच पर भरोसा नहीं कर पाने पर आरोपी भाजपा कार्यकर्ताओं ने अदालत का दरवाजा खटखटाया और सीबीआई जांच की मांग की। कलकत्ता हाई कोर्ट के जस्टिस तीर्थंकर घोष ने इस मामले में केस डायरी तलब की। अगली सुनवाई अगले सोमवार को है। इस मामले के सवाल-जवाब सत्र के दौरान जज ने पूछा कि आरोपी जांच एजेंसी में बदलाव की मांग कैसे कर सकता है? 8 दिसंबर को पूर्वी मेदिनीपुर में गुरुपद मंडल के घर पर हमला हुआ था ।शिकायत दर्ज कराई गई थी कि उस हमले में गुरुपद मंडल के रिश्तेदार विष्णुपद मंडल की मौत हो गई। इस घटना में नंदीग्राम थाने में दो एफआईआर दर्ज की गईं। आरोपी अभिजीत मैती समेत कुल 26 लोग कलकत्ता हाई कोर्ट के सामने पेश हुए। अभिजीत मैती का बयान, एक ही घटना में दो एफआईआर कैसे दर्ज? यह कानून के खिलाफ है। अभिजीत मैती के वकीलों ने यह भी दावा किया कि पहली शिकायत में चार लोगों का नाम लिया गया था लेकिन बाद में तृणमूल कांग्रेस द्वारा राजनीतिकरण शुरू कर दिया गया और लगभग 26 नाम और जोड़े गए।

# सरकारी फंड गबन करने के मामले में चार नगरपालिका कर्मी बर्खास्त

**विभिन्न परियोजनाओं का कार्य किए बिना रुपये गबन करने के आरोप में हुई हैं कार्रवाई**

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद नगरपालिका ने वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप में चार कर्मचारियों को बर्खास्त करने का फैसला किया है। यह निर्णय मंगलवार को नगरपालिका के कार्यकारी अधिकारी की मौजूदगी में हुई पार्षद बोर्ड की बैठक में लिया गया। नगरपालिका सूत्रों के मुताबिक, उन कर्मियों पर विभिन्न अनियमितताओं और वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप साबित हुए हैं। इसकी पुष्टि नगरपालिका के अध्यक्ष और पालिका प्रशासक ने की है। दरअसल, मुर्शिदाबाद नगरपालिका में विभिन्न परियोजनाओं के काम में अनियमितता की शिकायतें मिल रही थीं। वार्ड 16 के पूर्व पार्षद प्रसेनजीत मंडल ने कुछ साल पहले उनके खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में जनहित मामला दायर किया था। प्रसेनजीत पहले तृणमूल में थे। बाद में, उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा और पार्षद बने। उनकी शिकायत थी कि 2012 से 2022, इन 10 सालों में मुर्शिदाबाद नगरपालिका में करीब 100 करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने 2016 से 'भारी अनियमितताओं' की शिकायत की थी। दूसरी ओर, विभिन्न परियोजनाओं का कार्य चार नगरपालिका कर्मियों के जिम्मे था। लेकिन शिकायतें थीं कि ग्रीन सिटी, सड़क निर्माण, आवास योजना और जल निकासी का काम किए बिना नगरपालिका का पैसा निकाल लिया गया। उनसे पूछताछ की गई। इसके बाद, खबर आई कि उन चार कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा रहा है। तृणमूल संचालित मुर्शिदाबाद नगरपालिका के अध्यक्ष इंद्रजीत धर ने कहा कि उन चार नगरपालिका कर्मचारियों हटा दिया गया है। कार्यकारी अधिकारी देबाशीष सरकार ने कहा कि डीएलबी के आदेश पर नगरपालिका के चारों कर्मियों को पहले शोकॉज किया गया था और इसके बाद मंगलवार को उन सभी को बर्खास्त कर दिया गया।

# धोखाधड़ी मामले में बीएसनएल के पूर्व कर्मचारी को सात साल की सजा

**फर्जी कार्यालय आदेश तैयार कर लेखा अधिकारी से 23 लाख रुपये प्राप्त किए**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के बैंकशाल कोर्ट स्थित सीबीआई मामलों के लिए विशेष अदालत के न्यायाधीश ने बीएसएनएल, कोलकाता के तत्कालीन दूरसंचार कार्यालय सहायक सह कैशियर चंदन बिश्वास को धोखाधड़ी से भुगतान करके बीएसएनएल को नुकसान पहुंचाने के मामले में सात वर्ष के कारावास और 55,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोप है कि चंदन बिस्वास ने बीएसएनएल, कोलकाता वर्ष 1999-2001 के बीच दूरसंचार कार्यालय सहायक-सह-कैशियर के पद पर रहते हुए अज्ञात व्यक्तियों के



साथ मिलकर बीएसएनएल को धोखा देने की साजिश रची। उसने ग्रुप डी कर्मचारियों के नाम पर जीपीएफ अग्रिम और निकासी के लिए फर्जी कार्यालय आदेश तैयार किए और लेखा अधिकारी (नकद) से 23 लाख रुपये प्राप्त किए। इसका दुरुपयोग किया गया, जिससे बीएसएनएल को वित्तीय नुकसान हुआ। जांच पूरी होने के बाद सीबीआई ने चंदन बिस्वास के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। अदालत ने सुनवाई के बाद आरोपी को दोषी पाया और उसे सजा सुनाई।

# राणाघाट में नाबालिग से दुष्कर्म मामले में सात साल की सजा



**कोलकाता, समाज्ञा :** राणाघाट कोर्ट ने नाबालिग लड़की से रेप मामले में  साल की सजा सुनाई है। 2020 में राणाघाट महिला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामनगर दो निवासी सुकुमार विश्वास ने एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया लेकिन शिकायतकर्ता और नाबालिग बांग्लादेश चले गए। इसलिए मामला काफी समय तक लटका रहा। आख़िरकार 11 गवाहों के बाद कोर्ट ने दोषी को 7 साल की सज़ा सुनाई। राणाघाट पुलिस जिले के पुलिस अधीक्षक कुमार सनीराज ने बांग्लादेश के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की मदद से व्यक्तिगत रूप से बांग्लादेश के नाबालिग के परिवार से संपर्क किया। राणाघाट कोर्ट में यह पहली बार है कि कोर्ट को वीडियो कॉल के जरिए गवाह मिले हैं। तमाम सबूतों के बाद बुधवार को कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार दिया। मामला व्यक्तिगत है, इसे सुलझाने के लिए पहली बार रानाघाट कोर्ट ने वीडियो कॉल के जरिए गवाहों की मदद ली।

# तीन दिवसीय व्यापार एक्सपो-2024 का 20 दिसंबर से होगा शुभारंभ

**बिजनेस इनोवेशन औंर नेटवर्किंग को किया जाएगा परिभाषित**

**कोलकाता, समाज्ञा :** व्यापार जोन द्वारा तीन दिवसीय व्यापार एक्सपो 2024 का आयोजन किया जाएगा। कोलकाता के बिश्व  बांग्ला प्रदर्शनी केंद्र में 20 दिसंबर से 22 दिसंबर तक यह एक्सपो चलेगा। इन तीन दिनों में कार्यशालाओं और प्रदर्शनियों की एक शानदार ला-इनअप का आयोजन किया गया है। यह गतिविधियां विशेषता के साथ व्यवसायों के जुड़ने, नवाचार करने और बढ़ने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव लाने का वादा करती है। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध उद्यमी अश्नीर ग्रोवर भी शामिल होंगे। जो लचीले और स्केलेबल व्यवसायों के निर्माण पर एक प्रेराणादायक भाषण देंगे।



उनके साथ बिजनेस ऑटोमेशन में एक विचारशील नेता केवल किशन भी शामिल होंगे, जो यह पता लगाएंगे कि कैसे प्रौद्योगिकी व्यवसायों को दक्षता और विकास हासिल करने के  लिए सशक्त बना सकती है। इस एक्सपो में उद्योग के दिग्गज अशनीर ग्रोवर और केवल किशन के मुख्य सत्र का आयोजन किया  गया है। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों के उद्यमियों, निवेशकों और पेशेवरों के साथ जुड़ने का मौका मिलेगा। इसके अलावा, पैनल चर्चाएं और कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएंगी।

## मेट्रो कर्मचारी पर यात्री पर नस्लभेदी टिप्पणी का आरोप, जांच में आरोप मिला असत्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा मेट्रो स्टेशन के बुकिंग काउंटर पर ड्यूटी कर रहे एक मेट्रो कर्मचारी पर नसलभेदी टिप्पणी करने का आरोप लगा है। मंगलवार को एक यात्री पर कथित तौर पर नस्लवादी टिप्पणी करने की शिकायत के आधार पर, तुरंत एक अधिकारी स्तर की जांच का आदेश दिया गया था। प्राथमिक जांच के बाद आरोप निराधार एवं असत्य पाया गया है। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई क्योंकि हावड़ा मेट्रो स्टेशन का पूरा बुकिंग कार्यालय क्षेत्र सीसीटीवी निगरानी में है। ऑन ड्यूटी आरपीएफ व अन्य स्टाफ से भी पूछताछ की गई। आरोप को साबित करने के लिए कोई फोटोग्राफिक और मौखिक सबूत नहीं मिला है। मेट्रो की ओर से कहा गया कि  मेट्रो रेलवे 'कोलकाता की जीवन रेखा' है और अपनी स्थापना के बाद से यह बहुभाषी समाज के सभी वर्गों को समान रूप से सेवा प्रदान कर रही है।

## यात्रियों से भरी ऑटो पलटी, एक महिला की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक और सड़क हादसा हो गया। हाबरा जेसोर रोड के चोंगडा मोड़ इलाके में एक यात्री ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। ऑटो गायघाटा से हाबरा की ओर आ रहा था। तभी वहां भीड़ लग गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और ड्यूटी पर तैनात पुलिस ने घायलों को बचाया और हाबरा अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद वहां डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया। ज्ञात हो कि हादसे में मरने वाली ऑटो यात्री एक महिला है। हालांकि, अभी तक मृतक का नाम पता नहीं चल पाया है। एक अन्य यात्री का अभी भी घायल अवस्था में हाबरा अस्पताल में इलाज चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक, एक लॉरी को साइड देने के दौरान ऑटो अनियंत्रित होकर यात्रियों को लेकर पलट गया लेकिन ऑटो चालक अभी भी फरार है।

# भातार में घर के अंदर बुजुर्ग दंपत्ति का लहूलुहान शव बरामद, तीन गिरफ्तार

**पुलिस ने चार घंटे में सुलझाया मामला**

**पूर्व बर्दवान :** नि:संतान बुजुर्ग दंपत्ति से कई दिनों से परिजन संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। पड़ोसियों ने उसे चार दिन तक बाहर निकलते नहीं देखा। सामने का दरवाज़ा और बालकनी का गेट बंद था। पुलिस को सूचना देने के बाद मंगलवार दोपहर ताला तोड़ा गया तो अंदर दो शव पड़े मिले। पूर्वी बर्दवान जिले के भतार बाजार के रबींद्रपल्ली इलाके में दो शव बरामद होने की घटना से इलाके में काफी सनसनी फैल गई। बेशक पुलिस ने शव बरामद होने के दो घंटे के भीतर ही घटना का पटाक्षेप कर दिया। तीन रिश्तेदारों को गिरफ्तार कर लिया गया



है। शुरुआत में पुलिस को लगा कि संपत्ति हड़पने की चाहत में यह हत्या हुई है। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान अभिजीत यश(77 )और सविता यश, (65 )के रूप में हुई है। परिजन घर में घुसे तो बेडरूम में अभिजात का शव पड़ा मिला। चेहरे और गर्दन पर तौलिया लपेटा हुआ। उनकी पत्नी का शव किचन में मिला। परिजनों का आरोप है कि दोनों की हत्या की गई है। कुछ परिजनों का आरोप है कि संपत्ति के कारण योजनाबद्ध तरीके से उनकी हत्या की गई है। पुलिस अधीक्षक सायक दास, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओर्क बंदोपाध्याय और अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।एक पुलिस कुत्ता लाया गया. जांच के लिए पुलिस अधिकारियों ने काफी देर तक घटनास्थल की तलाशी ली।इसके बाद पुलिस दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले गई। साथ ही दो घंटे के अंदर पुलिस घटना पर काबू पाने में कामयाब रही। मृतक सविता की बहन की बेटी महुआ सामंता को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उससे पूछताछ की और महुआ के दोनों बेटों अनिकेत और अरित्रा को गिरफ्तार कर लिया।

# मेट्रो के खिलाड़ियों ने जीतीं 66वीं अशोक रुइया मेमोरियल विंटर नेशनल ब्रिज चैंपियनशिप




**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे के खिलाड़ियों ने 66वीं अशोक रुइया मेमोरियल विंटर नेशनल ब्रिज चैंपियनशिप जीत लिया। भारतीय रेलवे टीम के सदस्य के रूप में तीन मेट्रोमैन, सुमित मुखर्जी, देबब्रत मजूमदार और सागनिक रॉय ने 08 से 18 दिसंबर 2024 तक पुणे के बालेवाड़ी स्टेडियम में खेले जा रहे टीम वर्ग में अशोक रुइया मेमोरियल विंटर नेशनल ब्रिज चैंपियनशिप जीती है। पूरे भारत से 76 टीमों ने भाग लिया। टीम वर्ग के लीग प्रारूप के अंत में, भारतीय रेलवे टीम को 120.55 अंक मिले और वह चैंपियन बनी।

# ग्रामीण पुलिस ने 20 खोये मोबाइल असल हकदारों को वापस लौटाए

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली ग्रामीण जिला पुलिस के अंतर्गत हरिपाल थाना की साइबर हेल्प डेस्क ने 20 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद किए और उन्हें उनके असली मालिकों को सौंप दिया। हरिपाल थाने में गेटिंग बैक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें एडिशनल एसपी अग्निश्वर चौधरी, सीआई तारकेश्वर प्रशांत कुमार चटर्जी, हरिपाल थाना प्रभारी नजरूल इस्लाम समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। एडिशनल एसपी अग्निश्वर चौधरी ने बताया कि हरिपाल पुलिस थाना के साइबर हेल्प डेस्क ने पिछले एक महीने से हरिपाल थाना क्षेत्र में एक विशेष अभियान चलाया और  फोन बरामद किए गए। राज्य के विभिन्न हिस्सों से बरामद किए गए इन मोबाइल फोन को असली मालिकों को सौंप दिया गया। खोया हुआ फोन वापस पाकर सभी लोग बहुत खुश हुए। उन्होंने हरिपाल थाने की इस पहल का दिल से शुक्रिया अदा किया। यह सभी मोबाइल फोन या तो लापरवाही से या फिर गलती से अन्य अन्य जगहों पर खोये थे। पुलिस यह अभियान लगातार जारी रखेगी।



## वी पश्चिम बंगाल और कोलकाता सर्कल्स में दे रहा 4जी नेटवर्क का सर्वश्रेष्ठ अनुभव : ओपनसिगनल रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया (वी) ने बताया कि ओपनसिग्नल की नेटवर्क एक्सपीरिएंस रिपोर्ट नवंबर 2024 के अनुसार इसे कोलकाता और पश्चिम बंगाल सर्कल में उत्कृष्ट 4ऋ नेटवर्क उपलब्ध कराने के लिए सराहा गया है। इस रिपोर्ट के तहत स्मार्टफोन 4जी यूजर्स के 4जी अनुभव का मूल्यांकन किया गया। राज्य में वी उपभोक्ताओं को डेटा, वॉइस, वीडियो एवं गेमिंग का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने में सबसे आगे है। ओपनसिगनल की रिपोर्ट कोलकाता और पश्चिम बंगाल सर्कल में वी के नेटवर्क की उत्कृष्टता को दर्शाते हैं, जो दो राज्यों- पश्चिम बंगाल और सिक्किम को कवर करता है। उत्तरी बंगाल हो या सिक्किम, या राज्य का सबसे सुदूर इलाका, या घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्र, वी क्षेत्र में अधिकतम 4ऋ स्पीड के साथ 4ऋ वीडियो और गेमिंग का बेजोड़ अनुभव प्रदान करता है। रिपोर्ट के अनुसार वी 4ऋ वॉइस ऐप अनुभव  में टॉप परफोर्मर है और उपभोक्ता अनुभवों की ज़्यादातर श्रेणियों में लीडर है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बलात्कार के आरोपी ने भाभी की हत्या की, मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**उन्नाव :** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में एक चौंकाने वाली घटना में 27 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपनी भाभी की कथित तौर पर हत्या कर दी और उसके शव को जलाने की कोशिश की। आसीवन के थानाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि आरोपी रोहित (27) ने सोमवार रात अपनी 40 वर्षीय भाभी निशा (बदला हुआ नाम) की हत्या कर दी और घर से 50 मीटर दूर एक खेत में उसके शव को जलाने की कोशिश की। सिंह ने कहा, घटना तब प्रकाश में आई, जब पीड़िता के नाबालिग बेटे ने इसे देखा और शोर मचाया। इसके बाद पड़ोसी मौके पर पहुंचे और आग बुझाई, लेकिन शव पहले ही आंशिक रूप से जल चुका था। पुलिस ने खुलासा किया कि रोहित पहले भी पीड़िता के पति द्वारा उसके खिलाफ दर्ज कराए गए बलात्कार के मामले में जेल जा चुका है। उसे पिछली 30 नवंबर को जमानत पर रिहा किया गया था और माना जा रहा है कि उसने इसी विवाद के चलते हत्या की है।

### राष्ट्रद्रोह मामले में आगरा की अदालत में नहीं पेश हुईं कंगना

**आगरा :** बॉलीवुड अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत राष्ट्रद्रोह मामले में नोटिस दिए जाने के बावजूद बुधवार को आगरा की अदालत में पेश नहीं हुईं। अदालत की ओर से कंगना को तीसरी बार नोटिस दिया गया था, लेकिन तीनों बार न तो कंगना हाजिर हुईं और न ही उनकी तरफ कोई अधिवक्ता पेश हुआ। अदालत ने अब अभिनेत्री को दो जनवरी 2025 को उसके सामने पेश होने का आदेश दिया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और किसानों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने कंगना के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज कराया था।

# कांग्रेस का विधानभवन घेराव कार्यक्रम पुलिस ने किया नाकाम, एक कार्यकर्ता की मौत



**लखनऊ :** कांग्रेस ने बुधवार को उत्तर प्रदेश विधानभवन के घेराव की कोशिश की लेकिन पुलिस ने रास्ते में ही रोककर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे समेत कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के एक कार्यकर्ता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने दावा किया कि यह मौत पुलिस की बर्बरता के कारण हुई। वहीं, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रभात पांडे (28) को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था और उसके शरीर पर कोई चोट के

**कांग्रेस का दावा, असम में प्रदर्शन के दौरान 'आंसू गैस के धुएं' से पार्टी कार्यकर्ता की मौत**

निशान भी नहीं थे। कांग्रेस के विधान भवन के घेराव को विफल करने के लिए राजधानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विधान भवन की तरफ बढ़ने की कोशिश की मगर पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया और पार्टी के कई नेताओं को हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद राय ने संवाददाताओं से कहा, हम 2027 में योगी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकेंगे। राय ने दावा किया, वे मुझे और अन्य कांग्रेस नेताओं को मारना चाहते हैं। वे हमारे नेताओं राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से डरते हैं। विपक्षी दल के कार्यकर्ता किसानों के संकट, बेरोजगारी, महंगाई, निजीकरण और कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन के तहत विधान भवन का घेराव करने जा रहे थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को विधान भवन तक पहुंचने से रोकने के लिए परिसर के चारों ओर बैरिकेड लगाए गए थे, जबकि जगह-जगह मार्ग परिवर्तन की वजह से शहर में यातायात की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित रही।

### भाजपा बाबा साहब के दृष्टिकोण को वास्तविक नीतियों में बदल रही : आदित्यनाथ

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस पिछड़े समुदायों को सशक्त करने में लगातार विफल रही है, वहीं भाजपा बाबा साहब के दृष्टिकोण को वास्तविक नीतियों में बदल रही है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कांग्रेस पिछड़े समुदायों को सशक्त बनाने में लगातार विफल रही है, वहीं भाजपा डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के समानता के दृष्टिकोण की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रही है। उन्होंने पोस्ट में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, आरक्षण का विस्तार करने और शिक्षा और सरकारी नौकरियों में अवसर पैदा करने जैसे कदमों के माध्यम से भाजपा बाबा साहब के दृष्टिकोण को वास्तविक नीतियों में बदल रही है, जीवन को आकार दे रही है। दूसरी ओर, कांग्रेस बातें करती रहती है, लेकिन कुछ नहीं करती।

## न्यूज अपडेट

### वाराणसी में चार दशक से बंद पड़े मंदिर को खुलवाने की मांग

**वाराणसी (उप्र) :** वाराणसी में चार दशकों से बंद पड़े एक मंदिर को लोगों द्वारा फिर से खुलवाने की मांग करने के बाद, जिला प्रशासन ने मंदिर के स्वामित्व के दस्तावेजों की तलाश शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मामले की जांच के लिए जिला प्रशासन और पुलिस की एक टीम मंगलवार को मंदिर पहुंची। अपर जिलाधिकारी (शहर) आलोक वर्मा ने कहा, हमें इस मंदिर के बारे में समाचार पत्रों के माध्यम से पता चला। अगले तीन-चार दिनों में हम इसकी जांच करेंगे। हमारे कानूनी सलाहकारों की टीम मंदिर के स्वामित्व की जांच कर रही है। अगर इसे सार्वजनिक संपत्ति घोषित किया जाता है तो मंदिर सभी के लिए खोल दिया जाएगा। काशी विद्वत परिषद की टीम यह जानने के लिए शास्त्रों का अध्ययन कर रही है कि दशकों से बंद पड़े मंदिर की स्थापना किसने की और इसकी प्राचीनता भी पता कर रही है। काशी विद्वत परिषद के महासचिव प्रोफेसर रामनारायण द्विवेदी ने कहा, हमारी टीम काशी के मदनपुरा क्षेत्र में बंद पड़े मंदिर की प्राचीनता और पौराणिक महत्व जानने के लिए पुराणों और प्राचीन ग्रंथों का अध्ययन कर रही है। उन्होंने कहा, हम इस पर भी मंथन कर रहे हैं कि अगर यह मंदिर बंद है तो इसे खोलने और फिर से पूजा शुरू करने का क्या तरीका है। हम कानूनी तरीकों से इस मंदिर के स्वामित्व का भी पता लगाएंगे। जैसे ही हमें मंदिर के इतिहास के बारे में जानकारी मिलेगी, हम प्रशासन से लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मंदिर को नियमित पूजा के लिए खोलने का अनुरोध करेंगे।

### बरेली रेलवे स्टेशन पर डकैती के 12 साल बाद चार लुटेरों को उम्रकैद की सजा

**बरेली :** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल के दबतारा रेलवे स्टेशन पर डकैती की एक घटना के 12 साल बाद बरेली की एक अदालत ने चार लुटेरों को उम्रकैद की सजा सुनाई। अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक अदालत) रवि कुमार दिवाकर ने जेल की सजा के साथ-साथ प्रत्येक दोषी पर दो-दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के थानाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने कहा, हमने अपराधियों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए 'ऑपरेशन कन्विक्शन' शुरू किया। ठोस सुबूतों और गवाहों की मदद से हमने अदालत में एक मजबूत मामला बनाया। उन्होंने बताया कि दोषी ठहराए गए लोगों में शादाब, इजहार, आशिक अली और निसार अहमद शामिल हैं। सिंह के मुताबिक, यह घटना 14 अक्टूबर 2012 को तड़के करीब चार बजे हुई, जब दबतारा स्टेशन मास्टर खचेड़ू सिंह और टोकन पोर्टर संजय ड्यूटी पर थे और स्टेशन के कंट्रोल रूम में चाय पी रहे थे। उन्होंने कहा कि नकाबपोश लुटेरों ने दरवाजा खटखटाया और जब संजय ने दरवाजा खोला, तो लुटेरों में से एक ने उस पर बंदूक तान दी। सिंह के अनुसार, संजय ने विरोध किया और हाथापाई के दौरान नाजरिक खान (लुटेरों में से एक) को पहचान लिया।

### ज्ञानवापी के वुजूखाना के सर्वे मामले में सुनवाई 24 फरवरी तक टली

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने और अन्य हिस्सों के सर्वेक्षण के संबंध में वाराणसी की अदालत के आदेश के खिलाफ पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई बुधवार को 24 फरवरी 2025 तक के लिए टाल दी। वाराणसी की अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद के भीतर कथित शिवलिंग को छोड़कर बाकी क्षेत्र का एएसआई से सर्वेक्षण कराने से मना कर दिया था। यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने वाराणसी की अदालत में वादकारियों में से एक राखी सिंह द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका पर पारित किया। इस याचिका के जरिये 21 अक्टूबर 2023 के वाराणसी के जिला न्यायाधीश के आदेश को चुनौती दी गई है। बुधवार को जब इस मामले में सुनवाई शुरू हुई, तब अदालत को बताया गया कि उच्चतम न्यायालय ने 12 दिसंबर 2024 को पारित अपने अंतरिम आदेश में निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई या अगले आदेश तक कोई भी अदालत सर्वेक्षण के निर्देश सहित कोई अंतरिम या अंतिम आदेश पारित नहीं करेगी।

## पंजाब में किसानों ने किया तीन घंटे का 'रेल रोको' प्रदर्शन



**चंडीगढ़ :** फसलों के लिए कानूनी रूप से बाध्यकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए बुधवार को किसानों के रेलमार्गों पर बैठ जाने के कारण पंजाब में ट्रेन सेवाएं प्रभावित रहीं। 'रेल रोको' आह्वान संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने किया है। किसान मजदूर मोर्चा के नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि किसान दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक कई स्थानों पर रेल पटरियों पर बैठे रहे । गुरदासपुर के मोगा, फरीदकोट, कादियां और बटाला; जालंधर में फिल्लौर; होशियारपुर में टांडा, दसूया, माहिलपुर; फिरोजपुर में मक्खू, तलवंडी भाई; लुधियाना में साहनेवाल; पटियाला में शंभू; मोहाली, संगरूर के सुनाम और लहरा, बठिंडा के रामपुरा फूल और अमृतसर के देवीदासपुरा समेत कई स्थानों पर प्रदशनकारी किसानों ने ट्रेन मार्गों को बाधित किया। जम्मू से सियालदह जाने वाली हमसफर एक्सप्रेस, अमृतसर से मुंबई जाने वाली दादर एक्सप्रेस और नई दिल्ली से अमृतसर जाने वाली शान-ए-पंजाब एक्सप्रेस को लुधियाना रेलवे स्टेशन के विभिन्न प्लेटफार्मों पर रोक दिया गया। नई दिल्ली से अमृतसर आने वाली शताब्दी एक्सप्रेस को खन्ना रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया।

## 'उम्रकैद' काट रहा परिवार, जो भी हमारा दर्द समझेगा उसे धन्यवाद देंगे: हाथरस गैंगरेप पीड़िता का भाई

**लखनऊ / हाथरस (उप्र) :** हाथरस में वर्ष 2020 में कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार की शिकार महिला के भाई का कहना है कि उनका परिवार एक तरह से 'उम्रकैद' काट रहा है और जो कोई भी उनका दर्द समझेगा, उनकी आवाज उठाएगा परिवार उसका शुक्रिया अदा करेगा। महिला के भाई संदीप सिंह ने यह भी कहा कि उसकी बहन की अस्थियां घर पर रखी हैं और उनका विसर्जन तभी किया जाएगा जब परिवार को पूरा न्याय मिलेगा। संदीप की यह टिप्पणी कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा पिछले बृहस्पतिवार को महिला के परिवार के सदस्यों से मुलाकात करने का वीडियो सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट करने के बाद मंगलवार को आई। गांधी ने जोर देकर कहा कि न्याय में देरी न्याय न मिलने के समान है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार द्वारा परिवार से किए गए वादे आज तक पूरे नहीं किए गए हैं। भाजपा और उसके सहयोगी रालोद ने वीडियो साझा करने के लिए गांधी की आलोचना की, जबकि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) की घटक समाजवादी पार्टी ने उनका समर्थन किया। सिंह ने कहा कि परिवार पिछले पांच वर्षों से न्याय की मांग कर रहा है। उन्होंने कहा, ''जो कोई भी हमारा मुद्दा उठाएगा और हमारा दर्द समझेगा, हम उसका शुक्रिया अदा करेंगे चाहे वह सरकार हो या कोई और।''

## आंबेडकर पर टिप्पणी के लिए अमित शाह को बर्खास्त किया जाना चाहिए : राजद

**पटना :** बिहार में विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर बी आर आंबेडकर का ''अपमान'' करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त किए जाने के साथ माफी की मांग की। राजद के उपाध्यक्ष शिव चंद्र राम, विधायक रेखा पासवान और पार्टी के एससी-एसटी (अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति) प्रकोष्ठ के प्रमुख अनिल साधु ने पटना में पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिहार के दलित नेताओं एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और जीतन राम मांझी पर भी निशाना साधा। उन्होंने बिहार के इन दलित नेताओं पर एक दिन पहले संसद में शाह के भाषण के दौरान ''मुस्कुराने'' का आरोप लगाया। शिव चंद्र राम ने कहा, अमित शाह द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा उनके पद के लिए अशोभनीय थी। हम आंबेडकर को मानने वाली देश की 90 प्रतिशत आबादी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए उनसे माफी की मांग करते हैं।



# सर्दी का मौसम बढ़ा सकती है गठिया की दिक्कतें, जानिए क्या है इसका कारण और कैसे करें बचाव

सर्दियों के इस मौसम को सेहत के लिए कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण माना जाता है। कम तापमान में कई वायरस सक्रिय हो जाते हैं जिसके कारण इंफ्लूएंजा और अन्य संक्रमण का खतरा तो बढ़ ही जाता है साथ ही साथ ये मौसम उन लोगों के लिए भी समस्याकारक है जो हड्डियों और जोड़ों की दिक्कत से परेशान हैं। ठंड के महीनों के दौरान, गठिया से पीड़ित लोगों की दिक्कतें ट्रिगर हो सकती हैं, जोड़ों का दर्द बढ़ सकता है और आप अधिक असहज महसूस कर सकते हैं। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ ऐसे लोगों को सर्दियों के मौसम में विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह देते हैं।

ठंड के मौसम में साइनोवियल फ्लूड (दो हड्डियों के बीच में मौजूद एक पदार्थ) की मोटाई में बदलाव के कारण ये दिक्कतें होती हैं। साइनोवियल फ्लूड जोड़ों को सुचारू रूप से काम करने में मदद करती है। इस द्रव के गाढ़ा होने से जोड़ सख्त हो जाते हैं, जिससे उनमें दर्द और जकड़न की समस्या बढ़ सकती है।

तो गठिया के शिकार लोगों को इस मौसम में क्या उपाय करने चाहिए? आइए जानते हैं।

### सर्दियों में गठिया की समस्या

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ठंड के दिनों में गठिया की समस्या के बढ़ने का एक कारण यह भी है कि इस मौसम में अक्सर लोगों की शारीरिक गतिविधि कम हो जाती है। व्यायाम कम करने और शारीरिक रूप से निष्क्रिय रहने के कारण मांसपेशियों में कमजोरी और जोड़ों में अकड़न पैदा हो सकती है। सर्दियों में सूरज की रोशनी भी कम निकलती है जो विटामिन-डी का स्रोत है। विटामिन-डी की कमी हड्डियों के लिए बहुत नुकसानदायक है।

इस तरह की स्थितियों में अपनी हड्डियों को स्वस्थ रखने और गठिया की दिक्कतों से बचे रहने के लिए आप पहले से ही कुछ प्रयास कर सकते हैं।

### ठंड से बचने का करें प्रयास

सर्दी के मौसम में अपने शरीर को गर्म रखना जोड़ों की समस्याओं से बचे रहने के लिए सबसे जरूरी है। शरीर को गर्म रखने के लिए इलेक्ट्रिक कंबल, रूम हीटर या वार्मर का उपयोग करें। सर्दियों में ऊनी कपड़े और थर्मल पहनें, विशेषकर जोड़ों को ढककर रखें। इन उपायों की मदद से जोड़ों की अकड़न से बचा जा सकता है। जोड़ों की गर्म सेकाई करना भी अच्छा विकल्प है, इसकी मदद से भी आप लक्षणों को बिगड़ने से रोक सकते हैं।

### नियमित व्यायाम जरूरी

नियमित व्यायाम की आदत संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए जरूरी है। इसकी मदद से जोड़ों की गतिशीलता को भी बनाए रखने में मदद मिलती है। अगर ठंड के कारण टहलना बहुत मुश्किल है, तो योग और स्ट्रेचिंग जैसे हल्के इनडोर व्यायाम करें। व्यायाम मांसपेशियों की ताकत और जोड़ों की गतिशीलता को बनाए रखने में मदद करते हैं। डॉक्टर कहते हैं, जो लोग नियमित व्यायाम करते हैं उनमें गठिया या इसके कारण होने वाली समस्याओं का जोखिम कम होता है।

### पर्याप्त नींद और उपचार पर दें ध्यान

जोड़ों को स्वस्थ रखने और गठिया की समस्या को बढ़ने से रोकने के लिए शरीर को पर्याप्त आराम देना और हर रात 6 से 8 घंटे सोना भी बहुत आवश्यक है। अच्छी नींद समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। यह सूजन संबंधी प्रतिक्रियाओं को कम करने में भी मददगार है जिससे गठिया के



लक्षणों को कम किया जा सकता है।

इन सभी उपायों के साथ डॉक्टर द्वारा दी गई दवाओं और बताए गए उपायों का भी पालन जरूर करें। गठिया की समस्या अगर बढ़ती दिखे तो तुरंत चिकित्सक का परामर्श लें।

## मैरिको की विशेषज्ञ डॉ. शिल्पा वोरा के टिप्स

**कोलकाता, समाज्ञा:** डॉ. शिल्पा वोरा, चीफ आरएंडडी ऑफिसर, मैरिको लिमिटेड, सर्दियों में बालों को मजबूत, मुलायम और चमकदार बनाये रखने के आसान टिप्स साझा किए है। बालों में नियमित रूप से तेल लगाना बेहद जरूरी है, क्योंकि इससे बालों को पोषण मिलता है, डैमेज रिपेयर होता है, और बालों की नमी बनी रहती है। इससे बाल रूखे और उलझने से बचते हैं और मजबूत बनते हैं। सिर्फ नियमित तेल लगाना ही नहीं, बल्कि अपने बालों के प्रकार के अनुसार सही तेल चुनना भी बहुत जरूरी है। डॉ. वोरा बताती हैं कि हल्का और बिना चिपचिपाहट वाला तेल चुनें, जैसे कि निहार नैचुरल्स नारियल हेयर ऑयल, जिसमें नारियल और मेथी के गुण हैं। यह तेल बालों को 2 गुना ज्यादा मजबूत बनाता है। नारियल बालों को गहराई तक पोषण देता है और स्कैल्प को मॉइश्चराइज़ करता है, जबकि मेथी प्रोटीन से भरपूर होती है और बालों को जड़ों से मजबूत करती है। हफ्ते में कम से कम एक बार बालों में तेल लगाएं और इसे 30 मिनट से 4 घंटे तक बालों में रहने दें। अच्छे परिणाम पाने के लिए बालों को ठंडे पानी से धोएं। इससे बालों में नमी लॉक हो जाती है, और आपके बाल मुलायम, हाइड्रेटेड और स्वस्थ दिखते हैं।

## सिर्फ गड़बड़ खान-पान ही नहीं, इन वजहों से भी हो सकती है एसिडिटी की दिक्कत; बरतें सावधानी

एसिडिटी एक बहुत आम सी समस्या है, जिसका आप भी कभी न कभी जरूर शिकार रहे होंगे। पेट में किसी कारण से एसिड का उत्पादन अधिक होने का कारण ये दिक्कत होती है। एसिडिटी के कारण आपको अपच, पाचन की दिक्कत, गैस बनने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। मुख्यरूप से एसिडिटी को खान-पान की गड़बड़ी की वजह से होने वाली दिक्कत माना जाता है पर क्या आप जानते हैं कि इसके लिए कई और चीजें भी जिम्मेदार हो सकती है?

डॉक्टर और पोषण विशेषज्ञ कहते हैं कि अस्वास्थ्यकर खान-पान की आदतें और खराब आहार एसिडिटी के मुख्य कारण हैं। पर इसके अलावा भी कुछ स्थितियां हैं जो एसिडिटी का कारण बनती हैं।

**एसिडिटी में क्या लक्षण होते हैं?**

एसिडिटी के कारणों को जानने से पहले इसकी पहचान कैसे की जाए इस बारे में समझना जरूरी है। एसीडिटी तब होती है जब पेट में उपस्थित एसिड (गैस्ट्रिक जूस) अधिक मात्रा में बनने लगता है। पेट का यह एसिड भोजन को पचाने में मदद करता है, लेकिन जब एसिड अधिक मात्रा में बनने लगे या गलत तरीके से पेट की दीवारों में फैलने लगे तो इसके कारण पेट में जलन, दर्द और अन्य समस्याएं पैदा होती हैं।

▲ एसीडिटी के लक्षण विभिन्न प्रकार के और हल्के से लेकर गंभीर तक हो सकते हैं।
▲ खाने के तुरंत बाद या खाली पेट जलन महसूस होना।
▲ डकार आना विशेषतौर पर खट्टी डकारें।
▲ अक्सर मुंह का स्वाद खट्टा बना रहना।
▲ पेट में भारीपन, दर्द और सूजन की दिक्कत बने रहना।
▲ एसिड गले तक आने से जलन और सूखी खांसी।
▲ मतली और उल्टी की समस्या या बार-बार जी मिचलाना
▲ खान-पान में गड़बड़ी के कारण होती है ये दिक्कत

एसीडिटी के लिए कई कारक जिम्मेदार हो सकते हैं, जिसमें भोजन से जुड़ी आदतें सबसे प्रमुख हैं। अत्यधिक मसालेदार और तला-भुना भोजन करना, चाय-कॉफी या कार्बोनेटेड ड्रिंक्स का अधिक सेवन करना एसिडिटी की मुख्य वजह है।

# क्या है 'टेक्स्ट नेक' जिसका युवाओं में बढ़ गया है खतरा

लाइफस्टाइल और आहार की गड़बड़ी ने वैश्विक स्तर पर हर उम्र के लोगों की सेहत को प्रभावित किया है। युवा आबादी भी इसका तेजी से शिकार होती जा रही है। युवाओं में बढ़ती डायबिटीज और ब्लड प्रेशर की समस्या तो विशेषज्ञों के लिए चिंता का कारण बनी ही हुई है, इसके साथ-साथ दुनियाभर में युवाओं में बढ़ती टेक्स्ट नेक बीमारी को लेकर भी अलर्ट किया जा रहा है। ये समस्या न सिर्फ असहनीय दर्द का कारण बनती है साथ ही कई अन्य प्रकार की असहजताओं को भी बढ़ाने वाली हो सकती है।

अध्ययनकर्ता बताते हैं कि टेक्स्ट नेक एक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के तौर पर बढ़ती जा रही है। महामारी विज्ञान के आंकड़ों से पता चलता है कि 73% विश्वविद्यालय के छात्रों और 64.7% लोग जो वर्क फ्रॉम होम करते हैं, वो इसका शिकार हो सकते हैं। टेक्स्ट नेक के कारण आपको गर्दन या पीठ दर्द में दर्द बनी रहती है जिसके कारण दिनचर्या के सामान्य कामकाज करने में भी दिक्कत महसूस होने लगती है।

### आइए जानते हैं कि टेक्स्ट नेक क्या है और ये समस्या क्यों बढ़ रही है?

### टेक्स्ट नेक सिंड्रोम के बारे में जानिए

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, टेक्स्ट नेक सिंड्रोम एक नया टर्म है, इसे टेक नेक या स्मार्टफोन नेक के नाम से भी जाना जाता है। लंबे समय तक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे मोबाइल फोन-कंप्यूटर को आगे की तरफ झुककर देखते रहने के कारण गर्दन पर अतिरिक्त दबाव और तनाव बढ़ जाता है जिसके कारण आपको ये दिक्कत हो सकती है। सरल भाषा में समझें तो टेक्स्ट नेक की दिक्कत तब होती है जब आप स्क्रीन को देखने के लिए सिर आगे और नीचे की ओर झुकते हैं और इसके कारण गर्दन और रीढ़ पर बार-बार तनाव बढ़ता है।

तटस्थ स्थिति में मानव सिर का वजन 10-12 पाउंड (साढ़े चार से पांच किलो) के बीच होता है लेकिन आगे की ओर झुकने पर यह वजन बढ़ जाता है जिससे गर्दन की मांसपेशियों और रीढ़ पर अतिरिक्त दबाव भी पड़ने लगता है।

### कैसे जानें कहीं आपको भी तो नहीं है ये समस्या?

साल 2018 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया है कि 35 प्रतिशत स्मार्टफोन उपयोगकर्ता टेक्स्ट नेक सिंड्रोम से पीड़ित हो सकते हैं। एक अन्य शोध के मुताबिक 15-18 वर्ष की आयु वाले लोग जिनका स्मार्टफोन पर अधिक समय बीतता है उनमें इस समस्या के विकसित होने का जोखिम अधिक हो सकता है। टेक्स्ट नेक सिंड्रोम के कारण गर्दन, पीठ के ऊपरी हिस्से और कंधे में दर्द बना रहता है।



गर्दन में लगातार या रुक-रुक कर होने वाला दर्द टेक्स्ट नेक के मुख्य लक्षणों में से एक है। पीठ में दर्द, विशेष रूप से कंधे की हड्डियों के बीच वाले हिस्से और गर्दन की मांसपेशियों में अकड़न की समस्या को इसका लक्षण माना जा सकता है जिसको लेकर सभी लोगों को विशेषरूप से ध्यान देते रहने की सलाह दी जाती है।

### समय पर उपचार न होने से बढ़ सकती हैं दिक्कतें

इस तरह की समस्याओं पर समय रहते ध्यान देना और उपचार प्राप्त करना जरूरी हो जाता है। इलाज न हो पाने की स्थिति में गर्दन में होने वाला दर्द आसपास की मांसपेशियों को भी प्रभावित करने लगता है। पीठ के ऊपरी हिस्से की मांसपेशियों में असंतुलन होने का खतरा भी बढ़ जाता है, इसके साथ आपको कुछ समय के लिए भी गर्दन को एक मुद्रा में रखने में कठिनाई महसूस हो सकती है।

टेक्स्ट नेक सिंड्रोम की समस्या समय के साथ आपकी 'क्वालिटी ऑफ लाइफ' को भी प्रभावित करने वाली हो सकती है।

### क्या इससे बचाव किया जा सकता है?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, टेक्स्ट नेक की समस्या से बचे रहने के लिए सभी लोगों को प्रयास करते रहना चाहिए। चूंकि युवा लोग फोन से अधिक लगे रहते हैं इसलिए युवाओं को और भी सावधान रहना चाहिए। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग करते समय अपनी शारीरिक मुद्रा को ठीक रखना, गर्दन को बहुत आगे की तरफ न झुकाना जरूरी है।

◆ डिवाइस को आंखों के स्तर पर रखें, जिससे गर्दन को ज्यादा झुकाना न पड़े।
◆ गर्दन और कंधों को स्ट्रेच करने और आराम देने के लिए बार-बार ब्रेक लें।
◆ लैपटॉप स्टैंड और फोन होल्डर आदि के इस्तेमाल से भी टेक्स्ट नेक सिंड्रोम से बचा जा सकता है।
◆ सबसे जरूरी बात यदि आपको कुछ समय से गर्दन या पीठ में दर्द बना रहता है तो इसे अनदेखा न करें और डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें।

## न्यूज इन ब्रीफ

### मुंबई हवाई अड्डे पर 5.56 करोड़ रुपये मूल्य का गांजा बरामद, एक यात्री गिरफ्तार

**मुंबई :** सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक यात्री के सामान में खाने के पैकेट में छिपाकर रखी गई 5.56 करोड़ रुपये कीमत की 5.56 किलोग्राम 'हाइड्रोपोनिक वीड' (गांजा) जब्त की है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि विशेष खुफिया सूचना के आधार पर सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर मंगलवार तड़के जाल बिछाकर एक यात्री को रोका। अधिकारी ने बताया कि यात्री के बैग की तलाशी लेने पर उसमें रखे खाने के पैकेट में से 5.56 किलोग्राम 'हाइड्रोपोनिक वीड' (गांजा) मिली, जिसकी कीमत 5.56 करोड़ रुपये थी। उन्होंने बताया कि पूछताछ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम (1985) के संबंधित धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### अहमदाबाद सिविल अस्पताल के आईसीयू वार्ड में तांत्रिक ने किया अनुष्ठान, जांच के आदेश

**अहमदाबाद :** अहमदाबाद सिविल अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती एक मरीज पर एक तांत्रिक द्वारा अनुष्ठान करने और उसके इलाज का श्रेय लेने का कथित वीडियो प्रसारित होने के बाद अस्पताल प्रशासन ने पूरे प्रकरण की जांच करने के आदेश दिए हैं। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। तांत्रिक ने सोशल मीडिया पर अपना नाम मुकेश भुवा बताते हुए इंस्टाग्राम पर अस्पताल में किये गए कथित अनुष्ठान का वीडियो साझा किया है। वीडियो क्लिप प्रसारित होने के बाद अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने एक वीडियो बयान जारी कर लोगों से आग्रह किया कि वे तांत्रिक के इस दावे पर विश्वास न करें कि मरीज का इलाज उसकी तंत्र साधना से हुआ है। डॉ.जोशी ने पूरे प्रकरण की जांच कराने के आदेश दिये हैं।

### ठाणे में अवैध तरीके से रहने के आरोप में दो बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में अवैध तरीके से रहने के आरोप में दो बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि दोनों यहां भिवंडी में नल ठीक करने का काम करते थे। भिवंडी शहर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने मंगलवार को भिवंडी के इंदिरा नगर इलाके में खोका परिसर में छापा मारा और एक मकान में किराए पर रह रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि दोनों के पास भारत में रहने के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। अधिकारी ने बताया कि दोनों के खिलाफ विदेशी नागरिक अधिनियम तथा भारतीय पासपोर्ट अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मकान मालिक को भी आरोपी बनाया गया है।

### ओडिशा: साइबर जालसाजों ने कटक में व्यवसायी से 40 लाख रुपये ठगे

**कटक :** ओडिशा के कटक शहर में साइबर जालसाजों ने एक कार कंपनी का वरिष्ठ कर्मी बनकर एक व्यवसायी से 40 लाख रुपये की ठगी कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पीड़ित ने साइबर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, व्यवसायी संबलपुर में कार शोरूम खोलना चाहता था और उसने मार्गदर्शन के लिए कंपनी के कर्मियों से संपर्क किया। कंपनी के कर्मियों ने उसे अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर आवश्यक दस्तावेज जमा करने के निर्देश दिए। पुलिस ने बताया कि व्यवसायी ने गलती से एक फर्जी वेबसाइट पर लॉग इन किया और अलग-अलग दो बैंक खातों में 40.20 लाख रुपये जमा कर दिए। जब जालसाजों ने और रुपये मांगे लेकिन वे 'फील्ड विजिट' पर नहीं आए, तो पीड़ित को धोखाधड़ी होने का एहसास हुआ। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि संबंधित बैंक खाते नयी दिल्ली में स्थित हैं और मामले की जांच की जा रही है।

# डॉ आंबेडकर पर शाह की टिप्पणी को लेकर विपक्ष का हंगामा, नहीं चली राज्यसभा



**नयी दिल्ली :** संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर पर गृह मंत्री अमित शाह द्वारा कथित तौर पर की गई एक टिप्पणी को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण बुधवार को राज्यसभा की कार्यवाही बाधित रही और एक बार के स्थगन के बाद दोपहर करीब सवा दो बजे बैठक को पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। इसी दौरान विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया कि गृह मंत्री शाह ने संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान किया है और उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। सभापति ने उन्हें सदन की कार्यवाही चलने देने के लिए कहा। उन्होंने भाजपा के डॉ राधामोहन दास अग्रवाल से शून्यकाल के तहत अपना मुद्दा उठाने के लिए कहा। अग्रवाल ने 'मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव' से संबंधित मुद्दे पर अपनी बात शुरु की। लेकिन विपक्षी सदस्यों ने गृह मंत्री से माफी की मांग को लेकर हंगामा तेज कर दिया। सभापति ने उनसे शांत रहने की अपील करते हुए कहा ''बाबा साहेब का सम्मान हम सब करते हैं। वह हम सबके लिए प्रात: वंदनीय, सदैव आदरणीय और अनुकरणीय हैं। देश और देश के बाहर, हर जगह, उनका सम्मान होता है।'' संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा ''हमने कल सदन में अच्छी तरह सुना है। गृह मंत्री ने उनके लिए श्रद्धा जाहिर की और सम्मान व्यक्त किया था। उन्होंने बताया था कि कांग्रेस ने बाबा साहेब का किस तरह अपमान किया। '' रीजीजू ने कहा ''जब वह जीवित थे तब उन्हें 1952 में साजिश के तहत कांग्रेस ने चुनाव में हराया। उप चुनाव में भी कांग्रेस ने उन्हें पुन: हराया। अगर बाबा साहेब को कांग्रेस नहीं हराती तो वह 1952 के बाद भी चुनाव जीत कर सदन के सदस्य बने होते।'' रीजीजू ने कहा कि उनके परिनिर्वाण के बाद भी कांग्रेस ने उन्हें अपमानित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्हें भारत रत्न नहीं दिया। उन्हें अपमानित कर कांग्रेस ने देश के साथ खिलवाड़ किया है।'' संसदीय मामलों के मंत्री ने कहा कि कांग्रेस आज कौन से मुंह से बाबा साहेब के अपमान की बात करती है, यह तो खुद उसने किया है, बार बार किया है। ''बार बार आंबेडकर का नाम ले कर कांग्रेस छल-कपट करती है।'' उन्होंने कहा ''मैं बाबा साहेब के बताए रास्ते पर चलने वाला बौद्ध हूं। सन 1951 में बाबा साहेब ने कानून मंत्री के पद से इस्तीफा दिया था।

### अमित शाह का बचाव नहीं, तत्काल बर्खास्त करें प्रधानमंत्री: खरगे

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के अपमान का आरोप लगाया और मांग की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनका बचाव करने के बजाय आज रात 12 बजे तक मंत्रिमंडल से बर्खास्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि प्रधानमंत्री को बाबासाहेब के प्रति श्रद्धा है तो उन्हें यह कदम उठाना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''अमित शाह ने जो बात कही वह निंदनीय है।

### कांग्रेस और नेताओं को अमित शाह के भाषण का क्लिप साझा करने पर 'एक्स' से मिला नोटिस

कांग्रेस पार्टी और उसके कुछ नेताओं को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुछ वीडियो क्लिप अपने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा करने के मामले में बुधवार को 'एक्स' से नोटिस मिला। विपक्षी सूत्रों ने कहा कि 'एक्स' द्वारा इस संबंध में किये गए संवाद में गृह मंत्रालय के साइबर अपराध समन्वय केंद्र से प्राप्त नोटिस का हवाला दिया गया है।

### मेरे इस्तीफा देने से खरगे की समस्या का अंत नहीं, अभी 15 साल और विपक्ष में बैठना है उन्हें: शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को इस्तीफा मांगने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर तंज कसा और कहा कि उनके 'आनंद' के लिए वह पद छोड़ भी दें तो इससे उनकी समस्या का अंत नहीं होने वाला है क्योंकि उन्हें कम से कम 15 साल और विपक्ष में ही बैठना है। राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुख्यालय में संवाददाताओं के सवालों का जवाब देते हुए शाह ने यह भी कहा कि उनके इस्तीफे से 'खरगे साहब' की दाल नहीं गलने वाली है।

## अंडमान में द्वीपों का नामकरण स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति को संरक्षित करने का प्रयास: मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि अंडमान निकोबार में द्वीपों का नामकरण स्वतंत्रता सेनानियों और प्रख्यात हस्तियों की स्मृति को संरक्षित करने और उनका उत्सव मनाने के सरकार के बड़े प्रयासों का हिस्सा है, जिन्होंने राष्ट्र पर एक अमिट छाप छोड़ी है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''अंडमान और निकोबार में द्वीपों का नामकरण हमारे नायकों के नाम पर करना, यह सुनिश्चित करने का एक तरीका है कि राष्ट्र के लिए उनकी सेवा को आने वाली पीढ़ियां याद रखें।'' उन्होंने कहा, ''यह हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और प्रख्यात व्यक्तित्वों की स्मृति को संरक्षित करने और उनका उत्सव मनाने के हमारे बड़े प्रयास का भी हिस्सा है, जिन्होंने हमारे राष्ट्र पर एक अमिट छाप छोड़ी है। आखिरकार, वे राष्ट्र ही विकास और राष्ट्र-निर्माण में आगे बढ़ते हैं, जो अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं।'' प्रधानमंत्री ने नामकरण समारोह के दौरान दिया गया अपना भाषण भी साझा किया। उन्होंने कहा, ''इसके अलावा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का आनंद लें। सेलुलर जेल का भी दौरा करें और महान वीर सावरकर के साहस से प्रेरणा लें।'' पिछले साल जनवरी में, मोदी ने परमवीर चक्र पुरस्कार विजेताओं के नाम पर अंडमान और निकोबार में 21 द्वीपों का नाम रखा था।

## महाकुंभ मेले में ड्यूटी करने आए पुलिसकर्मियों की लिखित परीक्षा ली जा रही

**महाकुंभ नगर :** महाकुंभ 2025 की सुरक्षा और सफलता सुनिश्चित करने के लिए कुंभ मेला पुलिस मेले में ड्यूटी करने आए पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण और परीक्षा के जरिये दक्ष बनाने की कोशिश कर रही है। इसी क्रम में पुलिस कर्मियों की तैयारियों को परखने और उन्हें हर चुनौती का सामना करने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण सत्र और परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (कुंभ) राजेश द्विवेदी ने बताया कि प्रशिक्षण सत्रों में आपदा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, श्रद्धालु-ओं से व्यवहार और कुंभ के धार्मिक एवं आध्यात्मिक पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद आयोजित लिखित परीक्षा में पुलिस कर्मियों की तत्परता का मूल्यांकन किया जा रहा है, ताकि महाकुंभ के दौरान सुरक्षा और सेवा का सर्वोत्तम मानक सुनिश्चित किया जा सके। द्विवेदी के अनुसार, लिखित परीक्षा में प्रशिक्षण के दौरान बताए गए विभिन्न आयामों से संबंधित प्रश्न पूछे जा रहे हैं।

### महाकुंभ मेले के लिए मुफ्त यात्रा का कोई प्रावधान नहीं : रेलवे

रेल मंत्रालय ने उन दावों को बेबुनियाद और भ्रामक करार देते हुए बुधवार को खारिज किया कि महाकुंभ मेले के दौरान यात्रियों को मुफ्त यात्रा की अनुमति दी जाएगी। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ऐसा कोई प्रावधान मौजूद नहीं है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, भारतीय रेलवे के संज्ञान में आया है कि कुछ मीडिया संस्थान ऐसी खबरें प्रसारित कर रहे हैं कि महाकुंभ मेले के दौरान यात्रियों को मुफ्त यात्रा करने की अनुमति दी जाएगी। बयान के मुताबिक, भारतीय रेलवे इन खबरों का स्पष्ट रूप से खंडन करता है, क्योंकि ये पूरी तरह से बेबुनियाद और भ्रामक हैं।

## शिंदे ने फडणवीस-उद्धव की मुलाकात को 'स्वागत योग्य बदलाव' बताया



**नागपुर :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बीच मुलाकात को बुधवार को स्वागत योग्य बदलाव करार दिया। उद्धव और उनके विधायक बेटे आदित्य ठाकरे ने मंगलवार को नागपुर में विधान भवन परिसर में फडणवीस और विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से मुलाकात की थी। आदित्य ने कहा था कि मुलाकात के दौरान उन्होंने दोनों (फडणवीस और नार्वेकर) को शुभकामनाएं दीं और राजनीतिक परिपक्वता दिखाने एवं लोगों के हित में मिलकर काम करने की दिशा में कदम उठाने की बात कही। महाराष्ट्र विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के बीच नागपुर में संवाददाताओं से बातचीत में शिंदे ने कहा कि जो लोग लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद 'सातवें आसमान पर' थे और विधानसभा चुनाव के बाद सत्ता में लौटने पर 'हमें जेल भेजने की योजना' बना रहे थे, वे अब मुख्यमंत्री से मिल रहे हैं। उन्होंने कहा, यह एक स्वागत योग्य बदलाव है। मुख्यमंत्री राज्य के नेता हैं और कोई भी उनसे मिल सकता है।

## संसदीय समिति ने प्रमुख राज्यों में आदिवासी समूहों के लिए योजनाओं में धन की कमी पर चिंता जताई

**नयी दिल्ली :** संसद की एक स्थायी समिति ने 2022-23 के दौरान विशेष रूप से संवेदनशील जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के विकास की योजना के तहत प्रमुख राज्यों को वितरित धन की कमी पर चिंता व्यक्त की है। झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों को कोई आवंटन नहीं किया गया, जिनमें बड़ी जनजातीय आबादी है। इसके मद्देनजर समिति ने सवाल उठाया कि संसाधनों के अभाव में योजनाबद्ध विकास कार्य कैसे किए गए। जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा अनुदान की मांग के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता पर संसदीय समिति की रिपोर्ट में आवंटित धन के कम उपयोग, राज्यों द्वारा उपयोग प्रमाण पत्र जमा करने में देरी तथा प्रक्रियात्मक अक्षमताओं का हवाला देते हुए पिछले कार्यक्रमों के नुकसान से बचने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। रिपोर्ट बुधवार को संसद में पेश की गई। समिति ने कहा, '' 2020-21 से 2022-23 की अवधि के दौरान विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के विकास के तहत किए गए बजटीय आवंटन में संशोधन के चरण में काफी कमी की गई थी। इसके अलावा, समिति ने यह भी पाया कि 2022-23 के दौरान अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, बिहार, झारखंड, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड आदि को कोई धनराशि जारी नहीं की गई।''

## कप्लर में जंग लगने के कारण किसान एक्सप्रेस और मगध एक्सप्रेस दो भागों में बंट गईं: सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने बुधवार को लोकसभा को बताया कि अगस्त और सितंबर में क्रमश: किसान एक्सप्रेस और मगध एक्सप्रेस रेलगाड़ियों के दो हिस्सों में बंटने की घटनाएं कप्लर के एक पुर्जे में जंग लगने के कारण हुईं। समाजवादी पार्टी के सांसद आनंद भदौरिया ने उत्तर प्रदेश (किसान एक्सप्रेस) और बिहार (मगध एक्सप्रेस) में हुई दो घटनाओं के बारे में पूछा था कि ''क्या सरकार ने रेलगाड़ियों को दो भागों में विभाजित होने की घटनाओं की जांच की है''। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उनके प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, ''उक्त रेलगाड़ियों में ये घटनाएं कपलर के एक पुर्जे में जंग लगने के कारण हुईं। इस तरह की समस्या से निजात पाने के लिए अत्यधिक जंग-प्रतिरोधक पदार्थों का इस्तेमाल किया जाने लगा है।'' उन्होंने कहा, ''इसके अलावा, अमृत भारत और वंदे भारत ट्रेन में उपयोग के लिए उन्नत अर्ध-स्वचालित कपलर भी विकसित किए गए हैं जो दो कोच को स्वचालित तरीके से जोड़ने में सक्षम होते हैं। इतना ही नहीं, यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कोच का डिजाइन और विकास भारतीय रेलवे की सतत प्रक्रिया है।'' वैष्णव के अनुसार, परिचालन के दौरान रेलगाड़ियों की कपलिंग खुलने की असामान्य घटनाएं कई वजहों से होती हैं, जैसे- अनुचित तरीके से की गयी कपलिंग, प्रतिकूल मौसम के कारण जंग लगना एवं ट्रेन संचालन के दौरान टूट-फूट आदि।

## भारत के ऊपर 'सैटेलाइट बीम' बंद कर दिए गए: एलन मस्क



**इंफाल :** 'स्पेसएक्स' के संस्थापक एलन मस्क ने कहा कि भारत के ऊपर 'स्टारलिंक' के 'सैटेलाइट बीम' बंद कर दिए गए हैं। उनका यह बयान उस दावे की प्रतिक्रिया में आया है जिसमें कहा गया कि उनकी कंपनी के उपकरण का इस्तेमाल हिंसाग्रस्त मणिपुर में किया जा रहा है। सुरक्षा बलों ने हाल ही में इंफाल पूर्वी जिले में छापेमारी के दौरान हथियारों और गोला-बारूद के साथ कुछ इंटरनेट उपकरण जब्त किए थे। भारतीय सेना के स्पियर कोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जब्त की गई चीजों की तस्वीरें साझा की थीं जिसके बाद एक उपयोगकर्ताओं ने इस पर ध्यान दिया कि उनमें से एक उपकरण पर 'स्टारलिंक का लोगो' था। इस ओर ध्यान आकर्षित करते हुए एक उपयोगकर्ता ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''स्टारलिंक का इस्तेमाल आतंकवादियों द्वारा किया जा रहा है। आशा है कि एलन मस्क इस पर ध्यान देंगे और इस तकनीक के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने में मदद करेंगे।'' मस्क ने जवाब दिया, ''यह गलत है। भारत के ऊपर स्टारलिंक के सैटेलाइट बीम बंद कर दिए गए हैं।'' राज्य पुलिस के अनुसार, केराओ खुनौ से जब्त की गई सामग्री में ''एक इंटरनेट सैटेलाइट एंटीना, एक इंटरनेट सैटेलाइट राउटर और 20 मीटर (लगभग) एफटीपी तार'' शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि स्टारलिंक जैसे उपकरण की बरामदगी के बाद एजेंसियों ने इस बात की जांच शुरू कर दी कि यह उपकरण हिंसाग्रस्त राज्य में कैसे पहुंचा। सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने वाली मस्क की कंपनी स्टारलिंक के पास भारत में काम करने का लाइसेंस नहीं है। पिछले साल मई से मणिपुर में मेइती और कुकी-जो समूहों के बीच शुरू हुई जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग जान गंवा चुके हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

## उर्दू की जगह हिंदी के शब्द इस्तेमाल करेगी राजस्थान पुलिस



**जयपुर :** राजस्थान की भाजपा सरकार पुलिस महकमे में आमतौर पर काम लिए जाने वाले उर्दू शब्दों की जगह हिंदी शब्दों का इस्तेमाल करेगी। पुलिस विभाग द्वारा इस तरह के शब्दों और उनके हिंदी विकल्पों की जानकारी जुटाई जा रही है। विभाग ने इस संबंध में राज्य के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम के पत्र के बाद पुलिस मुख्यालय ने ऐसे शब्दों और उनके हिंदी विकल्पों के बारे में जानकारी मांगने की कवायद शुरू कर दी है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) यू आर साहू ने पिछले महीने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) को पत्र लिखकर उन उर्दू शब्दों का ब्योरा जुटाने को कहा था जो पुलिस के कामकाज में आमतौर पर इस्तेमाल हो रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिया था कि वे पता लगाएं कि पुलिसिंग में उर्दू के कौन-कौन से शब्द इस्तेमाल हो रहे हैं और उनकी जगह कौन से हिंदी शब्द उपयुक्त हो सकते हैं। पत्र में उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को नए हिंदी शब्दों से अवगत कराने, प्रशिक्षण सामग्री से उर्दू शब्दों को हटाने और चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नए हिंदी शब्दों की जानकारी प्रसारित करने के भी निर्देश दिए थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि राज्य पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के अनुपालन में जिला पुलिस अधीक्षकों को उर्दू शब्दों और उनके हिंदी प्रतिस्थापन के बारे में जानकारी एकत्र करने को कहा गया है। वहीं कांग्रेस महासचिव स्वर्णिम चतुर्वेदी ने इस कवायद को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह अनुचित काम है। उन्होंने कहा कि ऐसे निर्देशों के बजाय राज्य सरकार को कानून व्यवस्था को सुधारने और अपराधों पर अंकुश लगाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती जा रही है जिसकी सरकार को कोई परवाह नहीं है।

### मणिपुर के मुख्यमंत्री ने शांति बहाल करने के लिए नगा संगठनों से सहयोग मांगा

**इंफाल :** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने बुधवार को हिंसा प्रभावित पूर्वोत्तर राज्य में शांति बहाल करने में मदद के लिए सेनापति जिले के नगा निकायों से समर्थन मांगा और कहा कि उनकी सरकार समुदायों के बीच एकता लाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। पुनानमेई गांव में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'रोबवेना नी' को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि मणिपुर पिछले 19 महीनों से कठिनाई का सामना कर रहा है और भगवान की कृपा से स्थिति धीरे-धीरे सुधर रही है। सिंह ने कहा, यह कार्यक्रम एकजुटता, मेलमिलाप और क्षमा के सूत्र वाक्य आधारित है, जिसकी मणिपुर में जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा, सेनापति जिले के लोगों की भूमिका बहुत बड़ी है।

## न्यूज अपडेट

### साइबर अपराध पोर्टल ने 3,431 करोड़ रुपये बचाए, करीब 10 लाख शिकायतों का समाधान किया

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने बुधवार को लोकसभा को बताया कि राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल ने 9.94 लाख शिकायतों के समाधान के माध्यम से 3,431 करोड़ रुपये से अधिक की बचत करने में मदद की है। 'नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग और प्रबंधन प्रणाली' स्वचालित रूप से साइबर अपराध की घटनाओं को आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित राज्य-स्तरीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भेजती है। 'साइबरक्राइम डॉट जीओवी डॉट इन' पोर्टल का उद्देश्य वित्तीय धोखाधड़ी की तत्काल रिपोर्टिंग को सक्षम बनाना और धोखेबाजों द्वारा धन की हेराफेरी को रोकना है। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के राज्य मंत्री बी एल वर्मा ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में वित्तीय साइबर अपराधों से निपटने में पोर्टल की प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला।

### मप्र: प्रताड़ना से तंग आकर छात्र ने किया आत्महत्या का प्रयास, दो शिक्षकों पर मामला दर्ज

**ग्वालियर (मप्र) :** मध्यप्रदेश के ग्वालियर शहर में प्रताड़ना से तंग आकर नौवीं कक्षा के एक छात्र द्वारा कथित तौर पर आत्महत्या का प्रयास किए जाने के बाद पुलिस ने एक सरकारी स्कूल के दो शिक्षकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि घटना आठ नवंबर की है, लेकिन छात्र का बयान दर्ज होने के बाद मंगलवार को मामला दर्ज किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने बताया कि महाराजपुरा थाना क्षेत्र के केंद्रीय विद्यालय संख्या-दो में पढ़ने वाले 14 वर्षीय छात्र ने कथित तौर पर फिनाइल पी लिया था। उन्होंने बताया कि छात्र ने फिनाइल पीने से पहले एक कथित सुसाइड नोट छोड़ा था। अधिकारी ने बताया कि लड़के के स्वस्थ होने के बाद उसका बयान दर्ज किया गया, जिसमें उसने दो शिक्षकों पर उसे प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि इसके बाद किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत दोनों शिक्षकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### एनआईए ने खालिस्तानी आतंकवादी लांडा के दो प्रमुख सहयोगियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पंजाब में आतंकी षड़यंत्र मामले में प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आंतकवादी लखबीर सिंह उर्फ लांडा के दो प्रमुख सहयोगियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। एनआईए ने बुधवार को यह जानकारी दी। पंजाब के फिरोजपुर जिले के जसप्रीत सिंह और मध्य प्रदेश के बडवानी जिले के बलजीत सिंह के खिलाफ मंगलवार को मोहाली में विशेष एनआईए अदालत के समक्ष आरोपपत्र दायर किया गया। जांच एजेंसी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि एनआईए ने दोनों की पहचान विदेश में रहने वाले खालिस्तानी आतंकवादी लांडा द्वारा बनाए गए आतंकी गिरोह के सदस्यों के रूप में की है। एनआईए ने दावा किया कि जांच के दौरान यह भी पता चला कि लांडा के मादक पदार्थ तस्करी और जबरन वसूली नेटवर्क में जसप्रीत सिंह शामिल था।



भागीरथ फॉर गुड कॉसेस फाउंडेशन द्वारा बुधवार को माली शिक्षण संस्थान आदर्श नगर जयपुर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे 22 छात्रों को राजस्थान की कला और संस्कृति पुस्तक की प्रतियों का नि:शुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के निदेशक डॉ. एस.के. सैनी भी उपस्थित थे। उन्होंने इस अवसर पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को कठोर मेहनत और एकाग्र चितता तैयारी करने हेतु अभिप्रेरित किया।

## सोनाक्षी या उनके पिता के प्रति मेरे मन में कोई दुर्भावना नहीं है: मुकेश खन्ना

**नयी दिल्ली :** वरिष्ठ अभिनेता मुकेश खन्ना का कहना है कि रामायण के बारे में जानकारी नहीं होने पर जब अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की वह आलोचना कर रहे थे तो उन्हें पता था कि वह उन्हें 'नाराज' कर रहे हैं लेकिन उनकी टिप्पणी के पीछे किसी प्रकार की 'दुर्भावना' नहीं थी। खन्ना ने कहा कि वह सोनाक्षी की तरह एक 'हाई फाई केस' का उपयोग करके युवा पीढ़ी को भारत की संस्कृति और इतिहास के बारे में बताना चाहते हैं। उनकी इस टिप्पणी से पहले 'हीरामंडी' फिल्म की स्टार और तृणमूल सांसद शत्रुघ्न सिन्हा की बेटी सोनाक्षी ने खन्ना को खुला पत्र लिखकर उनकी परवरिश एवं परिवार के बारे में 'अशोभनीय बयान' देने के लिए उनकी निंदा की। खन्ना ने इंस्टाग्राम पर लिखा, '' प्रिय सोनाक्षी, मुझे आश्चर्य है कि आपने प्रतिक्रिया देने में इतना समय लिया। मुझे पता था कि मैं प्रसिद्ध करोड़पति (केबीसी) शो में उस घटना से आपका नाम लेकर आपको नाराज़ कर रहा था। लेकिन मैं आपको बता दूं कि मेरा आपको या आपके पिता को बदनाम करने का कोई दुर्भावनापूर्ण इरादा नहीं था, जो मेरे वरिष्ठ हैं और मेरे उनके साथ बेहद सौहार्दपूर्ण संबंध हैं।'' उन्होंने लिखा, '' मेरा एकमात्र उद्देश्य आज की पीढ़ी पर प्रतिक्रिया देना था, जिसे बड़े-बुजुर्ग 'जेन-जेड' कहते हैं, जो आज की गूगल दुनिया और मोबाइल फोन की गुलाम बन गई है। उनका ज्ञान विकिपीडिया और यूट्यूब पर सामाजिक संपर्कों तक ही सीमित है। और यहां मेरे सामने आपका एक हाई फाई केस था जिसे मैंने सोचा कि मैं दूसरों को सिखाने के लिए इस्तेमाल कर सकता हूं।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### बांग्लादेश ने दूसरे टी20 में वेस्टइंडीज को 27 रन से हराकर श्रृंखला जीती

**किंग्सटाउन :** तास्किन अहमद की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से बांग्लादेश ने दूसरे टी20 मैच में वेस्टइंडीज को 27 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2–0 की विजयी बढ़त बना ली। बांग्लादेश ने मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शमीम हुसैन की 17 गेंद में नाबाद 35 रन की पारी की बदौलत सात विकेट पर 129 रन बनाए। मेहदी हसन मिराज ने भी 26 रन का योगदान दिया। स्पिनर गुडाकेश मोती ने 25 रन देकर दो विकेट चटकाए। बांग्लादेश की पारी के दौरान दो बार बारिश ने खलल डाला लेकिन ओवरों में कोई कटौती नहीं हुई। इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम तास्किन (16 रन पर तीन विकेट), रिशाद हुसैन (12 रन पर दो विकेट), मेहदी हसन (20 रन पर दो विकेट) और तंजीम हसन शाकिब (22 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने 18.3 ओवर में 102 रन पर सिमट गई। रोस्टन चेस 32 रन बनाकर मेजबान टीम के शीर्ष स्कोरर रहे जबकि अकील हुसैन ने 31 रन की पारी खेली। बांग्लादेश ने रविवार को पहला टी20 सात रन से जीता था।

### किरण जाधव ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन का स्वर्ण जीता, तीसरे स्थान पर रहे कुसाले

**भोपाल :** भारतीय नौसेना के किरण अंकुश जाधव ने बुधवार को यहां पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले और एक अन्य ओलंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर को हराकर 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप प्रतियोगिता (एनएससीसी) में पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन का खिताब जीता। जाधव ने फाइनल में 465.8 का स्कोर किया और मध्य प्रदेश के ऐश्वर्य प्रताप (463.1) को पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया। स्वप्निल तीसरे स्थान पर रहे। उन्होंने 451.8 अंक बनाए। इससे पहले स्वप्निल ने क्वालीफिकेशन में 593 के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था। ऐश्वर्य उनसे एक अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहे। जाधव ने 590 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहकर क्वालीफाई किया था। इस स्पर्धा के जूनियर वर्ग के फाइनल में ओलंपियन जयदीप करमाकर के बेटे, पश्चिम बंगाल के एड्रियन करमाकर ने मध्य प्रदेश के कुशाग्र सिंह राजावत को हराकर आसानी से स्वर्ण पदक जीता।

# अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय कैरियर से विदा लेकर क्रिकेट जगत को चौंका दिया



**ब्रिसबेन :** भारत के अनुभवी आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बीच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से तुरंत प्रभाव से संन्यास लेने का ऐलान करके क्रिकेट जगत को चौंका दिया। हालांकि यह भी कहा कि अभी उनके भीतर खेल बाकी है। 38 वर्ष के अश्विन ने भारत के लिये अनिल कुंबले (619 विकेट) के बाद 106 मैचों में सर्वाधिक 537 टेस्ट विकेट लिये हैं।आईपीएल में अगले साल चेन्नई सुपर किंग्स के लिये वापसी करने वाले अश्विन क्लब क्रिकेट खेलते रहेंगे। सीमित ओवरों के प्रारूप में वह 2011 विश्व कप और 2013 चैम्पियंस ट्रॉफी विजेता टीम का हिस्सा थे। अश्विन ने ब्रिसबेन में तीसरा टेस्ट ड्रॉ रहने के बाद कप्तान रोहित शर्मा के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मैं आपका अधिक समय नहीं लूंगा। यह भारतीय टीम के क्रिकेटर के रूप में मेरा आखिरी दिन है।' इसके बाद उन्होंने कोई सवाल लेने से इनकार कर दिया और घोषणा करके चले गए। श्रृंखला में अभी मेलबर्न और सिडनी टेस्ट बाकी है। पांच मैचों की श्रृंखला फिलहाल 1–1 से बराबरी पर है। अश्विन बृहस्पतिवार को भारत लौट आयेंगे। संन्यास की घोषणा से पहले उन्हें ड्रेसिंग रूम में विराट कोहली के साथ भावुक होते देखा गया। कोहली ने उनके कंधे पर हाथ रखा था और अश्विन को अपनी आंखें पोंछते देखा गया। अश्विन ने एडीलेड में गुलाबी गेंद का टेस्ट खेलकर एक विकेट लिया था। पिछले तीन टेस्ट में अंतिम एकादश में जगह पक्की नहीं देखकर अश्विन ने शायद यह फैसला लिया। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि क्रिकेटर के तौर पर मेरे भीतर अभी पंच बाकी है लेकिन मैं क्लब स्तर पर उसे दिखाना चाहूंगा। मैंने अपने कैरियर का पूरा मजा लिया। मेरी रोहित और बाकी खिलाड़ियों के साथ कई यादें हैं।' उन्होंने चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे की ओर इशारा करते हुए कहा, 'उनमें से कुछ पिछले कुछ साल में चले गए। हम आस्ट्रेलिया में भारतीय ड्रेसिंग रूम में उस जमात की आखिरी कड़ी हैं।' अश्विन ने भारत के लिये 116 वनडे खेलकर 156 विकेट लिये जबकि 65 टी20 में 72 विकेट चटकाये। उन्होंने 2010 में वनडे में और 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने कहा, 'मुझे कई लोगों को धन्यवाद देना है लेकिन सबसे पहले बीसीसीआई और अपने साथी खिलाड़ियों को धन्यवाद दूंगा। रोहित, विराट, अजिंक्य, पुजारा जिन्होंने विकेट के आसपास कैच लपककर मुझे विकेट दिलाये। आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को भी धन्यवाद जिनके खिलाफ खेलने में मजा आया।' उन्होंने मीडिया को धन्यवाद देते हुए कहा, 'यह भावुक पल है। मुझे माफ कीजिये कि सवाल नहीं ले सकूंगा। मेरे बारे में अच्छा और कभी कभी बुरा लिखने के लिये धन्यवाद।'

### अपने क्रिकेट करियर में कई उपलब्धियां हासिल की अश्विन ने

✲ अश्विन ने नवंबर 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने इस मैच में नौ विकेट लिए और उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में अपनी पहली पारी में ही पांच विकेट (156 रन देकर पांच विकेट) लेने का कारनामा किया था।

✲ अश्विन ने अगस्त 2012 में पहली बार टेस्ट मैच में 10 या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए इस मैच में 85 रन देकर 12 विकेट लिए थे।

✲ अश्विन 2015 में आईसीसी की टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचे थे।

✲ अश्विन 2011 में वनडे विश्व कप और 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा भी रहे। वनडे विश्व कप 2011 में वह शुरुआती चरण में खेले थे लेकिन उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी विशेष कर बारिश से प्रभावित फाइनल में अहम भूमिका निभाई थी।

✲ अश्विन 2010 और 2016 में एशिया कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा भी थे।

✲ अश्विन को 2016 में आईसीसी का वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर और सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर चुना गया था। उन्हें 2011 से 2020 तक आईसीसी की दशक की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में भी चुना गया था। ✲ अश्विन टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम मैचों में 250, 300 और 500 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

✲ अश्विन टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज हैं। उनसे पहले पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने यह उपलब्धि हासिल की थी। अश्विन फरवरी 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ 98 टेस्ट मैच में इस मुकाम पर पहुंचे थे।

✲ अश्विन मार्च 2022 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में 100 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने थे। ✲अश्विन 2010 और 2011 में आईपीएल चैंपियन बनने वाली चेन्नई सुपर किंग्स टीम का हिस्सा थे।

## अपनी गलतियों से सबक लेकर वेस्टइंडीज के खिलाफ निर्णायक टी20 में उतरेगी भारतीय महिला टीम

**नवी मुंबई :** भारतीय महिला क्रिकेट टीम वेस्टइंडीज के आक्रामक खेल का जवाब देने के लिये बृहस्पतिवार को निर्णायक तीसरे टी20 मैच में अपनी गलतियों से सबक लेकर उतरेगी जबकि नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर का खेलना अभी तय नहीं है। भारत ने पहले मैच में 49 रन से जीत दर्ज की लेकिन वेस्टइंडीज ने दूसरे मैच में उसे नौ विकेट से हराकर श्रृंखला में बराबरी की। वेस्टइंडीज ने 26 गेंद और नौ विकेट बाकी रहते जीत हासिल की और अपनी पारी में 27 चौके तथा दो छक्के लगाये। भारत का कोई भी गेंदबाज कैरेबियाई बल्लेबाजों को चुनौती नहीं दे सका और ओस ने काम और मुश्किल कर दिया। वेस्टइंडीज ने हालात का पूरा फायदा उठाते हुए आक्रामक बल्लेबाजी की। एक दिन में हालात में बहुत बदलाव नहीं होने वाला लेकिन भारत को अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी में सुधार जरूर करना होगा। हरमनप्रीत पहले मैच में फील्डिंग के लिये नहीं आई और घुटने में चोट के कारण दूसरा मैच नहीं खेल सकी। पिछले तीन टी20 मैचों में दो अर्धशतक जमाने वाली हरमनप्रीत अगर नहीं खेलती है तो भारत को उनके अनुभव की कमी खलेगी। कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना ने श्रृंखला में दूसरा अर्धशतक लगाकर भारत को अच्छा स्कोर देने की कोशिश की लेकिन बाकी बल्लेबाजों से उन्हें सहयोग नहीं मिल सका। वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने काफी अनुशासित प्रदर्शन किया और बल्लेबाजों को कोई मौका नहीं दिया। स्मृति और रिचा घोष (32) को छोड़कर कोई भारतीय बल्लेबाज डटकर नहीं खेल सकी।

## रियल कश्मीर ने आइजोल एफसी को बराबरी पर रोका, चर्चिल ने डेम्पो को हराया

**आइजोल :** रियल कश्मीर एफसी ने बुधवार को यहां आईलीग फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में आखिरी मिनट में गोल करके आइजोल एफसी को 1–1 से बराबरी पर रोक दिया। आइजोल ने लालरिनजुआला के 56वें मिनट में किए गए गोल से बढ़त बनाई। रियल कश्मीर की तरफ से शाहिद नजीर ने 90वें मिनट में बराबरी का गोल किया। इस मैच के ड्रॉ रहने के बाद रियल कश्मीर छह मैचों में नौ अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जबकि आइजोल समान मैचों में छह अंक जुटाकर 10वें स्थान पर है। गोवा के राया में खेले गए एक अन्य मैच में चर्चिल ब्रदर्स ने डेम्पो स्पोर्ट्स क्लब को 2–0 से हराया। चर्चिल के लिए लल्लियानसांगा रेंथली (15वें) और वेडे लेके (75वें) ने गोल किए।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच गाबा टेस्ट ड्रॉ, पांचवें दिन तेज बारिश के बाद लिया गया फैसला

**ब्रिसबेन :** बारिश के कारण बार बार बाधित हुआ ब्रिसबेन टेस्ट आखिरकार पांचवें दिन बुधवार को ड्रॉ पर रहा जिससे भारत ने राहत की सांस ली होगी और पांच मैचों की श्रृंखला अब 1 . 1 से बराबरी पर ही है। भारत ने नौ विकेट पर 252 रन से आगे खेलते हुए 24 गेंद में आठ रन और जोड़े। इसके बाद आस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी सात विकेट पर 89 रन के स्कोर पर घोषित करने का साहसिक फैसला लेकर भारत को 275 रन का लक्ष्य दिया। बारिश के कारण सुबह के सत्र में खेल नहीं हो सका और अब नतीजा निकलने के लिये पर्याप्त समय नहीं बचा देखते हुए आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने विकेट की चिंता किये बिना ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। आस्ट्रेलिया ने 18 ओवर खेले और एलेक्स कैरी (20 गेंद में 20 रन), पैट कमिंस (10 गेंद में 22 रन) और ट्रेविस हेड (19 गेंद में 17 रन) ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। भारत ने दूसरी पारी में 2. 1 ओवर में बिना किसी नुकसान के आठ रन बना लिये थे जब बारिश के कारण चाय ब्रेक जल्दी लेना पड़ा। इसके बाद बारिश तेज हो गई और कोई खेल नहीं हो सका। चौथा टेस्ट बॉक्सिंग डे पर मेलबर्न में शुरू होगा। भारत के लिये एक बार फिर जसप्रीत बुमराह ने 18 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि मोहम्मद सिराज और आकाश दीप को दो दो विकेट मिले। नाथन मैकस्वीनी (चार) और मार्नस लाबुशेन (एक) को आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद से छेड़खानी का खामियाजा भुगतना पड़ा जबकि उस्मान ख्वाजा (आठ) और मिचेल मार्श (दो) अच्छी गेंदों पर आउट हुए। आस्ट्रेलियाई कप्तान कमिंस ने अपनी पारी में दो चौके और दो छक्के जड़े। इससे पहले बिजली कड़कने और बारिश के कारण पहले सत्र में 24 गेंदें ही डाली जा सकी। गाबा पर भारत की पहली पारी 260 रन पर खत्म होने के साथ ही खराब मौसम की चेतावनी



डिजिटल स्कोरबोर्ड पर दिखाई गई। आकाश दीप (31) आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज रहे जो ट्रेविस हेड का शिकार हुए। उन्होंने जसप्रीत बुमराह (नाबाद 10) के साथ आखिरी विकेट के लिये 47 रन जोड़े। दोनों ने चौथे दिन भारत को फॉलोआन से बचाया था। आस्ट्रेलिया को पहली पारी में 185 रन की बढत मिली। भारतीय पारी खत्म होने के बाद खिलाड़ियों को ड्रेसिंग रूम में ही रहने को कहा गया जबकि प्रशंसकों से सीमारेखा से दूर खुद को बारिश से बचाते हुए जगह लेने को कहा गया। भारी बारिश के कारण इसके बाद कोई खेल नहीं हो सका।

## अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर सका लेकिन अपने खेल को लेकर अच्छा महसूस कर रहा हूं : रोहित शर्मा

ब्रिसबेन : भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि हाल ही में उनका बल्लेबाजी फॉर्म औसत रहा है लेकिन वह अपने खेल को लेकर अच्छा महसूस कर रहे हैं जिससे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाकी दो टेस्ट के लिये उम्मीद बंधती है। अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पर्थ में पहला टेस्ट नहीं खेल सके रोहित इस दौरे पर 3, 6 और 10 रन ही बना सके हैं। वह केएल राहुल को पारी की शुरूआत का मौका देने के लिये छह साल बाद मध्यक्रम में बल्लेबाजी कर रहे हैं जिससे उनका काम और चुनौतीपूर्ण हो गया है। गाबा पर तीसरा टेस्ट ड्रॉ रहने के बाद रोहित ने अपनी बल्लेबाजी का ईमानदारी से आकलन करते हुए कहा, 'मैं अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पा रहा हूं। इसे स्वीकार करने में कोई बुराई नहीं है। लेकिन मुझे पता है कि मैं कैसे तैयारी कर रहा हूं। इसमें कोई कमी नहीं है , बस क्रीज पर अधिक समय टिकने की जरूरत है और यह जल्दी ही होगा।''उन्होंने कहा, 'जब तक मेरा दिमाग, मेरा शरीर और मेरे पैर अच्छे चल रहे हैं, मैं खुश हूं। कई बार आंकड़ों से आपको लगता है कि बहुत समय से बड़ी पारी नहीं खेली लेकिन मेरे लिये यह मायने रखता है कि मुझे दिमाग में कैसा लग रहा है या मैं कैसी तैयारी कर पा रहा हूं। यह सबसे अहम है।'' रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले ली। पिछले आस्ट्रेलिया दौरे के नायक अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा अभी भी घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं।



## ईपीएफओ, ईएसआईसी ग्राहक जल्द ही ई-वॉलेट से कर सकेंगे निकासी: श्रम सचिव

**नयी दिल्ली :** सेवानिवृत्ति कोष निकाय, ईपीएफओ और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के ग्राहक जल्द ही ई–वॉलेट के जरिये दावा निपटान राशि का उपयोग करने में सक्षम हो सकते हैं। एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में सचिव सुमिता डावरा ने कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) की त्वरित निकासी के बारे में पूछे गए एक सवाल पर कहा, 'यह बीमाकृत व्यक्ति, एक योगदानकर्ता के लिए बहुत रुचि का क्षेत्र है कि वह अपना पैसा अधिक आसानी से किस तरह निकाल सकता है।' डावरा ने पीटीआई–भाषा से कहा कि स्वतः निपटान के मामलों में ईपीएफ का पैसा बैंक खाते में जाता है और अंशधारक इस राशि को बैंक खाते से किसी भी एटीएम के जरिये निकालने में सक्षम हैं। पर्यटन शिखर सम्मेलन में शिरकत करने आईं डावरा ने कहा, 'अब आप इस बारे में बात कर रहे हैं कि दावा सीधे वॉलेट में कैसे जा सकता है, तो फिर हमें कोई व्यवस्था बनानी होगी। इसके लिए हमने बैंकरों के साथ बातचीत शुरू कर दी है। हम इस बारे में एक योजना भी बनाने जा रहे हैं कि हम इसे व्यावहारिक रूप से किस तरह अंजाम दे सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'हम इस बारे में भारतीय रिजर्व बैंक से संपर्क कर रहे हैं और हम बहुत जल्द ही एक योजना तैयार कर लेंगे।'

## चालू वित्त वर्ष में अबतक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 16.45 प्रतिशत बढ़कर 15.82 लाख करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली :** चालू वित्त वर्ष में अबतक यानी 17 दिसंबर तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 16.45 प्रतिशत बढ़कर 15.82 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के मुताबिक, 2024–25 में अप्रैल से लेकर 17 दिसंबर तक प्रत्यक्ष कर का कुल संग्रह 15.82 लाख करोड़ रुपये रहा है। इस दौरान अग्रिम कर संग्रह में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई और यह 7.56 लाख करोड़ रुपये हो गया। कुल कर संग्रह में 7.42 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कॉरपोरेट कर और 7.97 लाख करोड़ रुपये का गैर–कॉरपोरेट कर संग्रह भी शामिल है। आलोच्य अवधि में 40,114 करोड़ रुपये का प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) भी एकत्र किया गया। प्रत्यक्ष कर संग्रह में कॉरपोरेट कर, व्यक्तिगत आयकर और एसटीटी शामिल होते हैं। इस अवधि के दौरान 3.39 लाख करोड़ रुपये के कर रिफंड जारी किए गए, जो सालाना आधार पर 42.49 प्रतिशत अधिक है।

## राजमार्गों पर क्रैश बैरियर लगाने के दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन करें ठेकेदार : एनएचएआई

**नयी दिल्ली :** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने बुधवार को कहा कि उसने राष्ट्रीय राजमार्गों पर मेटल बीम क्रैश बैरियर (एमबीसीबी) लगाने के लिए निर्धारित दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के ठेकेदारों को निर्देश दिए हैं। क्रैश बैरियर का इस्तेमाल राजमार्गों पर वाहनों को खड़ी ढलानों, तीखे मोड़ पर पलटने से बचाने के लिए किया जाता है। क्रैश बैरियर वाहनों को विपरीत लेन में प्रवेश करने से भी रोकते हैं जिससे खतरनाक दुर्घटनाओं का जोखिम कम हो जाता है। एनएचएआई ने बयान में राजमार्गों के ठेकेदारों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि क्रैश बैरियर के लिए आपूर्ति की जाने वाली सामग्री टक्कर परीक्षण रिपोर्ट में दिए गए निर्देशों के समान ही होनी चाहिए और इसे विनिर्माता द्वारा निर्धारित ढंग से ही लगाया जाना चाहिए। इन निर्देशों के मुताबिक, ठेकेदार को बैरियर विनिर्माता से एक प्रमाणपत्र भी लेना होगा कि परियोजना स्थल पर स्थापित क्रैश बैरियर निर्धारित डिजाइन, मानकों और निर्देशों के अनुरूप लगाया गया है।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 502 अंक और टूटा

**मुंबई :** विदेशी कोषों की निकासी के बीच उपयोगिता, पूंजीगत उत्पाद और धातु शेयरों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स 500 से अधिक अंक टूट गया, जबकि निफ्टी 24,200 अंक के स्तर से नीचे आ गया। कारोबारियों ने कहा कि नीतिगत ब्याज दर में कटौती पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व का फैसला आने के पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया जिससे कारोबारी धारणा पर असर पड़ा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 502.25 अंक यानी 0.62 प्रतिशत गिरकर 80,182.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 634.38 अंक लुढ़ककर 80,050.07 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 137.15 अंक यानी 0.56 प्रतिशत गिरकर 24,198.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और बजाज फाइनेंस में प्रमुख रूप से गिरावट रही। इसके उलट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक्न–ोलॉजीज के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, 'ऊंचे स्तर पर विदेशी



संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली से बाजार की अल्पावधि संरचना कमजोर हो गई है। एफआईआई की भारी बिकवाली से संकेत मिलता है कि बाजार में उछाल आने पर और अधिक बिकवाली होगी।' शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, एफआईआई ने मंगलवार को 6,409.86 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.76 प्रतिशत गिर गया जबकि मिडकैप में 0.61 प्रतिशत का नुकसान रहा। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,563 शेयरों में गिरावट रही जबकि 1,442 शेयरों में तेजी रही और 94 अन्य अपरिवर्तित रहे। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, 'निवेशकों ने फेडरल रिजर्व के दर कटौती पर फैसले से पहले शेयरों को बेचने में दिलचस्पी दिखाई। इसके अलावा डॉलर के मुकाबले रुपये की लगातार गिरती स्थिति ने भी निवेशकों की धारणा पर असर डाला।'

## भारत की 59 प्रतिशत कंपनियों ने पिछले 24 माह में वित्तीय धोखाधड़ी का सामना किया : सर्वेक्षण

**नयी दिल्ली :** देश में पिछले 24 माह यानी दो साल में कई भारतीय कंपनियों ने वित्तीय या आर्थिक धोखाधड़ी का सामना किया है। इसमें खरीद से संबंधित धोखाधड़ी सबसे बड़ा खतरा बनकर उभरी है। पीडब्ल्यूसी के एक सर्वेक्षण में यह तथ्य सामने आया है। पीडब्ल्यूसी के वैश्विक आर्थिक अपराध सर्वेक्षण–2024 ने दुनियाभर के 2,446 कंपनियों के प्रमुखों की प्रतिक्रियाओं का विश्लेषण किया, जिनमें से 91 भारत के थे। पीडब्ल्यूसी ने कहा कि 50 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं शीर्ष पदों पर कार्यरत थे। इनमें निदेशक मंडल के सदस्य, मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ), प्रबंध निदेशक और अध्यक्ष शामिल थे। इसमें कहा गया है, 'सर्वेक्षण में शामिल 59 प्रतिशत भारतीय कंपनियों ने कहा कि उन्हें पिछले 24 महीनों में वित्तीय या आर्थिक धोखाधड़ी का सामना करना पड़ा है। यह वैश्विक औसत 41 प्रतिशत से 18 प्रतिशत अधिक है और इसी सर्वेक्षण के 2022 संस्करण के परिणामों की तुलना में सात प्रतिशत अधिक है।' इसमें आगे कहा गया है कि सर्वेक्षण का 2024 संस्करण बताता है कि खरीद धोखाधड़ी अब भारतीय व्यवसायों के लिए एक प्रमुख मुद्दा है, जिसमें 50 प्रतिशत उत्तरदात–ाओं ने इसे एक बड़ी समस्या माना है। यह वैश्विक स्तर पर इस तरह की धारणा की तुलना में 21 प्रतिशत की उल्लेखनीय बढ़ोतरी है। इसके विपरीत, वर्ष 2022 में, ग्राहक धोखाधड़ी को 47 प्रतिशत व्यवसायों द्वारा शीर्ष चिंता के रूप में बताया गया था।

## रिलायंस निप्पॉन की 'बैंक-बीमा' साझेदारी के लिए इंडसइंड बैंक से बातचीत शुरू

**नयी दिल्ली :** कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल (आरकैप) की अनुषंगी रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस ने आईआईएचएल के साथ सौदा अंतिम चरण में पहुंचने के बीच बैंक बीमा (बैंकएश्योरेंस) साझेदारी के लिए इंडसइंड बैंक के साथ बातचीत शुरू की है। इंडसइंड बैंक की मूल इकाई इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल) ने आरकैप और उसकी अनुषंगी इकाइयों के अधिग्रहण के लिए विजेता बोली लगाई थी। रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष वोहरा ने पीटीआई–भाषा से कहा, 'आईआईएचएल और जापान स्थित निप्पॉन लाइफ के बीच अच्छी समझ बनी है और वे बीमा कारोबार को बढ़ावा देने के बारे में पूरी तरह स्पष्ट हैं। यह कारोबार और पॉलिसीधारकों के लिए बहुत अच्छा संकेत है, क्योंकि आईआईएचएल के पास बहुत मजबूत पूंजी आधार है।' हिंदुजा समूह की कंपनी आईआईएचएल को उम्मीद है कि समाधान योजना को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) से मंजूरी मिलने के लगभग एक साल बाद अगले महीने तक आरकैप का अधिग्रहण पूरा हो जाएगा। वोहरा ने कहा, 'बैंक–बीमा हमारे ढांचे की एक गुमशुदा कड़ी थी और इसके लिए हमने इंडसइंड बैंक के साथ संभावनाएं तलाशना शुरू कर दिया है। हम सभी हितधारकों के लिए मुफीद सौदा करने के लिए पहले से ही बातचीत कर रहे हैं।' इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कंपनी अन्य वित्तीय संस्थानों के साथ भी बातचीत कर रही है क्योंकि नियमों के हिसाब से बैंक–बीमा के एक से अधिक गठजोड़ बनाए जा सकते हैं।

## न्यूज अपडेट

### विशाल मेगा मार्ट का शेयर पहले दिन के कारोबार में 43.50 प्रतिशत चढ़ा

**नयी दिल्ली :** विशाल मेगा मार्ट लिमिटेड का बुधवार को अपने पहले दिन के कारोबार में 78 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 43.50 प्रतिशत के उछाल के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर निर्गम मूल्य से 41 प्रतिशत की तेजी के साथ 110 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। दिन के दौरान यह 48.20 प्रतिशत बढ़कर 115.60 रुपये पर पहुंच गया। अंत में कंपनी यह 43.52 प्रतिशत के उछाल के साथ 111.95 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई में कंपनी का शेयर निर्गम मूल्य से 33.33 प्रतिशत के उछाल के साथ 104 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 43.5 प्रतिशत चढ़कर 111.93 रुपये पर बंद हुआ। विशाल मेगा मार्ट का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 50,475.11 करोड़ रुपये रहा। कारोबार की मात्रा के लिहाज से, दिन के दौरान बीएसई में कंपनी के 795.19 लाख शेयरों और एनएसई पर 7,287.32 लाख शेयरों का कारोबार हुआ। विशाल मेगा मार्ट के 8,000 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को शुक्रवार को बोली के अंतिम दिन 27.28 गुना अभिदान मिला था। इसके लिए मूल्य दायरा 74–78 रुपये प्रति शेयर था।

### सोने में 200 रुपये की गिरावट, चांदी 500 रुपये तेज

**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये टूटकर 79,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 79,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। तीन दिन की गिरावट के बाद बुधवार को चांदी 500 रुपये बढ़कर 92,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। मंगलवार को यह 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। पिछले तीन सत्रों में चांदी 5,500 रुपये प्रति किलोग्राम टूट चुकी है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत मंगलवार के 78,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के पिछले बंद भाव से 200 रुपये की गिरावट के साथ 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। विशेषज्ञों का कहना है कि सोना रक्षात्मक रुख अपनाए हुए है, क्योंकि बाजार अमेरिकी फेडरल रिजर्व (फेड) की बैठक के नतीजों का इंतजार कर रहा है, जो सर्राफा कीमतों के लिए आगे दिशा दिखा सकता है।

### निजी इक्विटी/उद्यम पूंजी निवेश नवंबर में 156 प्रतिशत बढ़कर चार अरब डॉलर पर

**मुंबई :** निजी इक्विटी और उद्यम पूंजी (पीई/वीसी) कोषों ने नवंबर में सालाना आधार पर 156 प्रतिशत अधिक यानी चार अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है। हालांकि, यह आंकड़ा इससे पिछले महीने (अक्टूबर–2024) की तुलना में करीब 15 प्रतिशत कम है। उद्योग लॉबी समूह आईवीसीए और परामर्श कंपनी ईवाई की रिपोर्ट के अनुसार, इस महीने में 87 सौदे हुए जो नवंबर, 2023 में हुए 59 लेनदेन की तुलना में 47 प्रतिशत अधिक है। परामर्श कंपनी के साझेदार विवेक सोनी ने कहा, 'हालांकि, 2024 की शुरुआत मजबूत रही लेकिन भू–राजनीतिक तनाव, अमेरिकी चुनाव के परिणाम को लेकर अनिश्चितता और मुद्रास्फीति ने बाजारों पर दबाव डाला। साथ ही विक्रेता की उम्मीदों और खरीदार के मूल्यांकन के बीच बोली–मांग का अंतर भी बढ़ा।' सोनी ने कहा कि नवंबर में शुद्ध रूप से पीई/वीसी निवेश कुल 3.5 अरब डॉलर रहा, जो नवंबर, 2023 के 87.3 करोड़ डॉलर की तुलना में 297 प्रतिशत अधिक है। अक्टूबर, 2024 के 2.7 अरब डॉलर की तुलना में यह 27 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट कहती है, रियल एस्टेट और बुनियादी ढांचा परिसंपत्ति वर्ग में निवेश में एक साल पहले की तुलना में करीब 20 प्रतिशत की गिरावट आई है और नवंबर, 2024 में 56.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा है। हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए निवेश नवंबर में 1.6 अरब डॉलर के साथ अग्रणी सौदे के रूप में उभरा। इसके बाद स्टार्टअप निवेश 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

वर्ष 9, पूर्णांक 4093 अंक 243, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता–700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता–700 015 से मुद्रित।
सम्पादक– **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार–9874555256/7044444522, ई–मेल news@samagya.in